Page 11

खेल

जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 10

देश

आईपीएल में कम सैलरी पर रिंकू का गजब जवाब : 5-10 रूपए के लिए तरसा हूं...

दिल्ली हाईकोर्ट ने सत्येन्द्र जैन की याचिका पर ईडी को भेजा नोटिस, डिफॉल्ट बेल पर...

कृष्ण पक्ष, धनिष्ठा, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • बुधवार • 29 मई 2024 • वर्ष 26 • अंक 168 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

सोना चांदी

सोना	चांदी
10 ग्राम 24 कैरेट	1 किलो चांदी
₹72, 930	₹96,500

आज का इतिहास

- 1733 : क्यूबेक सिटी में भारतीय दासों को रखने के लिए कनाडाई का अधिकार बरकरार रखा गया।
- 1953 : न्यूजीलैंड के पर्वतारोही एडमंड हिलेरी और नेपाली-भारतीय शेरपामाउंटनर तेनजिंग नोर्गे शिखर माउंट एवरेस्ट पर पहुंचने वाले पहले लोग बने।

न्यूज बाइट्स

रेमल तूफान का बिहार में दिखा असर

पटना (नि. सं.)। रेमल तूफान रविवार की देर रात 135 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार के साथ बांग्लादेश और पश्चिम बंगाल के समुद्री तटों पर टकराया। इसका प्रभाव बिहार में भी दिखने को मिला। सोमवार को बिहार के नौ जिलों के 10 शहरों में मध्यम से हल्की स्तर की बारिश हुई। इस दौरान 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा भी चली। उत्तर बिहार, कोसी, सीमांचल व पूर्वी बिहार के ज्यादातर शहरों में बादल छाए रहे, जबकि पटना सहित अधिकतर शहरों के अधिकतम पारे में गिरावट आई।

6505 नियोजित शिक्षकों की नए स्कूलों में पदस्थापना की तैयारी

पटना (नि. सं.)। सक्षमता परीक्षा उत्तीर्ण नियोजित शिक्षकों की पोस्टिंग में शिक्षा विभाग जुट गया है। इसके लिए स्कूल आवंटन की कवायत तेज हो गई है। लोकसभा चुनाव की जारी प्रक्रिया चार जून को पूरी होने के साथ पहले चरण की सक्षमता परीक्षा में शामिल करीब 7000 शिक्षक शिक्षिकाओं में से उत्तीर्ण कुल 6505 की पोस्टिंग के लिए शहरी, कस्बाई, ग्रामीण से लेकर मुख्यालय से सुदूरवर्ती क्षेत्रों तक में पोस्टिंग के लिए 29 मई 2024 से रिक्तियां तैयार करने का कार्य जिला शिक्षा कार्यालय में शुरू हो जाएगा। सक्षमता परीक्षा में बेहतर अंक लाने वाले शिक्षक शिक्षिकाओं को शहरी क्षेत्र के स्कूलों में पदस्थापित किया जाएगा। लोकसभा चुनाव बाद इन शिक्षकों के पदस्थापन की प्रक्रिया शुरू होगी। इसको लेकर विभाग शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों के रिक्त पदों की अलग-अलग गणना कर के विभाग को रिपोर्ट सौंपने का आदेश है। इस संबंध में जिला शिक्षा कार्यालय को पूर्व में ही दिशा-निर्देश जारी हुए हैं। सक्षमता परीक्षा 2024 के लिए करीब 85 हजार आवेदन आए हैं। बिहार बोर्ड ने कहा है कि जिन शिक्षक अभ्यर्थियों का सक्षमता परीक्षा (प्रथम) में सफल होने के बाद ही प्रथम विकल्प का जिला आवंटित होने वाला है।

केजरीवाल की जमानत पर तत्काल सुनवाई से एससी का इनकार

पटना (नि. सं.)। सुप्रीम कोर्ट ने 28 मई को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर तत्काल सुनवाई करने से इनकार कर दिया। दिल्ली सीएम ने मेडिकल ग्राउंड पर एक जून तक मिली अंतरिम जमानत को 7 दिन बढ़ाने की मांग की थी। जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस केवी विश्वनाथन की वेकेशन बेंच ने कहा कि अंतरिम जमानत बढ़ाने का फैसला सीजेआई करेंगे, क्योंकि मुख्य मामले में केजरीवाल के खिलाफ फैसला सुरक्षित है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चुनावी जनसभा को किया संबोधित, कहा

भाजपा आदिवासियों, दलित और वंचित के लिए समर्पित : पीएम

निज संवाददाता | दुमका (झारखंड)

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि इंडिया गठबंधन के नफरती ऐजेंडे को उनकी सरकार सदैव फेल करता रहेगा और गरीब आदिवासी, दलित एवं पिछड़े वर्ग के हक को छिनने वाले भ्रष्टचारियों के खिलाफ 4 जून के बाद कार्रवाई और तेज होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को दुमका एयरपोर्ट मैदान में संताल परगना प्रमंडल के दुमका से भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन गोड्डा से निशिकांत दुबे और राजमहल से ताला मरांडी के पक्ष में आयोजित महा विजय संकल्प जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस और झामुमो पर जमकर निशाना साधा। इसी क्रम में उन्होंने अपने दस साल के कार्यकाल में दलित आदिवासी और गरीबों के कल्याण के लिए किये गये कार्यों और उपलब्धियों की विस्तार से चर्चा की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि झामुमो, कांग्रेस और राजद के नेता खुलेआम, बेशर्मी के साथ धमकी दे रहे हैं और कह रहे हैं कि मोदी को हटाना है, ताकि उनको फिर से घोटाले करने का मौका मिल सके। श्री मोदी ने कहा कि 4 जून के बाद भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई और तेज होगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन लोगों ने जमीनें हड़पने के लिए अपने माता-पिता का नाम बदल लिये। अब गरीबों और आदिवासियों की जमीन पर कब्जा किया जा रहा है। इन लोगों ने तो सेना की जमीन को भी लूट लिया। आपको झारखंड को इन लोगों से मुक्ति दिलानी ही होगी। उन्होंने कहा कि अब झारखंड में एक बड़ा संकट घुसपैठियों का हो गया है। हमारा ये संथाल परगना तो बहुत ज्यादा घुसपैठियों की चुनौती से जूझ रहा है। जिसके परिणामस्वरूप कई इलाकों में आदिवासियों की संख्या तेजी से कम हो रही है और घुसपैठियों की संख्या बढ़ रही है। आदिवासी बेटियों की सुरक्षा और उनका जीवन खतरे में पड़ गया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इंडी गठबंधन की देशविरोधी राजनीति का यह एक खतरनाक फॉर्मूला है। इनका फॉर्मूला है- घोर सांप्रदायिक राजनीति करो, घोर तुष्टीकरण की राजनीति करो, अलगाववादियों को संरक्षण दो, आतंकवादियों का बचाव करो और जो उसका विरोध करे, उस पर हिन्दू-मुसलमान करने का आरोप लगा दो। भाजपा दलित, वंचित और आदिवासियों के लिए समर्पित है, समर्पण और सेवा भाव से काम करती है। हमने आदिवासी कल्याण के लिए 4 गुणा से ज्यादा बजट बढ़ाया। हम जनजातीय इलाके में 400 से ज्यादा एकलव्य आवासीय विद्यालय बना रहे हैं। आदिवासी इलाकों में खनिज का पैसा आपके बच्चों के लिए खर्च हो, हमने इसके लिए कानून बनाया है। हमारी सरकार भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस मनाती है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि 2014 में जब आपने मोदी को आशीर्वाद दिया था। तब पूरा देश कांग्रेस के कुशासन से तंग आ चुका था। रोज-रोज घोटाले होते थे। कांग्रेस गरीबों के नाम पर पैसे लूटने में 24 गुणा 7 लगी हुई थी। मोदी ने आकर वो सब बंद कर दिया। जनता का पैसा आज जनता के हित में इस्तेमाल हो रहा है।

श्री मोदी ने कहा- संताल की ये धरती क्रांति की धरती है। ये देश के लिए जीने-मरने वालों की धरती है। इस धरती पर ये जनसैलाब और इतनी बड़ी संख्या में माताएं-बहनें हमें आशीर्वाद देने आई हैं। आपके आशीर्वाद ने ये पक्का कर दिया है कि देश में भाजपा नीत राजग की सरकार बनना तय है।

रेमल तूफान के कारण बारिश से पत्थर की खदान ढही

मिजोरम में लैंडस्लाइड से 17 की मौत

एजेंसी | आइजोल(मिजोरम)

पश्चिम बंगाल में रविवार (26 मई) को आए रेमल तूफान का असर अब नॉर्थ-ईस्ट में दिखने लगा है। मिजोरम में तूफान के कारण लगातार हो रही बारिश की वजह से मंगलवार सुबह 6 बजे आइजोल में एक पत्थर की खदान ढह गई। अब तक इसमें 17 लोगों की मौत हुई है। इनमें 4 साल का लड़का और 6 साल की लड़की शामिल है। दो लोगों का रेस्क्यू भी किया गया है।

मिजोरम के डीजीपी अनिल शुक्ला ने बताया कि अब तक 17 शव निकाले गए हैं। इनमें में 8 स्थानीय लोगों के हैं, जबकि 4 दूसरे राज्यों के हैं। बाकी शवों की पहचान की जा रही है। मलबे में 6-7 लोगों के दबे होने की आशंका है। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है, लेकिन तेज बारिश के कारण इसमें दिक्कतें आ रही हैं। इसके अलावा नॉर्थ-ईस्ट के एक अन्य राज्य असम में भी आज तेज हवाओं के साथ भारी बारिश हुई। मोरीगांव जिले में ऑटो रिक्शा पर पेड़ गिरने से एक कॉलेज स्टूडेंट की मौत हो गई। चार लोग घायल हो गए। सोनितपुर जिले में एक स्कूल बस पर पेड़ गिर गया, इसमें 12 बच्चे घायल हो गए। लगातार बारिश के कारण मिजोरम के सभी स्कूल और सरकारी दफ्तर आज बंद कर दिए गए हैं। प्राइवेट कंपनियों को अपने कर्मचारियों से घर से काम करवाने के लिए कहा गया है। राज्य में कई और जगह भी लैंडस्लाइड हुए हैं। इसमें दो लोगों की मौत हुई। आइजोल के सलेम वेंग में लैंडस्लाइड के बाद एक इमारत पानी के साथ बह गई, जिसके बाद तीन लोग लापता हैं। पुलिस ने बताया कि हुनथर में नेशनल हाईवे-6 पर लैंडस्लाइड के कारण आइजोल देश के बाकी हिस्सों से कट गया है। राज्य के भीतर कई स्टेट हाईवे भी बंद हैं। लगातार बारिश से नदियों का जल स्तर भी बढ़ रहा है। नदी के किनारे के इलाकों में रहने वाले कई लोगों को हटा दिया गया है। मुख्यमंत्री लालदुहोमा ने राज्य में खराब मौसम को लेकर इमरजेंसी बैठक बुलाई है।

आईएमडी ने 30 मई तक भारी बारिश का अलर्ट जारी किया

मौसम विभाग के मुताबिक, सोमवार दोपहर तक तूफान रेमल कमजोर होकर गहरे दबाव क्षेत्र में बदल गया। हालांकि, भारत के पूर्वोत्तर राज्यों में सोमवार से साइक्लोन का असर शुरू हो गया। असम सहित पूर्वोत्तर के कुछ राज्यों में सोमवार से बारिश जारी है। गुवाहाटी में कल 14 और त्रिपुरा में 11 उड़ानें रद्द हुईं। आईएमडी ने पश्चिम बंगाल, असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम में 30 मई तक भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। असम और मेघालय में 29 और 30 मई को बहुत भारी बारिश की आशंका है।

आयुर्वेद के भविष्य के लिए "प्रगति-2024" शुरू

नई दिल्ली (ए.)। केंद्रीय आयुर्वेदिक विज्ञान अनुसंधान परिषद ने मंगलवार को 'प्रगति- 2024' (आयुर्ज्ञान और तकनीकी नवाचार में फार्मा अनुसंधान) कार्यक्रम का शुभारंभ किया जो आयुर्वेद के विस्तार और विकास के लिए समर्पित है।

बिहार में अंतिम चरण की सीटों पर एक जून को होगा मतदान

निज संवाददाता | पटना

लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। जिले के 16 थाना क्षेत्रों में जहां 24 नाके बनाए गए हैं तो वहीं वाहनों की सघन जांच के लिए 214 स्थानों पर चेक पोस्ट बनाया गया है। नाकों पर चौबीस घंटे पुलिस मौजूद रहेगी। चेक पोस्ट वाहनों की जांच तेज कर दी गई है। इसके साथ ही जिले के दो दर्जन से अधिक थाना क्षेत्रों में पुलिस ने फ्लैग मार्च किया। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर दीघा में तीन, पाटलिपुत्र में तीन, बुद्धा कालोनी में पा इसी तरह नगर पुलिस अनुमंडल के पीरबहोर में तीन, गांधी मैदान क्षेत्र में सात, कदमकुआं में चार चेक पोस्ट, सचिवालय पुलिस अनुमंडल के सचिवालय क्षेत्र में चार, गर्दनीबाग में पांच, हवाई अड्डा में चार, श्रीकृष्णापुरी में चार, शास्त्रीनगर में सात चेक पोस्ट बनाए गए है। इसी तरह बख्तियारपुर थाना क्षेत्र में चार, फतुहा में चार, खुसरूपुर में पांच, दीदारगंज में दो, शाहजहांपुर में एक, दनियावा में तीन, नदी थाना क्षेत्र में तीन स्थानों पर वाहनों की जांच के लिए चेक पोस्ट बनाया गया है।

इसी तरह मसौढ़ी पुलिस अनुमंडल के मसौढ़ी में चार चेक पोस्ट, धनरुआ में छह चेक पोस्ट, भगवानगंज में एक चेक पोस्ट, कादिरगंज में तीन चेक पोस्ट, पुनपुर में छह चेक पोस्ट, पिपरा में आठ चेक पोस्ट बनाया गया है।

भारत-नेपाल सीमा पर एसएसबी ने की कार्रवाई

एसएसबी ने 129 किलो गांजा के साथ दो तस्कर को किया गिरफ्तार

निज संवाददाता | अररिया

भारत-नेपाल सीमा पर इन दिनों गांजा तस्करी में काफी बढ़ोतरी देखी जा रही है। वहीं, सीमा पर तैनात एसएसबी को गाहे बगाहे जब सूचना मिलती है तो तस्करों की गिरफ्तारी के साथ-साथ गांजा भी बरामद किया जाता है। इसी क्रम में वाहिनी के बाहरी सीमा चौकी कुशमाहा क्षेत्र में भारत-नेपाल सीमा स्तंभ संख्या 177 के पास बिशनपुर में 129 किलो गांजा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार तस्करों की पहचान भारत के जागीर पलासी सोनामणि गोदाम निवासी कमल यादव और नेपाल के बुद्धनगर निवासी सागर यादव के रूप में की गई है। यह कार्रवाई कुशमाहा बीओपी के इंस्पेक्टर प्रवीण प्रभाकर के नेतृत्व में जवानों ने गुप्त सूचना के आधार पर की। इस आशय की जानकारी बीओपी कैंप कमांडर ने दी। गिरफ्तार तस्करों से पूछताछ कर आगे की कार्रवाई के लिए जोगबनी थाने को सौंप दिया गया है। ताकि की पुलिस की पूछताछ में तस्करी के नेटवर्क से जुड़े और लोगों की जानकारी प्राप्त की जा सके। इस अभियान में सीमांत दास, धर्मेंद्र यादव, संतोष कुमार गुप्ता, मो। खुर्शीद आलम, राजीव राय, बिनोद गणाचारी आदि शामिल थे।

नेपाल से भारत में की जा रही थी तस्करी

बीओपी कैंप कमांडर ने बताया कि सूचना मिली थी कि नेपाल से तस्कर गांजा की बड़ी खेप लेकर भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करने वाले हैं। सूचना मिलते ही सीमा पर जवानों के साथ विशेष चौकी स्थापित की गई। कुछ देर बाद जैसे ही तस्कर गांजा लेकर भारतीय सीमा में दाखिल हुआ, जवानों ने तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार तस्करों के पास से जो 129 किलो गांजा बरामद हुआ है, अंतर्राष्ट्रीय बाजार में उसकी कीमत बहुत अधिक है।

बिहार सरकार स्वास्थ्य विभाग एवं स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय द्वारा मान्यता प्राप्त

श्री राज नर्सिंग एंड पारा मेडिकल इंस्टीच्यूट

मीठापुर बस स्टैंड रोड, जक्कनपुर पुलिस थाना के पास, पटना

Paramedical Course
» BPT » BOT
» BMLT » BHM
Students Credit Card Facility Available

Nursing Courses
» B.Sc. Nursing
» GNM
» ANM
Registration for Session 2024

प्रशिक्षण हेतु संस्थान का अपना आधुनिक अस्पताल

Ph. 0612-2360081, 9155558888, 9162413233

E-mail: srthospital@gmail.com, Web : www.biharparamedical.org

केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा पटना साहिब संसदीय क्षेत्र में मतदाता जागरूकता अभियान तीसरे दिन भी जारी

निज संवाददाता | पटना

भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो पटना इकाई द्वारा पटना साहिब संसदीय क्षेत्र में चलाए जा रहे चार दिवसीय विशेष मतदाता जागरूकता अभियान का दिनांक 28 नई 2024 को तीसरा दिन था । इस अवसर पर नगर ने गांधी मैदान परिसर में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय संचार ब्यूरो पटना द्वारा विशेष हस्ताक्षर अभियान, स्टैंडी तथा अन्य प्रचार सामग्रियों का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर आम जनता से बढ़ चढ़ कर आगामी एक जून को मतदान करने की अपील की गई। आपसी परिचर्चा कार्यक्रम द्वारा केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा आम जनता को आगामी एक जून को पटना साहिब तथा पाटलिपुत्र लोक सभा क्षेत्र में होने वाले लोक सभा मतदान के प्रति जागरूक किया गया। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी प्रकाश कुमार सिंह ने मतदान की प्रक्रिया तथा मतदाता जागरूकता के लिए किए जा रहे प्रयासों की विस्तार से चर्चा की। विशेष रूप से युवा, महिला, वृद्धजनों तथा दिव्यांग मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी अभिषेक कुमार ने कहा कि चुनाव आयोग प्राप्त आंकड़ों के आधार पर यह मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

बिहार बोर्ड 10वीं, 12वीं कंपार्टमेंटल के नतीजे जल्द होगा जारी

नई दिल्ली (ए.)। बिहार बोर्ड से 10वीं एवं 12वीं के ऐसे छात्र जिन्होंने पास होने के लिए कम्पार्टमेंट एग्जाम में भाग लिया था उनके लिए महत्वपूर्ण अपडेट है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा जल्द ही बीएसईबी 10वीं एवं 12वीं कम्पार्टमेंट परिणाम 2024 की घोषणा की जा सकती है। इसके बाद स्टूडेंट्स मांगे गए लॉग इन क्रेडेंशियल दर्ज करके अपने नतीजे की जांच कर सकेंगे। बिहार बोर्ड की ओर से 10वीं कक्षा के लिए कंपार्टमेंटल एग्जाम का आयोजन 4 मई से 11 मई तक किया गया था वहीं 12वीं कक्षा के लिए एग्जाम का आयोजन 29 अप्रैल से 11 मई तक किया गया था।

BAYC Institute स्थापित : 1972

बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज

गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7

नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

डॉक्टर बनें — एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन

DIPLOMA COURSE: DAT Acupressure Theapy | DAYS Acupressure Yoga Science | DY अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th Yoga | DEMS अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th Electrohomeopathy Medicine Science

DEGREE COURSE: MBBA Bachelor of Magnet & Acupressure | BAYS अवधि : 03 वर्ष योग्यता : 10+2 Bachelor of Acupressure Yoga Science | BEMS Bachelor of Electrohomeopathy Medicine Science | MBAS अवधि : 4½ वर्ष योग्यता : 10+2 Bachelor of Medicine in ALT. Science | MD (Acu Yoga) | MD (TM) अवधि : 01 वर्ष योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट | MD (EH) अवधि : 02 वर्ष योग्यता : BEMS

PROFESSIONAL: BA (Yoga) | MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL: BA | MA HINDI | POLITICAL SCIENCE SOCIOLOGY | HISTORY

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised

Direct Admission | Regular Classes | Online Classes | Experienced Faculties

» एक्यूप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि |

डॉ. अजय प्रकाश
सचिव

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं|

Apply Online : www.bayc.in

डॉ. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष

9572607696, 9304942855, 9334278279

परीक्षा सूचना : एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रो होमियोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन, हर्बल मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिकल कोर्स की परीक्षा शीघ्र प्रारम्भ होने वाली है | सम्बंधित छात्र/छात्राएं कॉलेज कार्यालय में संपर्क करें |

Email : baycpatna@gmail.com | Website : www.indianacupressure.com

रोहिणी नक्षत्र के साथ धृति योग का बना रहेगा संयोग, विधि-विधान के साथ होगी वट वृक्ष का पूजन

छह जून को सुहागिन करेंगी वट सावित्री व्रत, तीन मुहूर्त सबसे ज्यादा अहम

- हिंदू पंचांग के अनुसार ज्येष्ठ अमावस्या तिथि पांच जून को शाम 7.54 बजे से आरंभ होगी। तिथि का समापन छह जून को शाम 6.07 मिनट पर होगा। उदया तिथि को देखते हुए वट सावित्री व्रत छह जून को मनेगा।

निज संवाददाता | पटना

अखंड सौभाग्य की कामना को लेकर सुहागिन छह जून गुरुवार को ज्येष्ठ कृष्ण अमावस्या युक्त रोहिणी नक्षत्र व धृति योग में वट सावित्री का व्रत करेंगी। इस दिन वट की वृक्ष की पूजा कर महिलाएं देवी सावित्री के त्याग, पति प्रेम और पतिव्रत धर्म का स्मरण करेंगी। व्रत स्त्रियों के लिए सौभाग्य वर्धक, पापहारक व धन-धान्य प्रदान करने वाला होता है। वट वृक्ष में ब्रह्मा, शिव, विष्णु व सावित्री विराजमान रहती हैं। ज्योतिष आचार्यों के अनुसार, वट सावित्री के दिन सूर्य पुत्र शनि की जयंती मनेगी। हिंदू पंचांग के अनुसार, ज्येष्ठ अमावस्या तिथि पांच जून को शाम 7.54 बजे से आरंभ होगी। तिथि का समापन छह जून को शाम 6.07 मिनट पर होगा। उदया तिथि को देखते हुए वट सावित्री व्रत छह जून को मनेगा। वैदिक ग्रंथों में वट वृक्ष को अमूल्य बताया गया है। इसकी जड़, छाल, पत्ता, दूध, छाया मनुष्यों के साथ जीव-जंतुओं के लिए जीवन रक्षक माना गया है।

वट सावित्री व्रत के तीन मुहूर्त

पूजन मुहूर्त : गुली काल : सुबह 8.24 बजे से 10.06 बजे तक

अभिजीत मुर्हूत : सुबह 11.21 बजे से दोपहर 12.16 बजे तक

चर लाभ अमृत मुर्हूत : सुबह 10.06 बजे से दोपहर 3.13 बजे तक

संक्षिप्त समाचार

जिला जज ने केंद्रीय कारा का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

गया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश मदन किशोर कौशिक एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार आशीष कुमार अग्निहोत्री ने केंद्रीय कारा गया का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया । जिला जज ने कारा में स्वच्छता, साफ-सफाई, शौचालय की स्थिति, पानी की आवश्यकता जैसे मूलभूत सुविधाओं के संबंध में फीड बैक लिया तथा उसे दुरुस्त करने का निर्देश जेल प्रशासन को दिया। उन्होंने महिला बैरक में महिला बंदियों को कारा में मिलने वाली सुविधाओं के संबंध में पूछताछ किया ।उन्होंने पुरुष वार्डों का निरीक्षण कर कैदियों की समस्याओं को भी सुना। किशोर कैदियों को चिन्हित कर उसकी लिस्ट अविलम्ब प्राधिकार को सौंपने का निर्देश दिया उन्होंने जेल लीगल एड क्लिनिक द्वारा बंदियों को मिलने वाली निःशुल्क विधिक सेवाओं के संबंध में पूछताछ की । मौके पर जेल सुपरिटेंडेंट विजय अरोड़ा एवं जेलर राघवेंद्र प्रताप सिंह भी मौजूद थे ।

अहिल्याबाई की जयंती पर स्मारिका का होगा विमोचन

गया। शहर के विष्णुपद स्थित राजस्थान भवन में सोमवार को महारानी अहिल्याबाई होल्कर विचार मंच की बैठक अध्यक्ष डॉ. सच्चिदानंद प्रेमी की अध्यक्षता में हुई। इसमें 31 मई को महारानी अहिल्याबाई होल्कर की 299 वीं जयंती की तैयारी की समीक्षा की गई। सदस्यों ने बताया कि जयंती को यादगार बनाने के लिए लॉजिंग हाउस कमेटी कार्यालय में स्थित महारानी अहिल्याबाई होल्कर स्मारक स्थल का रंग-रोगन व लाइटिंग का कार्य होगा। वहीं अहिल्याबाई की जीवनी पर स्मारिका प्रकाशन की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। जयंती के अवसर पर अतिथियों द्वारा 36 पृष्ठ का स्मारिका लोकार्पण किया जाएगा।

सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक मालवाहक वाहन के बाजार में प्रवेश पर रोक

कतरीसराय। स्थानीय बाजार में हमेशा लोगों को जाम से जूझना पड़ता था। दुकान के आगे सामान रखकर सड़क पर अतिक्रमण करने तथा बड़ी गाड़ियों के प्रवेश से हमेशा जाम लगा रहता था। जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए थानाध्यक्ष सत्यम तिवारी ने सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक मालवाहक वाहन के प्रवेश पर रोक लगा दिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि नो इंट्री के समय बाजार में ट्रक, ट्रेलर, ट्रैक्टर आदि मालवाहक वाहन को बाजार में घुसने पर रोक लगा दिया गया है। उन्होंने बताया कि निर्धारित समय से पूर्व मालवाहक वाहन को बाजार में घुसने पर कार्रवाई की जायेगी। अगर दुकानदार दिन में बाजार में गाड़ी खड़ी कर सामान उतारने या चढ़ाने का काम करते हैं तो दुकानदार तथा वाहन चालक खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

नशे में हंगामा करते पांच नशेड़ी हुए गिरफ्तार

सरमेरा। स्थानीय पुलिस ने थाना क्षेत्र के अहियापुर गांव से 5 नशेड़ी को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार नशेड़ी थाना क्षेत्र के मोगलाचक गांव निवासी 36 वर्षीय अनंत कुमार, 32 वर्षीय उपेंद्र केवट, 25 वर्षीय रज्जू केवट, 30 वर्षीय गौरी केवट और अहियापुर गांव निवासी 34 वर्षीय पंकज कुमार है। थानाध्यक्ष ने बताया कि सभी बदमाश अहियापुर गांव में नशे की हालत में हुड़दंग मचा रहा था। गश्ती पुलिस ने सभी को पकड़कर थाने ले आयी। मेडिकल जांच में शराब सेवन की पुष्टि होने पर न्यायालय को सुपुर्द कर दिया गया।

जनता दरबार लगा नगर आयुक्त लोगों की सुन रहीं फरियाद

गया। शहर की जनता आय दिन विभिन्न समस्याओं को लेकर नगर-निगम पहुंचती है। कई बार उनके आवेदन पर त्वरित कार्रवाई नहीं हो पाती। इन्हीं मामलों के मद्देनजर नगर-आयुक्त अभिलाषा शर्मा अब खुद लोगों की समस्याओं को सुन रही हैं। इसी कड़ी में उन्होंने बीते शनिवार को जनता दरबार भी लगाया था। जिसमें लगभग 25 लोग सेवांत लाभ, पेंशन, होल्डिंग टैक्स, अतिक्रमण, अनाधिकृत निर्माण आदि का मामला लेकर पहुंचे थे। जनता की शिकायत सुनकर नगर-आयुक्त ने उनके आवेदनों को संबंधित पदाधिकारी या कर्मचारी को दी और त्वरित अग्रेतर कार्रवाई का निर्देश दिया।

बिजली के लिए गुहार लगा रहे थे डॉक्टर हड़ताल करते समस्या का हुआ समाधान

गया। मगध प्रमंडल के सबसे बड़े अस्पताल अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल में सोमवार को एक पुरानी कहावत चरितार्थ होते दिखी। दरअसल अस्पताल के पीजी ब्वायज हॉस्टल सहित एक अन्य हॉस्टल में पिछले छह दिनों से विद्युतापूर्ति बाधित रहने के कारण अस्पताल के चिकित्सक काफी परेशानियों का सामना कर रहे थे। इसकी सूचना जूनियर डॉक्टरों ने कई बार अस्पताल व कॉलेज प्रबंधन को दी। बावजूद उनकी समस्याओं का कोई समाधान नहीं किया। थक हार कर सोमवार को जूनियर डाक्टरों ने आक्रोशित होकर आंदोलन का रुख अख्तियार कर लिया। और अस्पताल की ओपीडी सेवा को बाधित कर दिया। इस घटना से अस्पताल पहुंचे मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा। दरअसल, अस्पताल अधीक्षक और कॉलेज के प्राचार्य का घेराव कर हॉस्टल में छह दिनों से बाधित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कराने की मांग कर रहे थे। उग्र जूनियर डॉक्टरों का कहना था कि पिछले छह दिनों से पीजी बॉयज हॉस्टल और न्यू बॉयज हॉस्टल-2 में बिजली की आपूर्ति नहीं हो रही है। इस वजह से यहां रह रहे करीब सौ की संख्या में जूनियर डॉक्टरों को पीने के पानी से लेकर शौच जाने तक के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार इसकी जानकारी संबंधित अधिकारियों को दी गई। लेकिन, वे इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन के डॉ. सूरज प्रकाश ने बताया बिजली आपूर्ति नहीं किए जाने के कारण सभी चिकित्सक परेशान हैं। मेस बंद हो गया है। इन दोनों हॉस्टल में रहने वाले सहकर्मी दूसरे हॉस्टल से अपना काम किसी तरह चला रहे हैं। एएनएमएमसीएच के प्राचार्य और अधीक्षक से मिलकर जूनियर डॉक्टरों के एक शिष्टमंडल ने उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराया। चिकित्सकों की हड़ताल के बाद कॉलेज प्रशासन द्वारा तत्काल इसकी सूचना विद्युत विभाग को दी गई। इसके बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल 200 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगा कर विद्युतापूर्ति शुरु कर दी गई।

दुकान का ताला तोड़ चोरी, दूसरे दुकान में भी चोरी का असफल प्रयास

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा के बिहार शरीफ में बदमाशों ने दुकान का दरवाजा तोड़कर कीमती सामानों की चोरी कर ली। मामला सोहसराय थाना क्षेत्र के कॉलेज रोड धर्मशाला स्तिथ न्यू मार्केट की है। मामले का खुलासा मंगलवार को हुआ है। चोरी की घटना मथुरासिनी बर्तन दुकान में हुई है जबकि, सरस्वती पुस्तक भंडार नामक दुकान का दरवाजा तोड़ने और ताला तोड़ने का प्रयास किया गया है। हालांकि चोर इस प्रयास में सफल नहीं हुआ। मथुरासनी बर्तन दुकान के संचालक धर्मेश नवादिया ने बताया कि रात में वह दुकान बंद कर अपने घर चले गए थे। सुबह उन्हें सूचना मिली कि उनके दुकान में चोरी हो गई है। सूचना मिलने पर जब वह दुकान पहुंचे तो देखा कि दुकान का दरवाजा टूटा हुआ है। इसके उपरांत उन्होंने जब दुकान के अंदर झांक कर देखा तो कीमती बर्तन गायब थे और सारा सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा हुआ था। बदमाशों ने करीब सवा लाख रुपए की संपत्ति की चोरी कर ली। इसके उपरांत घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी गई। पॉश इलाके में हुई चोरी की इस घटना के बाद बाजार वाशियों में आक्रोश पनप रहा है। चुनाव में अब महज कुछ दिन ही शेष रह गए हैं। ऐसे में पुलिस मुस्तैदी पर सवाल खड़ा हो रहा है।

क्या बोली पुलिसः सोहसराय थाना अध्यक्ष राजमणि बताया कि चोरी की घटना की सूचना मिलने के उपरांत पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और मामलें की जांच में जुट गई है। आसपास लगे सीसीटीवी से बदमाशों की पहचान की जा रही है। जल्द ही चोरी की घटना में संलिप्त बदमाशों की गिरफ्तारी कर मामले का उद्वेदन कर लिया जाएगा।

करंट लगने से किशोर की मौत

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में मंगलवार को एक किशोर की करंट के संपर्क में आने से मौत हो गई। मामला नूरसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत कोकलम चक गांव का है। मृतक की पहचान कोकलम चक गांव निवासी रंजू मांझी का बेटा मनीष कुमार (12) के रूप में किया गया है। घटना के संबंध में किशोर के परिजन ने बताया कि मनीष कुमार घर से बाहर खेलने के लिए निकला था। रास्ते में ही वह बिजली के खंभे में लगी अर्थ वायर के संपर्क में आ गया। जिसके कारण वह गंभीर रूप से झुलस गया। इसके बाद आनन फानन में उसे इलाज के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के उपरांत डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

क्या बोली पुलिसः मौत की पुष्टि के उपरांत परिजनों में कोहरा मच गया। परिवार वालों के चित्कार से अस्पताल परिसर गमगीन हो गया। मनीष अपने अन्य साथियों के साथ घर के बाहर ही खेल रहा था। इसी बीच बिजली के खंभे से लटका अर्थ वायर के संपर्क में वह आ गया। और गंभीर रूप से झुलस गया। वहीं इस मामलें में नूरसराय थाना अध्यक्ष रजनीश कुमार ने बताया कि करंट के संपर्क में आने से मौत की सूचना पर पुलिस अस्पताल पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के उपरांत परिजनों को सुपुर्द करा दिया है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

आदर्श नगर में विराजेंगी मां दुर्गा, बनाई गई समिति, देवी स्थान की बढ़ेगी महत्ता

निज संवाददाता। हरनौत

नगर पंचायत के आदर्श नगर स्थित देवी स्थान परिसर में इस वर्ष से बड़ी दुर्गा मां विराजेंगी। इसके लिए श्री श्री बड़ी दुर्गा पूजा समिति का गठन किया गया है। आरपीएस कॉलेज के प्रिंसिपल व स्थानीय निवासी डॉ. उपेंद्र कुमार सिन्हा को इस समिति का अध्यक्ष बनाया गया है।समिति के उपाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार व चंद्र उदय कुमार ने बताया कि इस देवी स्थान का इतिहास काफी पुराना है। पुर्वजों ने जमीन व धन दान कर आने वाली पीढ़ियों की सुरक्षा व सुख-समृद्धि के लिए इसकी स्थापना की थी। उन्होंने इसके निर्माण में श्रमदान भी किया था।आज भी हरनौत बाजार क्षेत्र में कहीं कोई मांगलिक कार्यक्रम बगैर देवी स्थान में पूजा के संपन्न नहीं होती है। शादी-विवाह अथवा धार्मिक अनुष्ठान में वर-वधु व पुजारी यहां आशीर्वाद लेने जरूर आते हैं। बावजूद इसके यह प्रशासनिक रूप से उपेक्षित है। इसी को देखते हुए मोहल्ले के बुद्धिजीवियों ने रविवार की देर शाम देवी स्थान परिसर में बैठक की। इसकी महत्ता के साथ भव्यता के लिए परिसर में बड़ी दुर्गा मां की प्रतिमा स्थापना का निर्णय लिया गया। प्रतिमा आश्विन मास में नवरात्र के दौरान स्थापित की जायेगी। विधि-विधान से उनकी पूजा और पाठ होगा। यहां मेला का आयोजन भी किया जायेगा।

जहानाबाद लोकसभा के लिए 317710 मतदाता करेंगे मतदान, 1 जून को 338 बूथों पर होगी वोटिंग

निज संवाददाता। गया

❒ शांति व्यवस्था बनाने के लिए फ्लैग मार्च

1 जून को गया जिले के 317710 मतदाता जहानाबाद लोकसभा के लिए मतदान करेंगे। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के 7वें चरण (अंतिम चरण) जहानाबाद संसदीय क्षेत्र अंतर्गत गया। जिला के अतरी विधानसभा क्षेत्र में 1 जून को मतदान होना है। इस दौरान गया जिले के 317710 मतदाता मतदान करेंगे। वोटिंग 338 बूथों पर होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी (डीएम) डॉ. त्यागराजन एसएम ने बताया कि 30 मई को पार्टी मिलान में होगा। उसके बाद 31 मई को पी1, पी2, पी3 पुलिस पदाधिकारी और पुलिस बल का मिलान होगा। साथ ही सभी सीधे बूथ के लिए वाहन से रवाना कराए जाएंगे। 30 मई को ही डिस्पैच सेन्टर पर मेटेरियल का भी वितरण किया जाएगा। उसी दिन वाहन कोषांग की ओर से मतदान केंद्रों के लिए वाहन अलॉट किए जाएंगे। डिस्पैच सेन्टर पर पुनः ईवीएम की हैंड्स ऑन ट्रेनिंग दी जाएगी, ताकि जो भी थोड़ी बहुत डाउट रहे, उपस्थित मास्टर ट्रेनर समाधान कर सके। सभी मतदान दल को 01-01 कम्युनिकेशन प्लान का एक सिंगल शीट दिया जाएगा, जिसमें सभी प्रकार का दूरभाष नंबर लिखा रहेगा।

कर्मियों के लिए सुविधा का होगा इंतजामः डीएम ने बताया कि डिस्पैच सेन्टर पर मतदान से जुड़े सभी कर्मियों, पुलिस अधिकारी के बैठने की इंतजाम है। गर्मी को देखते हुए ठंडा पानी की पुख्ता व्यवस्था रखें। चुनाव में लगने वाले वाहनों पर बड़े अक्षरों में बूथ नंबर और बूथ का नाम हो। हीट वेब से बचाव संबंधित गाइडलाइन का पूरी तरह पालन। ors की पूरी व्यवस्था सभी कर्मी के लिए किया गया है। अतरी विधानसभा में 120 बस और 100 पिकअप वाहन को चुनाव के लिए तैयार रखा गया है। भीषण गर्मी को देखते हुए मतदाता के लिए भी उनके बूथ पर ठंडे पानी की व्यवस्था की गई है। उनके लिए शेड का भी निर्माण कराया जा रहा है। ताकि गर्मी से मतदाता को परेशानी का सामना न करना पड़े।

ड्रोन की भी मदद ली जा रहीः वरीय पुलिस अधीक्षक आशीष भारती ने बताया कि जहानाबाद लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत पड़ने वाले गया जिला के अतरी विधानसभा क्षेत्र में भयमुक्त, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण माहौल में चुनाव संपन्न कराने के लिए अतरी विधानसभा क्षेत्र के सभी थानों की ओर से अपने-अपने थाना क्षेत्रों में केंद्रीय पुलिस बल के सहयोग से फ्लैग मार्च और एरिया डॉमिनेशन जा रहा है। इस काम में ड्रोन की भी मदद ली जा रही है।

रांची के बीयर बार में मर्डर करने वाला आरोपी गिरफ्तार, गया के केसपा गांव में 4 आरोपी छिपे थे

निज संवाददाता। गया

❒ चार थानों की पुलिस ने अरेस्ट किया

रांची में रविवार रात पांच युवक बीयर बार में शराब पी रहे थे। इसी दौरान डीजे संदीप उर्फ सैंडी और बार के दूसरे स्टाफ से विवाद हुआ। विवाद के दौरान ही डीजे संचालक की गोली मारकर हत्या कर दी और मौके से फरार हो गए। सोमवार को झारखंड पुलिस ने गया पुलिस की मदद से अलीपुर थाना क्षेत्र के केसपा गांव से मुख्य आरोपी अभिषेक सिंह समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। हालांकि, एक आरोपी अब भी फरार है। पुलिस ने बताया कि घटना को अंजाम देने के बाद अभिषेक केसपा गांव में छिपा था। अभिषेक को पकड़ने के लिए झारखंड पुलिस के अलावा गया जिले की टिकारी, अलीपुर, मऊ और कोंच थाने की पुलिस ने छापेमारी की और अभिषेक समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभिषेक सिंह पटना जिले के पुनपुन के अकौना का रहने वाला है। इसके साथ ही राहुल और किशन छपरा के रसुलपुर का रहने वाला है। वहीं, अनीस सीवान जिले के एसएम पुलिस कॉलोनी का रहने वाला है। एक आरोपी अनवर फरार है, जो पटना के फुलवारी का रहने वाला है।

वाहन चेकिंग के दौरान भागने लगा आरोपीः घटना की सूचना मिलने के बाद झारखंड पुलिस आरोपियों को पीछा कर रही थी। इसी दौरान गया SSP आशीष भारती से मदद मांगी। फिर SSP के निर्देश पर पूरे जिले की नाकेबंदी कर वाहन चेकिंग शुरू किया गया। वाहन चेकिंग के दौरान अलीपुर थाने के पास एक कार को रुकने के लिए हाथ दिया तो चालक कार लेकर भगाने लगा। इसके बाद पुलिस कार को पीछा करने लगी तो कार सवार सभी लोग कार छोड़कर भागने लगे और केसपा गांव में छिप गए। फिर पुलिस ने गांव के लोगों की मदद ली और सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार आरोपियों को झारखंड पुलिस को सौंप दियाः SSP आशीष भारती ने बताया कि आरोपी अभिषेक सिंह समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। एक आरोपी फरार है, जिसकी गिरफ्तारी को लेकर कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ करने के बाद झारखंड पुलिस को सौंप दिया है। झारखंड पुलिस सभी आरोपियों को अपने साथ रांची ले गई है।

हथियार के साथ एक अपराधी गिरफ्तार

निज संवाददाता। नालंदा

♦ इलाके में वर्चस्व और दहशत फैलाने के लिए कर रहा था फायरिंग, तलाशी में कारतूस भी बरामद

नालंदा की नूरसराय पुलिस ने एक अपराधी को हथियार कारतूस के साथ पकड़ा है। अपराधी बेना थाना क्षेत्र के सिहुली गांव निवासी रज्जन यादव का पुत्र विनोद यादव है। वह वर्तमान में नूरसराय थाना क्षेत्र के अघेरापर (दिरीपर) गांव में रहता है। नूरसराय थाना अध्यक्ष रजनीश कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि नूरसराय थाना अंतर्गत सुल्तानपुर गांव में एक व्यक्ति दहशत और भय फैलाने के उद्देश्य से फायरिंग कर रहा है। नूरसराय पुलिस ने रज्जन यादव के पुत्र विनोद यादव को हथियार-कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया।

आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्जः विनोद यादव के पास से एक देसी पिस्तौल, दो जिंदा कारतूस और एक खोखा बरामद किया गया है। विनोद यादव के खिलाफ नूरसराय थाना में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया गया है। छानबीन के बाद पता चला है कि इलाके में अपने वर्चस्व को जमाने के लिए फायरिंग कर रहा था। छापेमारी टीम में नूरसराय थाना अध्यक्ष रजनीश कुमार, चौकीदार राजेश कुमार, राहुल पटेल समेत सशस्त्र पुलिस बल शामिल रही।

3100 स्कूलों में मिशन दक्ष की आज होगी विशेष परीक्षा

निज संवाददाता। गया

जिले के 3100 से अधिक प्रारंभिक विद्यालयों में मंगलवार को मिशन दक्ष की विशेष परीक्षा होगी। इसमें कक्षा तीन, चार, छह और कक्षा सातवीं के 72 हजार 88 बच्चे शामिल होंगे। 21 मई से पांचवीं और आठवीं के विद्यार्थियों के लिए शुरू हुई पूरक परीक्षा को बनाए गए नियंत्रण कक्ष और अनुश्रवण दल में शामिल पदाधिकारी व कर्मी ही मिशन दक्ष के स्पेशल एग्जाम की मॉनिटरिंग करेंगे। विद्यालय अवधि में परीक्षा ली जाएगी। एससीईआरटी इस परीक्षा के लिए प्रश्न पत्र तैयार किए हैं। परीक्षा के बाद उत्तर पुस्तिका की जांच दूसरे स्कूलों में की जाएगी। उसके बाद मूल्यांकन रिपोर्ट संबंधित प्रखंड संसाधन केंद्र में समेकित किया जाएगा। जिला कार्यक्रम पदाधिकार प्राथमिक शिक्षा व सर्व शिक्षा अभियान दुर्गा यादव ने परीक्षा के सफल संचालन के लिए कई आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। बता दें कि 21, 22 और 27 मई को पांचवीं और कक्षा आठवीं के बच्चों की पूरक परीक्षा हुई। जबकि 28 को इन बच्चों का अंतिम पेपर सृजनात्मक गतिविधियां है। बता दें कि गर्मी की छुट्टी में शिक्षा विभाग के मिशन दक्ष कार्यक्रम के तहत एक अप्रैल से 15 मई तक विशेष कक्षा का संचालन किया गया। इस परीक्षा में कक्षा तीन के 18 हजार 312, कक्षा चार 18 हजार 565, छह 17 हजार 868 और कक्षा सातवीं के 17 हजार 340 छात्र-छात्राएं शामिल होंगे।

डेंटल कॉलेज में तैनात कर्मचारियों ने वेतन सहित मांगों को लेकर किया धरना-प्रदर्शन

निज संवाददाता। रहुई

राजकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल में एजेंसी के माध्यम से कार्यरत कर्मियों ने मांगों को लेकर सोमवार को धरना प्रदर्शन किया। धरना-प्रदर्शन में 17 सफाई कर्मी, 26 गार्ड, 2 ऑपरेटर और 25 अन्य पद पर कार्यरत समेत कुल 70 कर्मी शामिल थे। कर्मी अंकित राज, रामप्रवेश, शिव पासवान आदि ने बताया कि पिछले 8 महीने से कर्मियों का वेतन भुगतान नहीं किया गया है। जिसके वजह से सभी कर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं।

छह माह के वेतन ले भाग गया फ्रंट लाइन कंपनीः कर्मियों ने बताया कि दो वर्ष पहले फ्रंट लाइन कंपनी द्वारा सभी की नियुक्ति की गई थी। कंपनी 6 महीने का वेतन लेकर भाग गई है। फ्रंट लाइन कंपनी के भाग जाने के बाद शिवा कंपनी द्वारा दिन-रात काम लिया जा रहा है। शिवा कंपनी द्वारा दो महीने से वेतन का भुगतान नहीं किया गया है। ठेकेदार को बार-बार आवेदन देने के बावजूद भी कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। सफाई कर्मी अंकित राज ने बताया कि इससे पूर्व वेतन वृद्धि को लेकर हड़ताल किया गया था। सफाई कर्मियों एवं गार्ड का कहना है कि सभी लोगों को सही समय पर वेतन भुगतान नहीं किया गया तो अस्पताल परिसर में लगातार धरना प्रदर्शन करते रहेंगे। डाटा ऑपरेटर आरती कुमारी ने बताया कि पेमेंट नहीं मिलने से सभी कर्मी को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक सभी कर्मी धरना पर बैठे थे। प्रदर्शन में विजय कुमार, शशि रंजन, दिलीप, नीलकमल, राजकिशोर, मनीष ,सूर्य नारायण, अमर, पिंटू, अनिकेत, रामप्रवेश आदि शामिल थे। फ्रंट लाइन कंपनी को कर दिया गया है पैसे का भुगतान कॉलेज के प्रिंसिपल डा. विकास वैभव ने बताया कि सफाई कर्मी एवं गार्ड समेत कुल 70 कर्मी सोमवार को अचानक मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन पर बैठ गए। समस्या के समाधान को लेकर सभी को ऑफिस में बुलाया गया। लेकिन ये लोग नहीं आए। बिजली का मेन स्विच बंद कर पूरे अस्पताल कैंपस में एक घंटा तक बिजली बाधित कर दिया। उन्होंने बताया कि बीते 24 मई को सफाई कर्मियों द्वारा आवेदन दिया गया था। जिसमें 8 महीने के वेतन भुगतान करने की बात कही गई थी। उन्होंने बताया कि सभी कर्मियों को आउट सोर्सिंग द्वारा डेंटल कॉलेज में रखा गया है। डेंटल कॉलेज से फ्रंट लाइन कंपनी को पैसे का भुगतान कर दिया गया है। कंपनी से इस संबंध में बात की जाएगी।

राष्ट्रीय लोक अदालत के सफलता को लेकर न्यायिक पदाधिकारियों की हुई बैठक

निज संवाददाता

नवादा। नालसा एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश पर आशुतोष कुमार झा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के निर्देश के आलोक में दिनांक 13.07.2024 को व्यवहार न्यायालय, नवादा में सभी प्रकार के सुलहनीय वादों के निष्पादन हेतु आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन के सफलता हेतु आज दिनांक 28.05.2024 को सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के अध्यक्षता में नवादा न्यायमंडल के न्यायिक पदाधिकारियों के साथ बैठक की गयी। बैठक में सभी प्रकार के सुलहनीय अपराधिक वादों का न्यायालयवार समीक्षा की गयी। जिसमें सभी न्यायिक पदाधिकारियों द्वारा अपने अपने न्यायालयों के वादों के बारे में बताया गया साथ ही निष्पादन के लिए चिन्हित वादों की चर्चा की गयी। उक्त बैठक में सुलहनीय योग अपराधिक वाद, मापतौल, श्रम एवं वन वाद वैवाहिक वाद तथ एम0वी0 क्लेम वादों का न्यायालयवार चिन्हित सूची से सुलहनामा हेतु तैयार वादों में नोटिस निर्गत करने का निर्देश दिया गया। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार नवादा के द्वारा जी0ओ0 वादों में पक्षकारों के विरूद्ध वारंट (यथा आवश्यक) निर्गत करने के संबंध में न्यायिक पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस बैठक में मनी सूट एवं धारा 138 एन0 आई0 एक्ट के संबंध में भी चर्चा की गयी। उनके द्वारा यह भी बताया गया कि पूर्व बैठक (प्री सीटिंग) के माध्यम से अपराधिक सुलहनीय वादों को कॉउन्सीलिंग कर सुलह के आधार पर वाद का निष्पादन किया जाए तथा वैसे सभी वादों जिसमें पूर्व में सुलहनामा आवेदन अभिलेख पर उपलब्ध है या अभिलेख में दाखिल किया गया है वैसे वादों में पक्षकारों पर नोटिस निर्गत सुनिश्चित करने के लिए भी न्यायिक पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैठक में अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, सियाश्रुति, न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, प्रतीक सागर, न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, मिस अनामिका कुमारी, न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, देवव्रत कुमार, न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, श्रीमती अनिता कुमारी, न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, कमरूजमाँ, न्यायिक दण्डाधिकारी, द्वितीय श्रेणी, आदित्य आनन्द, न्यायिक दण्डाधिकारी, द्वितीय श्रेणी, निखिल कुमार, न्यायिक दण्डाधिकारी, द्वितीय श्रेणी, नवादा तथा राकेश कुमार एवं सुशील कुमार सहायक जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा उपस्थित थे। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार नवादा के द्वारा उपस्थित पदाधिकारियों से अनुरोध किया गया कि इन सुलहनीय मामले में सुलह के आधार पर समझौता कराकर वाद के निष्पादन कराया जाए। बैठक में उपस्थित न्यायिक पदाधिकारियों को अधिक से अधिक सुलहनीय वादों के निष्पादन हेतु दिशा निर्देश दिया गया।

बैडमिंटन रैंकिंग टूर्नामेंट में आर्यन ने जलवा बरकरार

निज संवाददाता

नवादा। बिहार बैडमिंटन हंड्रेड सीनियर रैंकिंग टूर्नामेंट प्रतियोगिता में फाइनल मुकाबले में नवादा के बैडमिंटन स्टार राज आर्यन व पटना की जैनब नजीर ने उम्दा प्रदर्शन करते हुए उप विजेता बनने का खिताब अपने नाम किया है। बताते चलें कि औरंगाबाद में बिहार बैडमिंटन संघ के बैनर तले चार दिवसीय बिहार बैडमिंटन फर्स्ट रैंकिंग टूर्नामेंट का आयोजन किया गया था। मैच का शुभारंभ औरंगाबाद बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष लक्ष्मी प्रसाद गुप्ता ने किया था चार दिवसीय मैच 23 मई से 26 मई खेले गए मैच में बिहार के विभिन्न जिलों से सीनियर बैडमिंटन खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था बैडमिंटन खिलाड़ियों ने अत्यधिक गर्मी से थोड़ी परेशानी हुई लेकिन खिलाड़ियों मेहनत के आगे गर्मी फीकी पड़ गईं इसी मैच टूर्नामेंट में का फाइनल का मुकाबला रविवार को आयोजित किया गया। मिक्स डबल्स का मैच में नवादा के बैडमिंटन स्टार राज आर्यन व पटना की जैनब नाजीर ने उम्दा प्रदर्शन कर रोमांचक मैच खेलते हुए पूरे बिहार में उपविजेता बनने का मेडल ट्रॉफी अपने नाम किया है नेशनल बैडमिंटन खिलाड़ी राज आर्यन ने पूरे बिहार में दर्जनों बैडमिंटन टूर्नामेंट प्रतियोगिता में दर्जनों ट्रॉफी मेडल ट्रॉफी जीतने खिताब अपने नाम किया हैं। आर्यन की सफलता पर दर्जनों लोगों ने शुभकामनायें दी है।

अगलगी से बचाव को लेकर डीएम ने जिलेवासियों से किया अपील

निज संवाददाता

नवादा। जिला पदाधिकारी प्रशांत कुमार सी.एच. ने आम जनता से अग्नि सुरक्षा के लिए निर्धारित मापदंडों का पालन करने का आह्वान किये हैं। जिले वासियों के नाम एक संदेष में उन्होंने कहा है कि ग्रीष्म काल में विभिन्न क्षेत्रों में अग्निकांड की संभावना काफी बढ़ जाती है। आग की छोटी सी चिनगारी भी एक क्षण में ही अनियंत्रित होकर बड़ी आग में परिवर्तित होकर जान माल की काफी हानि कर जाती है। अतः हर व्यक्ति के स्तर पर अपेक्षित सर्तकता आवष्यक है। अग्निकांड की आपदा से बचाव के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) को अनुपालन करना जरूरी है। उन्होंने कहा की 28.05.2024 तक जिले में सभी अंचल अन्तर्गत अग्निकांड से संबंधित प्रतिवेदन में कुल अभिलेख-96, अस्वीकृत-23, अनुमंडल भेजे गए अभिलेखों की संख्या-71, अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा स्वीकृत अभिलेखों की संख्या-71, स्वीकृति उपरांत भुगतान-69 है। नारदीगंज अंचल के दो लाभुकों द्वारा वांछित दस्तावेज जमा नहीं किया गया है। कौआकोल में 01 लाभुक का भुगतान प्रक्रिया में है। जिला पदाधिकारी द्वारा अग्निकांड से संबंधित प्रक्रिया को प्रत्येक दूसरे दिन समीक्षा की जाती है। परिणाम स्वरूप एक माह के अंतराल में सभी लाभुकों को भुगतान कर दिया गया है तथा लाभुक के खाते में राशि अंतरित कर दिया गया है। अग्नि से संबंधित निम्न बातों रसोई घर को यथासंभव अग्निरोधक बनाने के लिए उसे चारों तरफ गीली मिट्टी का लेप लगा दें। फूस के घरों में भी मिट्टी का लेप लगायें। देहाती क्षेत्रों में खास कर फूस के मकानों के निवासी खाना सुबह 08:00 बजे से पहले और शाम 05:00 से 06:00 बजे के बीच (सूर्यास्त से पूर्व) बना लें। दीप, लालटेन, ढ़िबरी आदि के प्रयोग में सावधानी बरतें। रसोई में कोई भी ज्वलनषील पदार्थ न रखें, जैसे-मिट्टी तेल, सिन्थेटिक कपड़े इत्यादि। ढ़ीले और सिंथेटिक कपड़े न पहनें और बालों को खुला न रखें। रसोई घर से बच्चों को दूर रखें। तेज हवा में खुली जगह पर खाना न पकाएं, यदि संभव हो तो चूल्हे को चारों तरफ से घेर कर रखें। किसी भी जलते पदार्थ को बुझाकर हीं सोयें। घर में हमेषा पदार्थ जैसे कि पानी, बालू, सूखी मिट्टी, धूल आदि जमा कर रखें। हरे पेड़ जैसे केला में अग्निताप को कम करने की क्षमता होती है, इसे अपने घर के चारों तरफ लगाएं। सभी लोगों को प्राथमिक उपचार की जानकारी होनी चाहिए। सभी लोग आपातकालीन सेवा का फोन नम्बर-101 अपने पास अवष्य रखें। जलते हुए बीड़ी, सिगरेट और माचिस की काटी खेत खलिहान में न फेकें। आग बुझाने के लिए पानी, बालू, सूखी मिट्टी/धूल का प्रयोग करें। एक बड़े ड्रम में दो सौ लीटर पानी हमेषा भर कर रखें। कुछ छोटी बाल्टी में रेत या बालू भी रखें। एक दो जूट की पुरानी बोरी को पानी में भीगो कर रखें।

शारदा माइंस से माईका लदे एक कमांडर वाहन जब्त, एक माफिया गिरफ्तार

निज संवाददाता

रजौली (नवादा)। थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती पंचायत सवैयाटांड़ के चटकरी गांव स्थित शारदा माइंस से सोमवार की देर शाम माईका लदे एक कमांडर वाहन को रेंजर मनोज कुमार ने जब्त किया। वहीं एक माफिया को भी गिरफ्तार किया गया है। रेंजर ने कहा कि शारदा माइंस पर अवैध खनन की गुप्त सूचना मिली। सूचना के आलोक में छापेमारी हेतु एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम में फोरेस्टर पंकज कुमार एवं रवि रंजन कुमार के अलावे वनरक्षीगण मौजूद रहे। रेंजर ने कहा कि जैसे ही छापेमारी टीम शारदा माइंस के पास पहुंची तो एक कमांडर वाहन भागने लगा। जिसे वनकर्मियों के सहयोग से खदेड़ कर पकड़ा गया। जांच के दौरान कमांडर वाहन पर लदे लगभग दो टन माईका जब्त किया गया। वहीं कमांडर चालक सह माईका माफिया सिमरातरी गांव निवासी रहमत अली के पुत्र शौकत अली को गिरफ्तार किया गया। रेंजर ने कहा कि गिरफ्तार शौकत अली के साथ सहयोगी सिरिसियाटांड़ गांव निवासी मनेर मियां के पुत्र सद्दाम अंसारी था, जो कि भागने में सफल रहा। वन भूमि में अवैध उत्खनन को लेकर गिरफ्तार एवं भागने वाले व्यक्ति के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। गिरफ्तार व्यक्ति को मंगलवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा जा रहा है।

परशुराम सेवा समिति का अध्यक्ष बने उदय

नारदीगंज (नवादा) (नि. सं.)। परशुराम सेवा समिति,ओड़ो की नई कार्यकारिणी का गठन के लिए मंगलवार को बैठक की गई। इस दौरान यह कमिटी वर्ष 2024-25 के लिए पदाधिकारियों का चयन हुआ। बैठक में पूर्व पुरानी कमिटी को भंग कर दिया गया।साथ ही वर्ष 2023 -24 का आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। उपस्थित लोगों ने सर्व सम्मति से समिति के अध्यक्ष पद पर उदय कुमार उर्फ मुन्ना सिंह को चयन किया। इसके अलावा सचिव पद पर मनीष कुमार उर्फ मंटू, कोषाध्यक्ष पद पर संजीव कुमार, भंडारपाल पद पर सुनसुन कुमार,सूचना प्रसारण मंत्री पद पर अजित कुमार, अंकेक्षक पद पर सीताराम को चयन किया गया है।

माहवारी स्वच्छता दिवस को लेकर कस्तूरबा की बालिकाओं द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता एवं नाटक का किया गया आयोजन

निज संवाददाता

रजौली (नवादा)। प्रखण्ड मुख्यालय स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में मंगलवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सौरभ कुमार निराला की अध्यक्षता में छात्राओं के बीच माहवारी स्वच्छता दिवस मनाया गया।इस दौरान पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया की प्रखण्ड प्रतिनिधि शिला कुमारी, पीएचसी मैनेजर मो ईरशाद अहमद, युवा क्लिनिक परामर्शदाता राकेश कुमार सिंह, बीसीएम किरण कुमारी एवं वार्डन रेखा कुमारी भी मौजूद रहें।कार्यक्रम की शुरुआत माहवारी पर चुप्पी तोड़ो, स्वस्थ जीवन से नाता जोड़ो के ऊपर कार्यशाला का आयोजन कर सभी किशोरियों को जागरूक किया गया। साथ ही छात्राओं के बीच माहवारी से सम्बंधित पोस्टर प्रतियोगिता एवं नाटक आदि का आयोजन किया गया। छात्राओं ने पोस्टर के माध्यम से माहवारी के दिनों में सेनेटरी नैपकिन आदि के उपयोग पर प्रकाश डाला। वहीं नाटक के माध्यम से पुरानी एवं घिसीपिटी चली आ रही माहवारी के दिनों में पुराने कपड़े के उपयोग को नकारने की सलाह दी गई। इस मौके पर पीएचसी मैनेजर मो ईरशाद अहमद द्वारा एनीमिया से सम्बंधित जानकारियां दी गई। उन्होंने कहा कि शरीर में आयरन की कमी के कारण किशोरियों से लेकर महिलाएं एनीमिया की शिकार हो जाती है, जिसका उपचार प्रत्येक स्वास्थ्य केंद्र पर उपलब्ध है। वहीं युवा क्लिनिक परामर्शदाता राकेश कुमार सिंह ने माहवारी के दौरान बरतने जाने वाली स्वच्छता पर विशेष जानकारी दिया। उन्होंने किशोरियों से लंबे समय तक पैड का इस्तेमाल न करें, इस्तेमाल किए गए पैड का सुरक्षित रूप से निपटान करें व आराम करने की सलाह दी।वहीं पीएचसी प्रभारी डॉ. सौरभ निराला ने पोस्टर एवं नाटक प्रतियोगिता में शामिल छात्राओं सुगंधा, काजल, रजनी, करीना, पूनम एवं जीतू को सर्टिफिकेट एवं स्नेहा एआई किट देकर सम्मानित किया। साथ ही छात्राओं से कहा कि मासिक धर्म से संबंधित खून में कोई अपवित्रता नहीं होती है।सफाई और स्वच्छता मासिक धर्म प्रवाह से पैदा होने वाली किसी भी गंध या संक्रमण को दूर करने के लिए महत्वपूर्ण है। अशुद्ध सेनेटरी पैड के जोखिम गंदे सैनिटरी पैड के इस्तेमाल से कई तरह के संक्रमण हो सकते हैं। सेनेटरी पैड को अक्सर कई परतों में लपेटा जाता है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे रोगाणुहीन बने रहें।दूषित पैड का उपयोग करने से मूत्र संक्रमण, फंगल संक्रमण और प्रजनन पथ में संक्रमण हो सकता है, जिससे संभावित रूप से बांझपन का खतरा बढ़ सकता है। बहुत देर तक पैड पहनने के परिणाम हर 6-8 घंटे में सैनिटरी नैपकिन बदलना जरूरी है। एक ही पैड के लंबे समय तक इस्तेमाल से त्वचा पर चकत्ते और योनि में यीस्ट संक्रमण हो सकता है। स्वच्छता बनाए रखने और संक्रमण को रोकने के लिए लंबे समय तक पैड पहनने से बचना महत्वपूर्ण है।हाथ की स्वच्छता का महत्व सैनिटरी पैड बदलने से पहले और बाद में हाथों की उचित स्वच्छता महत्वपूर्ण है।पैड बदलने के बाद साबुन से हाथ न धोने से यीस्ट संक्रमण या हेपेटाइटिस बी हो सकता है। इसी तरह, पैड बदलने से पहले हाथ धोने से योनि क्षेत्र में बैक्टीरिया के स्थानांतरण को रोकने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि मासिक धर्म स्वच्छता दिवस का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि मासिक धर्म वाले व्यक्ति अपने मासिक धर्म को सुरक्षित और गरिमा के साथ प्रबंधित कर सकें एवं स्वास्थ्य जोखिमों को कम कर सकें।इस मौके पर युवा चैंपियन पूजा कुमारी व आरती कुमारी, शिक्षिका आशा रानी व सीमा कुमारी, नीलम कुमारी, उषा कुमारी, मधुरानी के अलावे कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की 76 छात्राएं मौजूद रहीं।

पट्रोल पम्प कर्मी से हथियार दिखाकर लूटपाट करने वाले युवक को पिस्टल के साथ किया गिरफ्तार

निज संवाददाता

पकरीबरावां (नवादा)। थाना क्षेत्र अंतर्गत कचना मोड़ स्थित आनंद जी एनर्जी स्टेशन पेट्रोल पंप पर रात्रि करीब 10।50 बजे एक काले रंग की पल्सर बाइक से तीन अज्ञात लड़के पेट्रोल भरवाने आए और बाइक की टंकी फुल करवाया जब पेट्रोल पंप के कर्मी द्वारा पैसे की मांग की गई तो एक युवक द्वारा हथियार दिखा कर पेट्रोल पंप के कर्मी के पॉकेट से 3000 रू निकाल लिए तथा उसकी गर्दन पकड़ कर पेट्रोल पंप के ऑफिस की तरफ ले जाते हुए 20,000 रूपए देने को कहा। कर्मी के द्वारा बताया गया की उसके मालिक पैसे लेकर चले गए हैं। तभी उन तीनों द्वारा कर्मी को धमकाया गया किसी को यह न बताने की बात कही गई और सभी सीसीटीवी फुटेज डिलीट करने को बोलते हुए तीनों वहां से चले गए। अगले दिन पेट्रोल पंप के मालिक और कर्मी थाना आए और एक लिखित आवेदन दिए जिसके आधार पर पकरीबरावां थाना कांड संख्या 237/24 दिनांक 27.05.2024 धारा 392 IPC दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक नवादा के निर्देशानुसार पकरीबरावां थानाध्यक्ष के नेतृत्व में एक SIT का गठन किया गया SIT द्वारा घटनास्थल पर पहुंचे वहां का निरीक्षण किया गया CCTV फुटेज का अवलोकन एवं आसपास के लोगों से पूछताछ की संदिग्ध की पहचान हेतु ग्रामीण एवं चौकीदार की मदद ली गई। पहचान उपरांत घटना में संलिप्त अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु छापेमारी की गई छापेमारी के क्रम में 24 घंटे के अंदर 02 विधि विरुद्ध बालक को निरुद्ध कर थाना परिसर लाया गया। इनके निशान देही पर घटना में प्रयोग किया हुआ देशी कट्टा भी बरामद किया गया। पूछताछ के क्रम में यह बात भी सामने आई कि इनके विरुद्ध पहले भी पकरीबरावां थाना में छेड़खानी का कांड दर्ज है। शेष फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु छापेमारी जारी है अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार युवक से एक देशी कट्टा भी बरामद किया गया है। उक्त जानकारी पुलिस अधीक्षक कार्यालय से मिली है।

देशी शराब बनाने का सामान एवं पांच लीटर देशी शराब जप्त

नरहट (नवादा) (नि.सं.)। स्थानीय नरहट पुलिस अवैध शराब कारोबार एवं अवैध बालू खनन के खिलाफ लगातार छापेमारी कर धर पकड़ अभियान चलाकर कारोबारियों पर नकेल कस रही है। इसी कड़ी में मंगलवार को नरहट थाना अंतर्गत ग्राम झिकरूआ बेलदारी स्थित मुकेश कुमार पिता कारू चौहान के गौशाला से देशी शराब बनाने का सामान एवं करीब पांच ली० देशी महुआ शराब बरामद किया गया। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर उमाशंकर सिंह ने बताया कि बरामद शराब बनाने का उपकरण तसला, गैस सिलेंडर, गैस चूल्हा आदि एवं जप्त पांच लीटर देशी महुआ शराब के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक कारवाई की जा रही है।

शिक्षक को जाना था विद्यालय पहुंच गए हॉस्पिटल

निज संवाददाता

वारिसलीगंज (नवादा)। खरांट पथ के कुटरी मोड़ के पास मंगलवार की सुबह विपरीत दिशा से तेज गति से आ रही अनियंत्रित मैजिक चारपहिया वाहन ने मोटर साइकिल सवार 48 वर्षीय शिक्षक अरविंद कुमार को सामने से टक्कर मार दिया। फलस्वरूप, वे गिरकर बुरी तरह जख्मी हो गए। लोगों ने उन्हें इलाज के लिए स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। हर रोज की भांति शिक्षक अरविंद कुमार अपने गांव नवादा से खरांट मोड़ होते हुए मोटरसाइकिल से कुटरी पंचायत के शंकर बिगहा गांव के विद्यालय में पढ़ाने जा रहे थे। इसी दौरान यह घटना हो गई। दुर्घटना की सूचना मिलते ही कई शिक्षक एवं शुभचिंतकों ने हॉस्पिटल पहुंच उनका हाल चाल जाना।वारिसलीगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाजरत शिक्षक अरविंद कुमार के पास काफी संख्या में शिक्षक मौजूद थे। प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रधान महासचिव ने कहा की सुबह छः बजे स्कुल पहुंचने के लिये शिक्षकों को काफ़ी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। दिमाग़ पर हमेशा विद्यालय का प्रेसर होता जा जिसके कारण शिक्षक मानसिक तौर पर काफ़ी दबाब में रहते है।उन्होंने बताया की भीषण गर्मी के वजह से प्रखंड के रामोतार नगर स्थित विद्यालय में कार्यरत शारीरिक रूप से दिव्यांग शिक्षक अजय कुमार को विधालय में ही डिहाडरेशन की शिकायत पर उन्हें सलाइन करना पड़ा है। उन्होंने कहा की जिस प्रकार से गर्मी बढ़ रही है उससे बच्चो एवं शिक्षकों को लू लगने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। विद्यालय के समय परिवर्तन के कारण शिक्षक एवं विधार्थी दोनों प्रभावित है।

मतगणना कार्य को लेकर दिया गया प्रशिक्षण

निज संवाददाता

नवादा। प्रशांत कुमार सी.एच. जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, नवादा ने लोक सभा आम निर्वाचन 2024 के मतगणना को लेकर डीआरडीए सभागार में सभी मास्टर ट्रेनरों को ब्रीफ किये। 39-नवादा लोकसभा क्षेत्र अन्तर्गत सभी छः (06) विधानसभा क्षेत्र के अभ्यर्थियों के मतों के गणना दिनांक-04.06.2024 को के०एल०एस० कॉलेज नवादा स्थित अलग-अलग मतदान कक्ष में समय-08:00 बजे पूर्वाह्न से प्रारंभ होगी। ब्रीफिंग में सर्वप्रथम बताया गया कि सभी मतगणना सुपरवाईजर/सहायक/माइक्रो ऑब्जर्वर प्रातः 05:00 बजे से 06:00 बजे के बीच के०एल०एस० कॉलेज में निश्चित रूप से अपना योगदान देंगें। तत्पश्चात् आवंटित विधानसभा क्षेत्र के मतगणना कक्ष के निर्धारित टेबल पर स्थान ग्रहण करेंगें। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रशिक्षण केन्द्र पहुंचकर प्रशिक्षण ले रहे कर्मियों को एकाग्रतापूर्वक प्रशिक्षण लेने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि जिस तरह से आप लोगों ने मतदान कार्य को अत्यंत ही निष्पक्ष एवं शांति पूर्ण बातावरण में संपन्न कराया है। उसी प्रकार आगामी 04 जून 2024 को केएलएस कॉलेज, नवादा स्थित वज्रगृह में होने वाले मतगणना कार्य को भी पारदर्शिता के साथ संपन्न करायेंगे। उन्होंने कहा कि 06:00 बजे प्रातः पहुंचकर अपना आईडी कार्ड बनवा लें। बिना आईडी कार्ड के मतगणना हॉल में प्रवेश नहीं की जायेगी। जिला पदाधिकारी ने सभी मास्टर ट्रेनरों को कहा कि मोबाईल और किसी भी तरह का इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस मतगणना हॉल में लेकर जाना वर्जित है। यदि मास्टर ट्रेनरों को किसी भी तरह का परेशानी होती है तो अपने सहायक निर्वाची से सम्पर्क करेंगे। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त नवादा, अपर समाहर्त्ता नवादा, डीसीएलआर रजौली, अनुमंडल पदाधिकारी नवादा/रजौली, अवर निबंधन पदाधिकारी, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी एवं अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी के साथ-साथ सभी मास्टर ट्रेनर उपस्थित थे।

डांस व मॉडलिंग में अर्पण सिन्हा विजेता

नवादा (नि.सं.)। हरियाणा के बहादुर गढ़ में आयोजित एस डी सी डांस एंड मॉडलिंग प्रतियोगिता में नवादा जिले की बेटी अर्पण सिन्हा उर्फ मिस्टी ने प्रथम पुरस्कार जीता है। नवादा जिले के मेसकौर प्रखंड के रसलपुरा निवासी पंकज सिन्हा की 7 वर्षीय पुत्री अर्पण सिन्हा ने एकबार फिर अपना जलवा दिखाया है। हरियाणा के बहादुरगढ़ में आयोजित सब जूनियर, जूनियर और सीनियर वर्ग में एस डी सी डांस एंड मॉडलिंग चैंपियनशिप डांस प्रतियोगिता में अपर्ण सिन्हा उर्फ मिस्टी ने सब जूनियर वर्ग कंपटीशन में 100 प्रतिभागियों को हराकर प्रथम पुरस्कार जीतकर विजेता बनी है। कार्यक्रम के आयोजक शिवाय डांस एकेडमी के मिस्टर रोहित बख्शी थे वहीं जज के रूप में सीनियर वर्ग के जज आर्यन सर,जूनियर और सब जूनियर वर्ग के जज संदीप सर और ईशु मैम ने की। एसडीसी डांस एंड मॉडलिंग चैंपियनशिप द्वारा तीन वर्ग में डांस प्रतियोगिता आयोजित किया गया था।

अदालत की अवमानना में दो पुलिस अफसरों पर न्यायालय की गिरी गाज

निज संवाददाता

नवादा। जिले की पुलिस कप्तान अपने पुलिस को भले ही हर गलती की माफी देने से बाज नहीं आ रह हों लेकिन न्यायालय तो अपने नियम से चलती है।ऐसे में न्यायालय की चाबुक जिले के शाहपुर थाना के पुसअनि अनिल कुमार तथा पुसअनि सुजीत कुमार सिंह पर चली है तथा वेतन से एक-एक हजार रूपये कटौती कर सरकार के खजाना में जमा करने का आदेश निर्गत किया है। पुलिस कर्मियों पर अदालत के आदेश की उपेक्षा करने से न्यायिक कार्यवाही को जानबूझ कर विलम्ब करने का आरोप है। आदेश की प्रति पुलिस अधीक्षक एवं कोषागार पदाधिकारी को भेजी गई है। बताया जाता है कि शाहपुर थाना के पुसअनि अनिल कुमार ने सड़क किनारे खराब रहे एक बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त कर चालक को गिरफ्तार किया था जबकि उक्त ट्रैक्टर पर लदे बालू का परिवहन चालान प्रभावी था। मामला शाहपुर थाना कांड संख्या-4/24 से जुडा है। अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आशीष रंजन ने मामले की सुनवाई करते हुए खनन विभाग एवं शाहपुर थाना से सम्बंधित प्रतिवेदन की मांग की थी। खनन विभाग ने अपना प्रतिवेदन ससमय अदालत में समर्पित किया जबकि स्मारपत्र भेजे जाने के बाद भी पुलिस ने ना तो कोई प्रतिवेदन अदालत में समर्पित किया और ना ही अदालत से अतिरिक्त समय की मांग की। कार्य के प्रति उदासीनता, अदालत के आदेश की उपेक्षा तथा अदालती कार्यवाही को लम्बित रखने के आरोप में दोनों पुलिसकर्मी के वेतन से एक-एक हजार रूपये की कटौती कर सरकार के खजाना में जमा करने का आदेश दिया है।

पूर्व मध्य रेल

निविदा सूचना

सं. डी.एन.आर./एस. एण्ड टी./सिंग/2024/9
दानापुर, दि. 27.05.2024 भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (सिगनल एवं दूर संचार) पूर्व मध्य रेल, दानापुर मंडल, निम्नलिखित कार्य हेतु रेलवे के वेबसाइट पर निविदाएं आमंत्रित करते हैं :– **1. कार्य का नाम एवं स्थान :** दानापुर मंडल (50किमी) के विभिन्न खंडों के दोषपूर्ण सिग्नलिंग केबल का प्रतिस्थापन हेतु कार्य। **2. अनुमानित लागत :** रूपये 10668187.1, **3. बयाना राशि:** 203400.00, **4. निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय :** दिनांक 17.06.2024 को 15:00 बजे तक। **5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :** दिनांक 17.06.2024 को 15:30 बजे। **6. वेबसाइट विवरण: www.ireps.gov.in, 7. कार्यालय का पता जहाँ से निविदा सम्बन्धी विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है :** वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियंता कार्यालय, दानापुर। **नोट :** विवाद की स्थिति में अंग्रेजी नोटिस मान्य होगा। यदि जरूरत हुई तो शुद्धि पत्र उपरोक्त वेब साईट पर 14 दिन पहले अपलोड कर दिया जाएगा।
व. मं० सं० एवं दूर सं० अभि० /दानापुर
पीआर/0354/डीएनआर/एस एण्ड टी/टी/24–25/32

विद्युत स्पर्शाघात से पान कृषक की मौत, परिजनों में कोहराम

नवादा (नि.सं.)। जिले में पान की खेती करने वाले किसान की मौत बिजली की तार क़े चपेट में आने से हो गयी। घटना उस वक्त हुआ जब किसान अपने पान क़ी कोठी में पटवन का काम करने जा रहा था। घटना की खबर सुनते ही मृतक क़े परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पुलिस क़ो मिली तो मौके पर पहुंचकर शव क़ो कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम क़े लिए सदर अस्पताल भेज दिया। घटना जिले के हिसुआ थाना क्षेत्र की है मंझवे गांव की है। मृतक की पहचान मंझवे गांव निवासी श्रीराम चौरसिया का पुत्र कृष्णा चौरसिया के रूप में किया गया है। पान पटवन क़े लिए गया था किसान बताया जा रहा है कि कृष्णा चौरसिया अपने पान की कोठी में पटवन के लिए जा रहे थे, तभी पहले से बिजली का तार गिरा हुआ था। उसे दिखाई नहीं दिया और विद्युत प्रभावित तार की चपेट में आ गया जिससे उनकी मौत हो गई।

बिजली के तार से निकली चिनगारी से हुई तबाही, छह घर जलकर राख

आग लगने से दो साल के मासूम बच्चे की जलकर मौत, छह लोग घायल

- तेज हवा के कारण आसपास के मकानों में लगी आग
- घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया
- पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया शव

निज संवाददाता

सासाराम (रोहतास)। रोहतास में मंगलवार को 6 घरों में आग लग गई। इसमें एक घर में सो रही मासूम बच्ची की जलने से मौत हो गई। वहीं, अन्य घरों के 3 बच्चों समेत 6 लोग घायल हो गए हैं। इस घटना में पशुओं की भी मौत हुई है। बताया जा रहा है कि बिजली के तार के आपस में टकराने से निकली चिनगारी से आग लगी। मामला जिला करगहर प्रखंड के रेहारी गांव का है। मृत बच्ची की पहचान गांव के ही फूलन पासवान की बेटी संध्या कुमारी (2) के रूप में हुई है। बच्ची का भाई अंकुश कुमार(3) और मां शोभा देवी(25) भी झुलस गई है। अन्य घायलों में हरी पासवान(25), मीरा देवी(27) पति दिनेश पासवान, देव कुमार(3), रितिक कुमार(6) शामिल है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव से गुजर रहे बिजली के तार के आपस में टकराने से निकली आग की चिनगारी फूस के छत पर जा गिरी। जिससे घर में आग लग गई। तेज हवा के कारण आसपास के मकानों को भी आग ने अपनी चपेट में ले लिया। इससे सीता पासवान, सुचित पासवान, हरसु पासवान, जेलर पासवान और श्रीनिवास कुमार के मकान जल गए हैं। आधा दर्जन लोग भी आग की चपेट में आकर झुलस गए हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, करगहर ले जाया गया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद सदर अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया है। बताते हैं कि अगलगी में 20 बकरियां और 4 गाय की भी जलने से मौत हुई है। अनाज, चारा समेत घरों में रखा गया अन्य सामान जल कर राख हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने घंटों मशक्कत के बाद ग्रामीणों की सहायता से आग पर काबू पाया। बड़हरी थानाध्यक्ष जितेंद्र पंडित ने बताया कि अगलगी में एक की मौत हुई है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। घायलों को इलाज के बाद रेफर कर दिया गया है। आग पर काबू पा लिया गया है। क्षति का आकलन किया जा रहा है।

सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत

निज संवाददाता

जहानाबाद। जहानाबाद-अरवल मुख्य सड़क मार्ग पर सड़क दुर्घटना में बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। घटना सोमवार रात बाइपास के पास की है। मृतक की पहचान अरवल निवासी सूरज कुमार (42) के रूप में हुई है। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि सूरज अपने भाई के ससुराल जहानाबाद से अपने घर लौट रहा था। तभी बाइपास के पास एक तेज रफ्तार वाहन ने उसे चकमा दिया, जिससे वह अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलने पर उसके परिजन उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। डॉक्टर एके नंदा ने बताया कि सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया था। अस्पताल लाने में काफी विलंब हो गया, जिससे उसकी रास्ते में ही मौत हो गई। जिसके बाद अस्पताल परिसर में मृतक के परिवार ने हंगामा किया। जिसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आक्रोशित लोगों को शांत कराया। नगर थानाध्यक्ष दिवाकर विश्वकर्मा ने बताया कि सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हुई है। उसके परिजन अस्पताल में हंगामा कर रहे थे, उन्हें किसी तरह से समझा बुझाकर मामले को शांत किया गया।

पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव बड़े भाई तेज प्रताप के साथ पहुंचे रोहतास

निज संवाददाता

सासाराम (रोहतास)। रोहतास के दावथ के कोआथ के जग नारायण इंटर स्तरीय स्कूल के मैदान में मंगलवार को बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सह महागठबंधन के स्टार प्रचारक तेजस्वी यादव ने बक्सर लोकसभा क्षेत्र में राजद प्रत्याशी सुधाकर सिंह की जीत सुनिश्चित करने के लिए लोगों से अपील की। उन्होंने कहा कि मोदी के धमकियों से बिहार नहीं डरता, जब हमारे पिता नहीं डरे तो हम कैसे डर सकते हैं। डटकर मुकाबला करना हम बिहारी जानते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार के साथ हमेशा ही सौतेला व्यवहार किया है। आप मुझे वोट दें मैं आप को नौकरी दूंगा। रोजगार, स्वास्थ्य, सड़क, कृषि और हवाई अड्डे जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर बिहार को NDA की सरकार ने भेदभाव किया है। खुद के कार्यकाल में बिहार के युवाओं के लिए विभिन्न विभागों में सृजित किए गए रोजगार, अस्पतालों की सुदृढ़ व्यवस्था और शिक्षा के क्षेत्र में किए गए मूलभूत परिवर्तन को बताते हुए उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में संपन्नता के लिए महागठबंधन को मजबूत करने का आह्वान करते हुए बक्सर लोकसभा क्षेत्र में राजद प्रत्याशी सुधाकर सिंह की जीत सुनिश्चित करने के लिए लोगों से अपील किया।

वहीं, वीआईपी पार्टी सुप्रीमो मुकेश साहनी ने अपने संबोधन से युवाओं में जोश भरते हुए बाबा भीमराव अंबेडकर की संविधान और उसके अंतर्गत पिछड़ों के लिए दी गई व्यवस्था पर एनडीए सरकार द्वारा की जा रही प्रहार के बिंदुओं को रखा। वहीं, तेज प्रताप यादव ने लोगों से आग्रह किया कि आप सभी एक जून को चुपचाप लालटेन का बटन दबाकर सुधाकर सिंह को विजयी बनाएं। इसके अलावा महागठबंधन के कई स्थानीय नेताओं सहित जिला और प्रदेश स्तर के नेताओं ने सभा को संबोधित करते हुए बक्सर लोकसभा के प्रत्याशी सुधाकर सिंह के पक्ष में मतदान करने का अपील किया।

नशे की हालत में तीन गिरफ्तार

भभुआ (कैमूर) (नि.सं.)। भभुआ व भगवानपुर थाने की पुलिस ने तीन लोगों को नशे की हालत में गिरफ्तार किया। गिरफ्तार लोगों में बेलांव थाना के खरेंदा निवासी संजय कुमार, बेलांव निवासी पुनीत कुमार व भगवानपुर थाना क्षेत्र के चोरघटिया गांव निवासी रामअवध राम शामिल हैं।

आठ महिलाओं को हुआ बंध्याकरण

निजनारदीगंज (नवादा) (नि. सं.)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज में मंगलवार को परिवार नियोजन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा0 नवीन कुमार ने की। इस दौरान उन्होंने प्रखंड के विभिन्न गांवों के आठ महिलाओं को बंध्याकरण किया गया।कार्यक्रम में लैब टेक्नीशियन जितेन्द्र कुमार व आशुतोष कुमार ने परिवार नियोजन में आये महिलाओं को खून, मूत्र जांच, रक्त चाप व अन्य जांच किया।इस मौके पर एएनएम स्वर्णलता कुमारी, सोनिका कुमारी, परिचारी आशिफ आलम,फार्मासिस्ट मिथिलेश कुमार समेत अन्य शामिल रहे।

चंदेश्वर चंद्रवंशी के पक्ष में प्रचार करने अरवल पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी

निज संवाददाता

अरवल। अरवल में मंगलवार को एनडीए गठबंधन के जदयू उम्मीदवार चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी के पक्ष में प्रचार करने के लिए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ संजय जायसवाल करपी खेल मैदान पहुंचे। इस दौरान संजय जायसवाल ने कहा कि देश में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गरीब, अति पिछड़ा और अल्पसंख्यकों के लिए विकास कार्य किए गए हैं। गरीबों के लिए राशन की व्यवस्था की गई। आज हर गरीब को 5 किलो राशन मुफ्त मिल रहा है। पहले की सरकार लाल कार्ड और हरा कार्ड बनाकर गरीबों को ठगने का काम करती थी। कार्ड के माध्यम से लोगों को दो महीने और 3 महीने में राशन मिलता था। आज एनडीए के डबल इंजन की सरकार में गरीबों को 5 किलो राशन मुफ्त मिल रही है। इसके अलावा उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष में कोई प्रधानमंत्री का उम्मीदवार नहीं है। विपक्ष बारात लेकर चल रही है, लेकिन दूल्हा गायब है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के सभी लोगों में प्रधानमंत्री बनने की इच्छा है। 1990 से लेकर 2005 तक के हालात को लेकर कहा कि अरवल की धरती जगदेव प्रसाद की धरती है। इस धरती को लहू लुहान करने वाले लोगों को सत्ता में लाकर फिर से 90 के शासन वाली स्थिति नहीं बनानी है। वहीं उपमुख्यमंत्री व प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा जो सनातन का अपमान करते है। सावन के महीने में मटन और नवरात्र के महीने में मछली खाते है। उन्हें उनके कर्मों का फल मिला है। आज स्थिति यह हो गई कि मछली का कांटा शरीर में ऐसा गड़ा की व्हील चेयर पर चलने को मजबूर है। लालू यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि वह सिर्फ अपने बेटियों के लिए प्रचार प्रसार कर रहे हैं, कभी बड़ी बेटी तो कभी छोटी बेटी। इसके अलावा किसी भी लोकसभा क्षेत्र में प्रचार करने नहीं पहुंचे। वह परिवार को आरक्षण देने का काम करते है। इसके अलावा धमकी भरे लहजे में कहां अपराधियों को सोन नदी में बालू निकालकर दफना देंगे। लोगों से अपील करते हुए कहा कि देश में नरेंद्र मोदी की सरकार बनने के बाद भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ है। कांग्रेस की सरकार ने राम लला को टेंट में रखा था। जंगल रात से मुक्ति चाहते हैं तो एनडीए गठबंधन के उम्मीदवार को मतदान करें और पाकिस्तान और चीन को मुंहतोड़ जवाब देने वाली सरकार को सत्ता में लाए।

वाहन दुर्घटनाओं में दो महिला सहित आठ घायल

भभुआ (कैमूर) (नि. सं.)। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में हुई वाहन दुर्घटनाओं में दो महिला सहित आठ लोग घायल हो गए। घायलों में भभुआ थाना क्षेत्र के सैदराकला गांव के सरपन बिंद, हरिहरपुर के निरंजन कुमार, सुमित्रा देवी, रुइयां के शिवशंकर सिंह, सोनहन थाना क्षेत्र के घरवार गांव निवासी ओम प्रकाश गुप्ता, अधौरा थाना क्षेत्रके बभनी के शुभेन्दु कुमार, अशोक कुमार व भभुआ शहर के वार्ड 20 निवासी धनंजय सिंह शामिल हैं। सभी घायलों को उनके परिजनों द्वारा सदर अस्पताल लाया गया, जहां कि चिकित्सक द्वारा इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कर उनका इलाज किया गया। सैदरा गांव के घायल सरपन के परिजनों ने बताया कि वह अपने गांव से ई रिक्शा पर सवार होकर सामान की खरीदारी करने के लिए भभुआ बाजार आ रहा था। इसी सैदरा गांव के पास ही अनियंत्रित होकर ई रिक्शा पलट गया, जिससे वह घायल हो गया।

बिना टिकट यात्रियों के खिलाफ जारी अभियान में पकड़े गये कुल 11 हजार 500 यात्री, जुर्माने के रूप में वसूले गए 85 लाख रूपए

निज संवाददाता

हाजीपुर (वैशाली)। पूर्व मध्य रेलवे द्वारा बिना टिकट/अनियमित यात्रियों पर शिकंजा कसने के लिए मंगलवार को पाँचों मंडलों दानापुर, सोनपुर, समस्तीपुर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं धनबाद में एक साथ विषेष टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस जाँच अभियान में पूर्व मध्य रेल के महत्वपूर्ण स्टेशनों जैसे पं० दीनदयाल उपाध्याय जं., पटना, आरा, बक्सर, मोकामा, सासाराम, धनबाद, गोमो, कोडरमा, डालटनगंज, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, बरौनी, खगड़िया, समस्तीपुर, दरभंगा, मधुबनी, सीतामढ़ी, रक्सौल, बेतिया, सहरसा, दिलदारनगर, हजारीबाग रोड पर रेलवे अधिकारियों, पर्यवेक्षकों, रेलकर्मियों, टी०टी०ई० एवं भारी मात्रा में रेलवे सुरक्षा बल कर्मियों को तैनात किया गया। सभी महत्वपूर्ण मेल-एक्सप्रेस ट्रेनों यथा 15715 किषनगंज-अजमेर गरीब नवाज एक्सप्रेस, 18019 झारग्राम-धनबाद एक्सप्रेस, 12391 राजगीर-नई दिल्ली श्रमजीवी एक्सप्रेस, 15909 अवध आसाम एक्सप्रेस, 12382 नई दिल्ली-हावड़ा एक्सप्रेस, 12802 मगध एक्सप्रेस, 02570 नई दिल्ली-दरभंगा क्लोन एक्सप्रेस के वातानुकूलित कोचों की विशेष रूप से जाँच की गयी।

गाड़ी संख्या 12554 नई दिल्ली-बरौनी वैषाली एक्सप्रेस के पैंट्रीकार में अवैध रूप से यात्रा कर रहे यात्री को पकड़ा गया । इसके साथ ही सभी पैसेंजर ट्रेनों एवं मेमू ट्रेनों में भी विशेष टिकट जाँच की गयी एवं बेटिकट यात्रियों को पकड़ा गया। यह विशेष टिकट जाँच अभियान पूरे दिन चलाया गया। इस जाँच अभियान में 11 हजार 500 बेटिकट/अनियमित यात्रियों को पकड़ा गया जिनसे जुर्माने के रूप में 85 लाख रुपए वसूले गए। विदित हो कि पूर्व मध्य रेल के पांचों मंडलों में बिना टिकट अथवा बिना उचित प्राधिकार के साथ यात्रा करने वाले यात्रियों की धरपकड़ हेतु निरंतर टिकट जांच की जा रही है तथा भविष्य में भी यह जारी रहेगी। पूर्व मध्य रेल यात्रियों से अपील करती है कि वे हमेषा उचित यात्रा टिकट लेकर ही यात्रा करें।

माहवारी स्वच्छता पर रखें ध्यान

नारदीगंज (नवादा)। प्रखंड के इंटर विद्यालय नारदीगंज में मंगलवार को माहवारी स्वच्छता दिवस मनाया गया। अध्यक्षता विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डा0 कारु रजक ने की। इस अवसर पर विज्ञान शिक्षिका कुमारी नीतू, कंचन वर्मा, रीता कुमारी, रंजना कुमारी ने उपस्थित छात्राओं को माहवारी स्वच्छता व प्रबंधन के बारें में जानकारी दी, इस समय होने वाले भ्रांतियां व गलतफहमियां को दूर कर जागरूक किया। मौके पर छात्राओं में सलोनी कुमारी, ईशा कुमारी, उजमा प्रवीण, मुस्कान कुमारी, सोनी कुमारी समेत अन्य शिक्षक व छात्राएं शामिल रहे।

एम्बुलेटरी यान पशु चिकित्सा शिविर-सह-जागरूकता कार्यक्रम का होगा आयोजन

निज संवाददाता

नवादा। नवादा जिला पशुपालन पदाधिकारी, नवादा द्वारा बताया गया कि माह-जून 2024 का संबंधित प्रखंडों के पशु चिकित्सालय में एम्बुलेटरी यान पशु चिकित्सा शिविर-सह-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

इस जागरूकता कार्यक्रम में शिविर प्रभारी पदाधिकारी एवं सहयोगी पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गयी है। कार्यक्रम निम्नवत है। दिनांक 06.06.2024 को प्रखंड पकरीबरावां में एरूरी पशु चिकित्सालय का पंचायत बुधौली, दिनांक 08.06.2024 को प्रखंड वारिसलीगंज के पशु चिकित्सालय का पंचायत भवानी विगहा, दिनांक 11.06.2024 को प्रखंड मेसकौर के पशु चिकित्सालय बिजुविगहा का ग्राम/पंचायत अकरी/पाण्डेय विगहा, दिनांक 13.06.2024 को प्रखंड नवादा के पशु चिकित्सालय झिकटौरा का ग्राम/पंचायत कबीरपुर, मुसहरी/भगवानपुर, दिनांक 18.06.2024 को प्रखंड रजौली, पशु चिकित्सालय सपही का पंचायत हरदिया, दिनांक 20.06.2024 को प्रखंड काशीचक के पशु चिकित्सालय काशीचक का पंचायत बेलर, दिनांक 25.06.2024 को प्रखंड हिसुआ के पशु चिकित्सालय सकरा का ग्राम/पंचायत मटुक विगहा/छतिहर एवं दिनांक 27.06.2024 को प्रखंड कौआकोल के पशुचिकित्सालय का ग्राम/पंचायत सिंघना/पाण्डेय गंगौट में एम्बुलेटरी यान पशु चिकित्सा शिविर-सह-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कर म्यूचुअल फंड में निवेश करने के सही तरीके के बारे में दी गई जानकारी

निज संवाददाता

जमुहार (रोहतास)। वाणिज्य संकाय, गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय जमुहार, सासाराम द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें छात्र छात्राओं को म्यूचुअल फंड में निवेश करने के सही तरीके के बारे में जानकारी दी गई। इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को निवेश के दौरान सही निर्णय लेने में मदद करना और उनके वित्तीय ज्ञान को बढ़ाना था। कार्यशाला के मुख्य वक्ता के रूप में सह-आचार्य डॉ विशाल कुमार रहे, जिन्होंने म्यूचुअल फंड के विभिन्न प्रकार, उनके लाभ, जोखिम और निवेश की रणनीतियों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। प्रतिभागियों को समझाया गया कि कैसे वे अपने वित्तीय लक्ष्यों, जोखिम सहनशीलता और निवेश की समयावधि के आधार पर सही म्यूचुअल फंड का चयन कर सकते हैं। कार्यशाला के दौरान, छात्र छात्राओं को निम्नलिखित प्रमुख बिंदुओं पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी गई। 1. वित्तीय लक्ष्य निर्धारण : निवेश से पहले अपने वित्तीय लक्ष्यों को स्पष्ट करना आवश्यक है। 2. जोखिम सहनशीलता : निवेशकों को अपनी जोखिम लेने की क्षमता का मूल्यांकन करना चाहिए। 3. फंड के प्रकार : विभिन्न प्रकार के म्यूचुअल फंड जैसे इक्विटी, डेट, हाइब्रिड आदि की जानकारी दी गई। 4. पिछला प्रदर्शनः म्यूचुअल फंड के पिछले प्रदर्शन और प्रबंधन टीम की साख का विश्लेषण करना महत्वपूर्ण है। 5. व्यय अनुपात और अन्य शुल्क : निवेशकों को फंड के साथ जुड़े विभिन्न शुल्कों के बारे में बताया गया। कार्यशाला में मौजूद प्रतिभागियों ने इसे अत्यधिक लाभकारी बताया और कहा कि इसने उनके निवेश संबंधित कई भ्रमों को दूर किया है। आयोजक मंडल ने घोषणा की कि वे भविष्य में भी इस प्रकार की और कार्यशालाओं का आयोजन करेंगे ताकि अधिक से अधिक लोगों को निवेश के सही तरीकों के बारे में जागरूक किया जा सके। वाणिज्य संकाय के अधिष्ठाता प्रोफेसर डॉ आशुतोष द्विवेदी ने कहा की इस कार्यशाला की सफलता से यह स्पष्ट हो गया है कि छात्रों में वित्तीय साक्षरता बढ़ाने और सुरक्षित निवेश के प्रति जागरूकता फैलाने की आवश्यकता है। इस दिशा में ऐसे प्रयास निश्चित रूप से समाज को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में सहायक सिद्ध होंगे। कार्यक्रम के आखिरी कड़ी में डॉ मयंक कुमार राय ने सभी शिक्षक एवं छात्र छात्राओं का धन्यवाद ज्ञापित किया। वही डॉ नवेंदु और चित्रा राव संपूर्ण कार्यक्रम के सफल संचालन में तकनीकी सहायक के रूप में महती भूमिका अदा की।

महाप्रबंधक तरूण प्रकाश ने पटना-गया रेलखंड के मध्य विभिन्न स्टेशनों का निरीक्षण कर यात्री सुविधाओं का लिया जायजा

निज संवाददाता

हाजीपुर (वैशाली)। पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक तरूण प्रकाश द्वारा आज दानापुर एवं पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के विभिन्न स्टेशनों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान महाप्रबंधक ने यात्री प्रतीक्षालय, प्लेटफॉर्म, डिस्प्ले बोर्ड, कैटरिंग स्टॉल, पैदल ऊपरगामी पुल, सर्कुलेटिंग एरिया, साफ-सफाई, यात्री सुरक्षा सहित यात्री सुविधा/संरक्षा से जुड़े पहलुओं का जायजा लिया। सर्वप्रथम महाप्रबंधक द्वारा जट डुमरी जंक्शन का निरीक्षण किया गया। इस दौरान महाप्रबंधक ने यहां उपलब्ध विभिन्न यात्री सुविधाओं का अवलोकन किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसी क्रम में महाप्रबंधक तारेगना और जहानाबाद स्टेशन भी गए जहां उन्होंने प्लेटफॉर्म, सर्कुलेटिंग एरिया, प्रतीक्षालय सहित यात्री सुविधा/संरक्षा से जुड़े समस्त व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने पटना-गया रेलखंड के स्टेशनों पर जारी रेल विकास से जुड़े निर्माण कार्यों की समीक्षा भी की। उन्होंने तारेगना, जहानाबाद स्टेशनों पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत जारी स्टेशन पुनर्विकास कार्य की प्रगति की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ नियत समय पर पूरा करने का निर्देश दिया। तत्पश्चात् महाप्रबंधक द्वारा पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के इसमाइलपुर और रफीगंज स्टेशन का निरीक्षण किया गया। इसी क्रम में महाप्रबंधक ने प्लेटफार्म, स्टेशन भवन, रिले रूम, पैनल रूम के साथ-साथ यात्री सुविधा/संरक्षा से जुड़े पहलुओं का गहन निरीक्षण किया।

महाप्रबंधक ने साफ-सफाई बनाए रखने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक द्वारा गया-अनुग्रह नारायण रोड रेल खंड पर टक्कररोधी स्वदेशी ट्रेन सुरक्षा प्रणाली ''कवच'' की स्थापना हेतु रफीगंज स्टेशन के रिले रूम में लगे ''कवच'' प्रणाली से संबंधित उपकरणों का निरीक्षण किया गया। विदित हो कि ''कवच'' एक स्वदेशी स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली है जो ट्रेनों को सुरक्षा और स्वचालित ब्रेक सिस्टम प्रदान कराती है। निरीक्षण में दानापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री जयंत कुमार चौधरी तथा पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के मंडल रेल प्रबंधक राजेश गुप्ता अपने-अपने क्षेत्राधिकार में महाप्रबंधक के साथ उपस्थित थे।

दुर्गामण्डप परिसर में खुला पूजन सामाग्री का काउंटर

निज संवाददाता

कौआकोल (नवादा)। कौआकोल दुर्गामण्डप परिसर में माता दुर्गा एवं माता काली की पूजा करने आने वाले श्रद्धालुओं के लिए एक अच्छी खबर है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर कमिटी की ओर से पूजन सामाग्री का काउंटर खोला गया है। जिसके तहत कम कीमत पर अच्छी क्वालिटी की सभी तरह की पूजन की सामाग्री श्रद्धालुओं को उपलब्ध कराई जाएगी। मंगलवार से उक्त काउंटर पर पूजन सामाग्री की बिक्री कार्य शुरू कर दिया गया। कमिटी के संरक्षक व आचार्य धर्मेन्द्र भूषण पाठक एवं सचिव अजित कुमार वर्मा ने बताया कि श्री श्री 108 श्रीदुर्गा स्थान न्यास समिति के सौजन्य से प्रत्येक मंगलवार एवं शनिवार को मंदिर परिसर में मात्र 25 रुपये, 55 रुपये, 105 रुपये एवं 505 रुपये में माता को चढ़ाने के लिए फूल, माला, श्रृंगार सामाग्री, चुनरी, प्रसाद के रुप में नारियल, लड्डू समेत अन्य पूजन सामाग्री उपलब्ध रहेगी। वहीं पूजा के लिए लोटा, जल, धूपदानी, आरती थाली एवं डलिया निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। मौके पर स्थानीय सरपंच मुन्नी देवी, वीरेंद्र साव, जवाहर लाल, राकेश बर्णवाल, महेद्र सिंह, जवाहर लाल, राजेन्द्र रावत, बजरंग दल के मुकेश कुमार, अभिमन्यु सिंह, राजीव कुमार, संजय बर्णवाल आदि मौजूद रहे।

सड़क दुर्घटना में दो लोग गंभीर रूप से हुए घायल

भभुआ (कैमूर) (नि.सं.)। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में हुई सड़क दुर्घटना में महिला सहित दो लोग घायल हो गए। घायलों में भभुआ थाना क्षेत्र के हरिहरपुर गांव निवासी रामसुंदर मल्लाह की 55 वर्षीया पत्नी सुमित्रा देवी व भगवानपुर थाना क्षेत्र के सरैयां गांव निवासी 62 वर्षीय केदार कहार शामिल हैं। दोनों घायलों को उनके परिजनों द्वारा सदर अस्पताल लाया गया, जहां के चिकित्सक द्वारा भर्ती कर उनका इलाज किया जा रहा है। चांदोरुइया गांव के पास दो बाइक की टक्कर में सुमित्रा देवी घायल हो गई। परिजनों में बताया कि सुमित्रा अपने बेटे के साथ बाइक से भभुआ कचहरी में जमीन लिखवाने के लिए आ रही थी।

संक्षिप्त समाचार

सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन ने मतदान से वंचित रहने के लिए किया अगाह

आरा। सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि, शाहपुर प्रखंड के 63 राजकीय कन्या प्रा० विद्यालय सुहिया में बने रैम्प का प्रयोग करने से थ्री व्हीलर द्वारा वरिष्ठ नागरिक, विकलांग जन अपने मतदान का प्रयोग करने से वंचित रह जायेंगे। संघ के जिला सचिव उदय प्रताप सिंह ने कहा कि बूथ पर जाने का मार्ग अतिक्रणकारियों द्वारा अवरोधित कर दिया गया है। इसके लिए अतिक्रमण वाद चलाकर सीओ द्वारा नोटिस भी तामिला हुआ है। इस तर्क में सीओ, बीडीओ, व एसडीओ को आवेदन दिए महीनों हो गए, लेकिन अतिक्रमण नहीं हटवाया गया। बार-बार आश्वासन दिया जाता रहा है कि मतदान से पहले अतिक्रमण हटवा दिया जाएगा। अब मतदान एक जून को है अभी तक स्थिति ज्यों की त्यों बनी हुई है। मतदाताओं को मूलभूत जरूरतों को पूरा किया जाय एवं मतदान का प्रतिशत बढ़ाया जाय। हम वरिष्ठ नागरिक गण इस व्यवस्था से निराश हो चले है कि इस संकीर्ण मार्ग से बूथ पर पहुंचने में हम असमर्थ रहेंगे। बूथ पर जाने के लिए इस व्यवस्था से हम मतदाता असंतुष्ट है।

युवाओं की लोकतंत्र में मतदान पर हुआ सेमिनार

आरा। एचडी जैन कॉलेज राष्ट्रीय सेवा योजना और आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय सेमिनार हुआ।जिसका विषय युवाओं की आकांक्षाएं तथा लोकतंत्र में मतदान का अधिकार था। विषय प्रवेश संयोजक डॉ तबस्सुम बानो ने किया। उन्होंने सेमिनार के उद्देश्य तथा विषय का परिचय दिया। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक डॉक्टर साधना रावत ने कहा कि लोकतंत्र की सबसे बड़ी खूबसूरती यही है कि उसमें युवा अपने अनुसार अपने नेता को चुनकर अपनी आकांक्षाओं की पूर्ति करवा सकते हैं। इसलिए सोच समझकर पूर्ण विवेक के साथ युवाओं को अपने नेतृत्व का चयन करना चाहिए। अध्यक्षता प्रधानाचार्य डॉ नरेंद्र कुमार ने किया। कहा कि आज के विषय में युवाओं की बात करना सर्वाधिक प्रासंगिक है। भौतिक विज्ञान की हेड डॉ संजीत कुमार ने मतदान के अधिकार का महत्व बताया। डॉक्टर पूर्ति मौहर ने लोकतंत्र में मतदान की भूमिका में युवाओं की पूर्ण भागीदारी करने का आवाहन किया। सेमिनार में आकर्षण के लिए अंकुश कुमार गुप्ता तथा अंकित कुमार के द्वारा आकर्षक रंगोली बनाई गई थी। जिन्होंने मतदान का संदेश दिया। सेमिनार में मनमोहन चौबे, विकास, रुचि कुमारी, प्रेरणा कुमारी, हर्षित, प्रिंस समेत राजनीति विज्ञान तथा भौतिक शास्त्र विभाग के विद्यार्थियों ने भाग लिया। संचालन भौतिक शास्त्र विभाग के अमन कुमार राठौर ने किया।

दादा के दाह संस्कार में पोते की डूबकर मौत, हाथ-मुंह धोने के दौरान फिसल गया था पैर

आरा। भोजपुर जिले के धोबहा थाना क्षेत्र बरजा घाट पर सोमवार को चचेरे दादा के दाह-संस्कार में गए पोते की गंगा नदी में डूबने से मौत हो गई। मृतक बिहिया थाना क्षेत्र के सुंदरपुर बरजा गांव निवासी रामेश्वर साह का 30 वर्षीय पुत्र मुन्ना साह है। जो पेशे से किसान था। मृतक के छोटे भाई सोनू साह ने बताया कि उनके चचेरे दादा विश्वनाथ साह की अत्यधिक उम्र होने जाने के कारण रविवार को उनका देहांत हो गया था। सोमवार की देर शाम सभी लोग उनके शव का दाह-संस्कार करने के लिए बरजा गंगा नदी घाट के गए हुए थे। जहां बड़े भाई मुन्ना साह गंगा नदी के किनारे मुंह-हाथ धो रहे थे। तभी उनका पैर फिसल गया और वह गंगा नदी में गिर पड़े। मछुआरे ने उन्हें डूबते हुए देख लिया। मछुआरे और स्थानीय लोगों के सहयोग से शव को पानी से बाहर निकला गया। परिजनों ने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। सूचना पाकर स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंच शव का पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने चार भाई में बड़ा था। उनके परिवार में मां तिलामुनी देवी व तीन भाई सोनू साह, मंतोष साह और नारद साह है।

राज्य स्तरीय तैराकी में भोजपुर के तैराकों ने जीते कई मेडल

आरा। राज्य सब जूनियर, जूनियर तैराकी चैंपियनशिप में भोजपुर जिला ने अपनी अलग पहचान बनाई है। राज्य तैराकी संघ के उपाध्यक्ष सह भोजपुर के जिला सचिव नर्वदेश्वर शुक्ला ने बताया कि राज्य सब जूनियर, जूनियर तैराकी चैंपियनशिप डीपीएस दानापुर के मानक तरणताल में रविवार को हुआ था। बालक ग्रुप में 200 मीटर, 100 मीटर फ्रीस्टाइल में अयांश चौबे ने गोल्ड, 50 मीटर फ्रीस्टाइल में सिल्वर, ज्योतिरादित्य ने 50 मीटर की बैक स्ट्रेंथ व बटरफ्लाई में सिल्वर, शिवांश पाठक ने 100 मीटर ब्रेथ स्ट्रेंथ में सिल्वर, मनीष कुमार ने 50 मीटर में गोल्ड और 50 मीटर की फ्री स्टाइल में कांस्य जीता। शुभम कुमार ने 100 मीटर की फ्री स्टाइल तैराकी में सिल्वर मेडल प्राप्त किया। बालिका ग्रुप में संदेश की रुबी कुमारी ने गोल्ड, खुशी गुप्ता ने 50 मीटर की बैक स्ट्रेंथ में सिल्वर, अमृता तिवारी ने 50 बैक स्ट्रेंथ में कांस्य, श्रेया ने 50 मीटर की बटरफ्लाई में व हिमांशु ने 50 मीटर की बटरफ्लाई में कांस्य पदक हासिल किया।

टैक्सेशन बार एसोसिएशन के कार्यकारिणी का गठन

आरा। टैक्सेशन बार एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी का कार्यकाल समाप्ति के बाद नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। अध्यक्ष अरविंद कुमार, सचिव डॉ संदीप कुमार, कोषाध्यक्ष राम प्रकाश पाठक उर्फ नुनु पाठक, ऑडिटर रामजी कुमार को बनाया गया है। इनके अलावा 11 लोग कार्यसमिति सदस्य बनाये गये है। कार्यसमिति सदस्य में विपिन बिहारी वर्मा, प्रेमकांत, सिद्धार्थ सिंह, विजयानंद त्रिवेदी, मणिशंकर सिंह, मनोज कुमार, दुर्गेश उपाध्याय, ओंकार दत्त गौतम, निर्मल चंद्र प्रसाद, पवन कुमार रजक, अभिषेक आनंद शामिल है। गौरतलब हो कि कार्यकाल 2021 में ही समाप्त हो गया था, उसके बाद से कार्यकारिणी का गठन नहीं हो सका। संघ ने विशेष परिस्थिति में पिछली कार्यकारिणी को निरस्त करते हुए सर्वसम्मति से नये पदाधिकारी व कार्यकारिणी का गठन किया।

इंडिया गठबंधन के नेताओं ने जनसंपर्क किया

आरा। कोईलवर प्रखण्ड के सोनघटा, ब्रह्मपुर एवं मटियारा में इंडिया गठबंधन के नेताओं ने प्रत्याशी सुदामा प्रसाद के लिए जनसंपर्क किया। कहा कि जनता महंगाई, बेरोजगारी, निजीकरण से परेशान है। मोदी ने नोटबंदी और लॉकडाउन लागू कर देश के लोगों के जीवन को नर्क बना दिए थे। अब मोदी जी को हटाना है। कार्यक्रमों में डॉ कन्हैया सिंह, रहमतुल्ला, माधुरी गुप्ता, दशरथ सिंह कुशवाहा, अधिवक्ता अखिलेश्वर प्रसाद, भीम प्रसाद, राजेन्द्र यादव थे।

जवाहर लाल नेहरू की 60 वीं पुण्यतिथि मनाई

आरा। भोजपुर जिला हिन्दी साहित्य सम्मेलन व लोक चेतना मंच ने पंडित जवाहर लाल नेहरू की 60 वीं पुण्यतिथि मनाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सम्मेलन के अध्यक्ष प्रो.बलिराज ठाकुर ने किया। प्रो ठाकुर ने कहा कि नेहरू जी शांति का पुजारी और क्रांति के अग्रदूत थे। विश्व को नेहरू जी की सबसे बड़ी देन गुटनिरपेक्ष सिद्धांत की है। प्रो दिवाकर पांडेय ने कहा कि पंडित नेहरू संपूर्ण मानवता के लिए चिरस्मरणीय है। कवि समीक्षक जितेंद्र कुमार ने कहा कि नेहरू जी ने विश्व को शांति का रास्ता दिखाया। संचालन डॉ नंदजी दूबे व धन्यवाद ज्ञापन डॉ सत्यनारायण उपाध्याय ने किया। मौके पर डॉ अयोध्या प्रसाद उपाध्याय, कवि जनार्दन मिश्र, डॉ रेणु मिश्र, डॉ बबन सिंह, शशिकांत तिवारी, डॉ ममता मिश्र, पंकज ठाकुर, जयप्रकाश सिंह, रमेश सिंह प्रपन्न, सौरभ कुमार, राम पुकार सिंह, अलख अनाड़ी सहित कई लोग उपस्थित थे।

विशेष छापेमारी अभियान में 24 की गिरफ्तारी

807 वाहनों की जांच में 2 लाख 38 हजार रुपए जुर्माना, चुनाव को लेकर की गई कार्रवाई

निज संवाददाता। आरा

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कांड में वांछित आरोपितों की गिरफ्तारी और शराब बरामदगी को लेकर छापेमारी अभियान चलाया जा रहा। जिसमें 24 पकड़े गए। लूट में एक, वारंट में 9, शराब में 12 पुलिस के हत्थे चढ़े है। करीब 180 लीटर देसी शराब बरामद की गई है। 2850 लीटर शराब नष्ट किया गया है। अभियान के दौरान 26 वारंट और एक कुर्की का निष्पादन किया गया। करीब 807 वाहनों की जांच की गई। 2 लाख 38 हजार रुपए जुर्माना किया गया। चार पोकलेन, एक ट्रक और एक बाइक जब्त की गई है। पीरो पुलिस ने लूटकांड में एक को पकड़ा है। संदेश पुलिस ने अवैध बालू खनन

और परिवहन में चार पोकलेन, एक ट्रक और एक बाइक जब्त की है। इसे लेकर प्राथमिकी की गई है।

20 लाख का ठगी करने वाला गिरफ्तारः टाउन थाना पुलिस ने मकान रजिस्ट्री कराने के नाम पर करीब 20 लाख रुपए ठगी मामले में सोमवार को एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपित रविन्द्र कुमार मूल रूप से जगदीशपुर के धर्म पीपरा गांव का निवासी है। वर्तमान में परिवार ब्लाक रोड में रहता है। पेशे से प्रॉपर्टी डीलर है। बड़ी मस्जिद निवासी नंद किशोर केसरी की पत्नी प्रमिला देवी ने आठ जुलाई 2023 को टाउन थाना में प्राथमिकी कराई थी। जिसमें बड़ी चौक मस्जिद के पास एक करोड़ 35 लाख रुपए का एक पुराना मकान दिखाने और एग्रीमेंट के बहाने 20 लाख रुपए ठगी किए जाने का आरोप लगाया था। इस दौरान पुलिस ने आरोपित प्रॉपर्टी डीलर को गिरफ्तार कर लिया। इसी तरह 20 लीटर देसी शराब के साथ नगर पुलिस ने बलबतरा निवासी विकास कुमार को पकड़ा।

भोजपुर में बिजली के पोल से गिरकर मिस्त्री की मौत

बिजली विभाग में संविदा पर था, असंतुलित होकर गिरा

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के गीधा थाना क्षेत्र के बीरमपुर (कृतपुरा) गांव स्थित सैलून के सामने मंगलवार की सुबह बिजली के पोल से गिरकर एक बिजली मिस्त्री की मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा। जानकारी के अनुसार मृतक गीधा थाना क्षेत्र के बीरमपुर (कृतपुरा) गांव निवासी निर्मल शर्मा का बेटा हरी ओम शर्मा (38) है।

लाइन ठीक करने के दौरान हुआ हादसाः वह बिजली विभाग में संविदा पर बिजली मिस्त्री कार्यरत था। इधर मृतक के छोटे भाई ओम लाल शर्मा ने बताया कि वह मंगलवार की सुबह गांव में स्थित सैलून के सामने बिजली के पोल पर चढ़कर लाइन ठीक कर रहा था। उसी दौरान वह बिजली के पोल से नीचे गिर पड़ा। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसके बाद सैलून में मौजूद लोगों द्वारा फोन कर इसकी सूचना उसके परिजनों को दी गई। सूचना पाकर परिजन फौरन वहां पहुंचे और उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले आए, जहां चिकित्सक ने देख उसे मृत घोषित कर दिया।

परिजनों का रो-रोकर बुरा हालः इसके पश्चात परिजन द्वारा इसकी सूचना सदर अस्पताल में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को दी। सूचना पाकर पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम करवाया।बताया जाता है कि मृतक अपने तीन भाइयों में दूसरे स्थान पर था। उसके परिवार में मां गायत्री देवी, पत्नी गीता देवी व दो पुत्र अमन एवं आलोक है। घटना के बाद मृतक के घर में हाहाकार मच गया है।

ट्रेन से गिरकर जमादार की हुई मौत, अप लाइन पर हुआ हादसा

निज संवाददाता। आरा

दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर आरा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो के पश्चिमी साइड स्थित अप लाइन पर मंगलवार की सुबह ट्रेन से गिरकर इलेक्शन ड्यूटी में जा रहे एक जमादार की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही। मृतक चौरी थाना क्षेत्र के बेरथ गांव निवासी स्व. कामेश्वर सिंह के 39 वर्षीय पुत्र सतेंद्र कुमार सिंह हैं।

बलुआ बाजार थाने में कार्यरत थेः बिहार पुलिस में जमादार थे और वर्तमान में सुपौल जिला के बलुआ बाजार थाने में जमादार के पद पर कार्यरत थे। इधर, मृतक जमादार के जीजा सतेन्द्र सिंह ने बताया कि वह करीब चार वर्ष से सुपौल में पोस्टेड थे। सुपौल में इलेक्शन कराने के बाद वह मंगलवार की सुबह वह ट्रेन से कैमूर जिला के भभुआ इलेक्शन ड्यूटी में जा रहे थे। उसी दौरान आरा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 2 पर ट्रेन से गिर पड़े। जिससे उनकी मौत हो गई। आरा रेल पुलिस ने सूचना परिजनों को दी। रेल पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने चार भाइयों और तीन बहनों दूसरे स्थान पर था। 2009 में बिहार पुलिस में सिपाही के पद पर नौकरी ज्वाइन की थी। उनके परिवार में पत्नी पिंकी कुमारी, एक पुत्र मनीष और एक पुत्री मधु है।

पिता-पुत्र समेत चार लोगों को पीटकर किया घायल, ईंट गिराने को लेकर हुआ विवाद

बाजार से घर लौट रहे भाइयों पर किया हमला

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भकुरा गांव में सोमवार की देर शाम घर बनाने को लेकर पटीदारों ने पिता–पुत्र समेत चार लोगों को लोहे के रॉड से मारकर बुरी तरह जख्मी कर दिया। लोगों की मदद से मामले को शांत कराया गया और इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां सभी लोगों का इलाज कराया जा रहा है।जख्मियों में मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भकुरा गांव निवासी स्वर्गीय ननकू राय के 65 वर्षीय पुत्र राजकुमार राय, 55 वर्षीय विजय कुमार, राजकुमार राय के 22 वर्षीय पुत्र रामलाल राय और विजय राय के 17 वर्षीय पुत्र राजू कुमार राय शामिल हैं।

बीच-बचाव में अन्य दो लोग जख्मीः इधर, जख्मी रामलाल राय ने बताया कि पिताजी अपने हिस्से में घर बनाने के लिए ईंट गिरवाया हुआ था। इसी बात को लेकर उनके पटीदार काफी गुस्से में थे। जब हम और मेरे चचेरे भाई राजू कुमार राय बाजार से सब्जी खरीद कर पैदल घर वापस लौट रहे थे। इस बीच उक्त पटीदार ने नशे में धुत्त होकर गाली–गलौज करते हुए लोहे के सरिया से हमला कर दिया। मेरा सिर फोड़ दिया। इसके बाद जब मेरे चाचा और पिताजी बीच बचाव करने के लिए पहुंचे तो उनकी भी पिटाई कर दी।

थाने में की शिकायतः आरा सदर अस्पताल के इमरजेंसी ड्यूटी में लगे चिकित्सक अशोक कुमार ने बताया कि राजकुमार राय और राजू कुमार राय को काफी गंभीर चोट आई है, जबकि दो लोगों की भी चोटें आई है। सभी का प्राथमिक उपचार कर दिया गया है। ऑब्जर्वेशन में रखकर इलाज किया जा रहा है। पीड़ित परिवार ने शिकायत स्थानीय थाना पुलिस से की है।

मिथिलेश तिवारी ने पूर्व IPS को बताया अर्बन नक्सली

आनंद मिश्रा बोले- वोट क्या पानी नहीं मिलेगा, खाकी को बदनाम किया, बक्सर में घुसने नहीं देंगे

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर में एक जून को आखिरी चरण में मतदान होना है। वोटिंग से पहले बीजेपी प्रत्याशी मिथिलेश तिवारी का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा। इस वीडियो में एक इंटरव्यू के दौरान निर्दलीय प्रत्याशी और पूर्व IPS आनंद मिश्र को वो अर्बन नक्सली बता रहे हैं। इस वीडियो पर पूर्व आईपीएस ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि खाकी को बदनाम करेंगे तो वोट क्या पानी भी नसीब नहीं होगा। खाकी को बीजेपी प्रत्याशी ने जलील किया है। बक्सर में घुसने नहीं देंगे। पूर्व IPS ने कहा कि मिथलेश तिवारी अराजकता फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। मैंने माफिया से लड़ाई लड़ी, वहां जाकर दुश्मनों का सामना किया, जहां लोग घूमने तक नहीं जाते। भारतीय पुलिस सेवा में रहते हुए अपनी जान हथेली पर रखकर मैंने आतंकवादियों, अराजक तत्वों के खिलाफ लड़ाइयां लड़ी हैं। बीजेपी प्रत्याशी मिथिलेश तिवारी को हर खाकी वाले से माफी मांगनी चाहिए। मेरे संघर्ष का मूल्यांकन कर महामहिम राष्ट्रपति सहित कई राष्ट्रीय संस्थानों ने सम्मानित किया और ये

अपना राजनीतिक हित साधने के लिए मुझे अर्बन नक्सल की संज्ञा दे रहे हैं।

सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की अपीलः पूर्व आईपीएस ने कहा कि मिथिलेश तिवारी को अपने इस निकृष्ट सोच के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। किसी इंसान की सोच कितनी गिर सकती है? यह हर खाकी का अपमान है। उन्होंने कहा कि यह फौजियों का इलाका है, यहां के नौजवान पैरामिलिट्री में जाते हैं। हम अपनी जान खतरे में लगाकर वतन के लिए लड़ते हैं। एक दूसरे प्रदेश से आकर यहां के बेटे को ऐसा बोलना एक अपराध है। उन्होंने कहा कि मिथिलेश तिवारी को हर उस खाकी वाले और नौजवानों से माफी मांगनी चाहिए जो देश की सेवा के लिए जान पर खेलते हैं।

वायरल वीडियो में मिथलेश तिवारी ने क्या कहाः बीजेपी ने मिथिलेश तिवारी को बक्सर से उम्मीदवार बनाया है। बीजेपी प्रत्याशी का मीडिया को दिया एक इंटरव्यू का हिस्सा वायरल हो रहा। इस वीडियो में पत्रकार सवाल पूछता है कि आनंद मिश्रा को बीजेपी ने बक्सर से उम्मीदवार बनाने का आश्वासन दिया था। इस पर मिथिलेश तिवारी कहते हैं कि किसी को भी टिकट का आश्वासन देना होगा तो बिहार प्रदेश अध्यक्ष ,संगठन मंत्री या बिहार के प्रभारी मंत्री देंगे। सेंट्रल पार्लियामेंट के सदस्य और हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष टिकट का आश्वासन दे सकते हैं। आनंद मिश्रा पार्टी के सदस्य तक नहीं हैं। इन्हें किसी ने टिकट का भरोसा नहीं दिया। ये लोग अर्बन नक्सली हैं।

हत्या के 22 वर्षों के बाद सात दोषियों को मिली आजीवन कारावास की सजा

निज संवाददाता। बक्सर

चुनावी रंजिश में प्रत्याशी समर्थक को मारी गई थी गोली, 23 पर केस था। 22 वर्षों के बाद हत्या के मामले में सोमवार को सजा सुनाई गई। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश 2 विजेन्द्र कुमार ने पुलिस और दोनों पक्षों के गवाहों सुनने के बाद हत्या के मामले में अभियुक्तों को दोषी पाया। कोर्ट ने सभी सात अभियुक्तों को आजीवन कारावास और 35-35 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। अपर लोक अभियोजक बिनोद कुमार सिंह ने बताया कि दिनांक 7 सितंबर 2002 को नावानगर थाना क्षेत्र के मणियां गांव में चुनावी रंजिश के मामले में रामभजू सिंह को आरोपितों ने गोली मार हत्या कर दी थी। मृतक शौच करने बधार में गये थे उसी समय आरोपितों द्वारा मजमा बनाकर बंदुक, राइफल से लैश होकर गोली मारकर हत्या कर

दी। इसी मामले में सूचक काशी नाथ सिंह ने अभियुक्तों के खिलाफ नावानगर थाना में एफआईआर दर्ज किया था। पुलिस की चार्जशीट के बाद न्यायाधीश ने सुनवाई करते हुए गवाहों के बयान और साक्ष्य के आधार पर दोषी पाया। कोर्ट ने अभियुक्त सुदर्शन राम, गणेश राम, गोधन राम, फालगू राम, सुदर्शन राम, सुदामा राम व सुरेश यादव को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने सभी को 35-35 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। बताया जा रहा है हत्या के मामले में अन्य आरोपितों के खिलाफ कोर्ट में सुनवाई अभी चल रही है।

पटना में आज 2 जनसभा को संबोधित करेंगे सीएम योगी

भोजपुर में भी आरके सिंह के लिए वोट मांगेंगे, आदित्यनाथ की सभा के लिए तैयारियां पूरी

निज संवाददाता। पटना/आरा

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज बिहार आएंगे। वे यहां पर तीन जनसभा करेंगे। सबसे पहले फतुहा के अलावलपुर स्थित कालिका हाई स्कूल मैदान में दोपहर 2:40 में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद भोजपुर जिले के बड़हरा प्रखंड में शाम चार बजे सभा होगी। आरा लोकसभा समर्थित भाजपा प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री आरके सिंह के समर्थन में वोट मांगेंगे। फिर शाम 5:00 योगी आदित्यनाथ पटना के पाटलिपुत्र स्थित साई मंदिर के पीछे पॉलिटेक्निक मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे। यहां वे पटना साहिब लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी रवि शंकर प्रसाद के लिए लोगों से वोट की अपील करेंगे। योगी के आने की तैयारी पूरी कर ली गई है। स्थानीय विधायक डॉ संजय चौरसिया ने भी सोमवार को सभा स्थल का जायजा लिया और पुलिस प्रशासन की टीम

के साथ बैठक भी की।

अलग-अलग जिलों के एनडीए समर्थकों की जुटेगी भीड़ः योगी आदित्यनाथ के आगमन के कार्यक्रम को लेकर कार्यक्रम स्थल और हेलीपैड का निरीक्षण कर तैयारी का जायजा लिया गया। जनसभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए भाजपा कार्यकर्ता जी-जान से लगे हुए हैं। इसकी तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है। भोजपुर जिले समेत अलग-अलग जिलों के एनडीए समर्थकों के भारी संख्या में पहुंचने की उम्मीद है। जनसभा में भाजपा सहित सभी घटक दलों के प्रदेश और जिला स्तरीय नेता और कार्यकर्ता शामिल होंगे।

चुनाव प्रचार में बोले गिरिराज 1947 में हुई गलती

कांग्रेस अगर सारे मुसलमानों को पाकिस्तान भेज देती तो आज नहीं होती समस्या

निज संवाददाता। कैमूर

कैमूर के रामगढ विधानसभा क्षेत्र में मंगलवार को प्रचार करने के लिए केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह पहुंचे। बक्सर संसदीय क्षेत्र में आने वाले नुआंव प्रखंड के चंडेश गांव में जमकर कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 1947 में अगर कांग्रेस सारे मुसलमानों को पाकिस्तान भेज देते तो तो यह दिन देखना नहीं पड़ता। आज देश में लगातार हिंदुओं की आबादी घट रही है और मुसलमान की बढ़ रही है। लव जिहाद और लैंड जिहाद के मामले चल रहे हैं। अपने ही हिन्दू भाइयों को परेशानी झेलना पड़ रहा है।

पीएम के सामने नहीं कोई उम्मीदवारः वहीं आगे एनडीए गठबंधन को लेकर कहा कि इस चुनाव में जब 400 सीट का

आंकड़ा पार करेंगे तो और कड़ा कानून बनाएंगे। देश में मौजूदा समय में नरेंद्र मोदी के सामने कोई प्रधानमंत्री का उम्मीदवार नहीं है। हालांकि कुछ रंगा-बिल्ला घूम रहे है लोगों के बीच भ्रम भी फैला रहे है। उनके भ्रम में कोई ना आए, इसलिए बताने आया हूं।

धन और धर्म दोनों पर खतराः उन पर भरोसा करने से धन और धर्म दोनों खतरे में होगा। रंगा-बिल्ला के बात पर जाएंगे तो, वह लोग हिंदुओं का आरक्षण छीन कर मुसलमान को देने का काम करेंगे। इसलिए 400 के पार सीटें जीतने पर संविधान को इतना मजबूत करेंगे कि इससे गरीबों को उसका हक मिलेगा। इसके साथ ही बाकी बचे काम भी पूरे होंगे।

मुंगेरीलाल हसीन सपने देख रहे हैं लेकिन खाता भी नहीं खुलेगाः इसके अलावा कहा कि 2024 में सरकार बनने के बाद लव जिहाद और लैंड जिहाद को लेकर कानून बनाएंगे। विपक्ष को लेकर कहा कि कुछ मुंगेरीलाल हसीन सपने देख रहे हैं, लेकिन उनका खाता भी नहीं खुल पाएगा। चार जून को लालू जी को कंधा लगाने के लिए भी बिहार में चार लोग नहीं मिलेंगे।

संक्षिप्त समाचार

छात्र को गोली मारने का आरोपी तीसरे दिन भी फरार

भागलपुर। इशाकचक इलाके में छात्र को गोली मारने का आरोपी दीपक साह समेत तीनों नामजद आरोपी फरार चल रहा है। घटना के तीसरे दिन भी पुलिस आरोपियों को नहीं पकड़ सकी है। वहीं, जख्मी छात्र मोती उर्फ मिथिलेश का इलाज जारी है। फिलहाल उसकी हालत स्थिर है। बता दें कि शनिवार की सुबह चाय दुकान पर मोती को गोली मारी गई थी। एक वर्ष पहले किरायेदार को मकान खाली करवाने को लेकर मोती और दीपक साह में विवाद और मारपीट की घटना हुई थी। इसी पुराने विवाद को लेकर आरोपी दीपक साह, उसके भाई व बेटे ने मिलकर हत्या करने का प्रयास किया था। सिटी डीएसपी अजय कुमार चौधरी ने बताया कि आरोपियों कि गिरफ्तारी के लिए टीम छापेमारी कर रही है। गोली मारने के आरोपी के पकड़े जाने के बाद ही घटना के असली कारणों का खुलासा हो पाएगा। वहीं, टीम घटना से जुड़े अन्य साक्ष्यों को भी इकट्ठा कर रही है।

एसएम की शिक्षिका ने बिहार की समस्या पर शोध किया पूरा

भागलपुर। एसएम कॉलेज में इकोनॉमिक्स की असिस्टेंट प्रोफेसर चैतन्या सी दामू ने बिहार की समस्या पर अपना शोध पूरा किया है। वे 2017 बैच की असिस्टेंट प्रोफेसर हैं। वह मूलरूप से केरल की रहने वाली हैं। उन्होंने बिहार में आय और धन असमानता व परिमाण, कारण और उपचारात्मक उपाय पर विस्तृत शोध पूरा किया है। उन्होंने अपने शोध पत्र में बिहार में आय और धन को लेकर कई बिंदुओं पर शोध किया है। हर बिंदु के बारे में बताते हुए उपाय के बारे में भी जानकारी दी है। सोमवार को पीजी इकोनॉमिक्स विभाग में आयोजित मौखिक परीक्षा में उन्होंने अपना शोध प्रबंध जमा कर दिया। उनके गाइड पीजी इकोनॉमिक्स के पूर्व हेड डॉ. उदय प्रकाश सिन्हा हैं। मौखिक परीक्षा के दौरान एक्सटर्नल डॉ. रंजना सिंह, पीजी हेड डॉ. अनिल कुमार तिवारी, डॉ. निशा कुमारी, डॉ. सुरेंद्र सिंह, डॉ. उषा उपस्थित थी।

मायागंज अस्पताल में अल्ट्रासाउंड जांच शुरू

भागलपुर। मायागंज अस्पताल के ओपीडी में सोमवार को 114 मरीजों की अल्ट्रासाउंड जांच हुई। इससे मरीजों को राहत मिली। दरअसल शनिवार को डॉक्टर के बीमार पड़ने के चलते ओपीडी में मरीजों की जांच नहीं हो सकी थी, जबकि रविवार को साप्ताहिक अवकाश ही था। इसे लेकर सोमवार को सेंटर में भीड़ बढ़ गई तो शाम चार बजे के बाद तक मरीजों की जांच की गयी।

यूजी सेम-1 में नामांकन के लिए चार जून को जारी होगा पहला मेरिट लिस्ट

मुंगेर। मुंगेर मुंगेर विश्वविद्यालय में यूजी सेमेस्टर-1, सत्र 2024-28 में नामांकन का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। जिसमें 01 और 02 जून को आवेदन प्रपत्र की त्रुटियों को शुद्ध करने का मौका दिया जाएगा। उसके बाद 04 जून को पहला मेरिट लिस्ट का प्रकाशन किया जाएगा। फर्स्ट मेरिट लिस्ट जारी होते ही 05 से 11 जून तक उसके आधार पर चयनित विद्यार्थियों को नामांकन का मौका दिया जाएगा। लगे हाथ 13 जून को दूसरा मेरिट लिस्ट जारी किया जाएगा। 13 से 19 जून तक दूसरे मेरिट लिस्ट के आधार पर नामांकन लिया जाएगा। उसके बाद 21 जून को तीसरे मेरिट लिस्ट का प्रकाशन किया जाएगा। जिसके आधार पर 21 से 24 जून तक नामांकन का मौका दिया जाएगा। तीनों मेरिट लिस्ट के आधार पर नामांकन के बाद रिक्त रह गए सीटों की सूची जारी की जाएगी। उसके बाद 26 से 28 जून तक नए आवेदन के साथ ऑन स्पॉट नामांकन का छात्र-छात्राओं को मौका दिया जाएगा। उसके बाद अंत में 29 जून से 06 जुलाई तक इस सत्र के छात्र-छात्राएं इस सत्र में पंजीकरण करा सकेंगे। सभी मेरिट लिस्ट विश्वविद्यालय के आधिकारिक वेबसाइट पर डाला जाएगा। यह जानकारी पीआरओ डा. प्रियरंजन तिवारी ने शनिवार को दी। बता दें कि अभी तक यूजी सेमेस्टर-1 में 40 हजार से ज्यादा छात्र-छात्राओं ने नामांकन के लिए आवेदन किया है। जिसकी संख्या और बढ़ने की संभावना है। फिलहाल 31 मई तक आवेदन करने का समय दिया गया है।

टैक्स घोटाला के आरोपियों पर होगी कार्रवाई

भागलपुर। नगर निगम में टैक्स घोटाला के आरोपियों पर कार्रवाई होगी। एक रिटायर तहसीलदार गोपाल दत्त ठाकुर की पेंशन बंद कर दी गयी है। अशोक मंडल का वेतन रोकते हुए निलंबित किया गया है। जबकि दिवंगत हो चुके तहसीलदार रहे जाबिर आलम के परिजनों को पैसा नहीं मिला है।

मुंगेर विवि की बैठक में उठी वेतन पर्ची देने व 16 फीसदी आवास भत्ता की मांग

मुंगेर। मुंगेर मुंगेर विश्वविद्यालय प्रशासन एवं इलिट फाल्कन कंपनी लिमिटेड के प्रतिनिधियों के बीच पिछले दिनों हुई बैठक में कई मामले उठे। जिस पर चर्चा हुई। जानकारी के अनुसार विश्वविद्यालय प्रशासन ने जहां आउटसोर्सिंग कर्मियों को वेतन पर्ची देने की मांग दोहराई, वहीं कंपनी के प्रतिनिधि ने मार्च, 2023 तक की राशि के भुगतान के दावे के साथ 16 फीसदी आवास भत्ता दिए जाने की मांग की। हालांकि यह आवास भत्ता मुंगेर के लिए देय नहीं है। इसलिए दावे को सुधार कर पेश करने की बात हुई। जहां तक लंबित भुगतान के दावे की बात है तो दावे का सत्यापन उपस्थिति के आधार पर कर पुनः पेश किए जाने की बात तय हुई। तमाम शर्तों को पूरा करने पर 15 दिनों में भुगतान सुनिश्चित करने की बातें सामने आई। जिसपर कंपनी के प्रतिनिधियों द्वारा विचार कर आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया। सितंबर, 2022 से इलीट कंपनी का है करार]कार्य हेतु कर्मियों की सेवा ली वर्ष 2022 के सितंबर माह में मुंगेर विश्वविद्यालय ने इलीट फाल्कन नामक कंपनी से एक समझौता किया। जिसके माध्यम से विश्वविद्यालय में कार्य हेतु कर्मियों की सेवा ली गई। कंपनी ने अपने कर्मियों को एक निश्चित मानदेय प्रति माह देने की बात कही थी। इकरारनामे के अनुसार प्रथम माह का मानदेय कंपनी को देना था। तदुपरांत हर माह के मानदेय का दावा विश्वविद्यालय के समक्ष प्रस्तुत करने पर विश्वविद्यालय को भुगतान करना था। परंतु इलीट फाल्कन ने आउटसोर्सिंग कर्मियों को पहले महीने के मानदेय का भुगतान ही नहीं किया। बाद में कर्मियों द्वारा हो हल्ला करने पर कुछ आंशिक भुगतान किया। लेकिन कर्मियों को मानदेय यह कहकर देने से मना कर दिया कि जब विश्वविद्यालय से उन्हें धनराशि प्राप्त होगी, तभी उन्हें भुगतान किया जाएगा। ▶ कई विषयों पर हुई चर्चा इलिट फाल्कन कंपनी लिमिटेड के प्रतिनिधि के साथ कुलसचिव की वार्ता हुई है। जिसमें कई महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा हुई है। - डा. प्रियरंजन तिवारी, पीआरओ एलीट फाल्कन कंपनी ने मुंगेर विश्वविद्यालय पर उच्च न्यायालय में मुकदमा दायर कर दिया है। साथ ही न्यायालय में करीब 3 करोड़ 76 लाख के भुगतान का प्रार्थना किया है। जानकारी के अनुसार बीच में विश्वविद्यालय ने कुल 55 लाख कंपनी को दिए हैं, जिसे कंपनी ने अपने कर्मियों को वितरित कर दिया है।

तीन घंटे के ट्रैफिक ब्लॉक के बाद ट्रेनों में अचानक बढ़ी भीड़

भागलपुर। सबौर से लैलख स्टेशन के बीच ट्रैक पर सफाई के कारण यि गये ट्रैफिक ब्लाक के कारण सोमवार को भागलपुर से कहलगांव के बीच रेल यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सबसे ज्यादा समस्या उन यात्रियों को हुई जो भागलपुर में बाजार व अस्पताल में आते हैं। रेलवे सबौर और लैलख ममलखा स्टेशन के बीच में तीन घंटे का ट्रैफिक ब्लॉक लिया। इस दौरान दोनों दिशाओं में ट्रेनों का आवागमन सुबह 9:45 बजे से दोपहर 12:45 बजे तक बाधित रहा। इस रूट पर भागलपुर से साहिबगंज रूट पर साहिबगंज पैसेंजर के बाद जमालपुर-रामपुर हाट पैसेंजर गयी। साहिबगंज रूट से ट्रैफिक ब्लाक के पहले ट्रेन नंबर 13409 इंटरसिटी एक्सप्रेस से यात्री आए। उसके बाद ट्रेन नंबर 05415 साहिबगंज पैसेंजर से यात्री आए। ट्रैफिक ब्लाक के कारण ट्रेन नंबर 03037/38 साहिबगंज-भागलपुर पैसेंजर निरस्त रहीं। ट्रैफिक ब्लॉक खत्म होने के बाद दुमका से आने वाली गंगा दामोदर एक्सप्रेस में भीड़ बढ़ गयी। दानापुर इंटरसिटी में सीट नहीं मिलने के कारण पटना की ओर जाने वाले यात्री इस ट्रेन में चढ़े। ट्रेन नंबर 13236/35 दानापुर-साहिबगंज इंटरसिटी 28 मई और 1 जून को साहिबगंज ना जाकर भागलपुर तक ही जाएगी।

मुंगेर में DEO ने की बड़ी कार्रवाई, जमालपुर में प्रिंसिपल समेत 16 शिक्षकों के वेतन पर रोक

निज संवाददाता। मुंगेर

शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के तमाम प्रयासों के बाद भी जमालपुर प्रखंड में पदस्थापित शिक्षकों के स्कूल अवधि में गायब रहने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। आलम यह है कि अब शिक्षक स्कूल में फर्जी आवेदन डाल विद्यालय में लेट पहुंचते हैं। ताकि इस दौरान अगर कोई निरीक्षक स्कूल पहुंचे तो उन्हें यह अतिरिक्त आवेदन दिखाया जा सके। अगर इस दौरान कोई नहीं पहुंचा तब तो विलंब से पहुंचने वाले शिक्षकों की बल्ले-बल्ले है। ऐसा ही मामला मुंगेर जिला अंतर्गत जमालपुर प्रखंड के स्कूल से सामने आया है। जहां शिक्षा विभाग स्थापना शाखा के प्रधान लिपिक सरोज कुमार ने जब स्कूल पहुंच सबसे पहले गैरमौजूद प्रधानाचार्य की खोज की तो मौजूद अन्य शिक्षक ने उन्हें छुट्टी का अतिरिक्त आवेदन दिखा दिया। प्रधानाचार्य के कार्यप्रणाली की पोल उस समय खुल गई। जब छुट्टी का आवेदन जमा करने वाले प्रधानाचार्य निरीक्षक पदाधिकारी के सामने ही स्कूल पहुंच गए। मामला जमालपुर प्रखंड के फरदा उच्च विद्यालय और फरदा मध्य विद्यालय का है। इसके बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने निरीक्षक पदाधिकारी के रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए दोनों विद्यालयों के प्रधानाचार्य सहित 16 शिक्षकों के वेतन पर एक दिन कटौती का आदेश जारी कर दिया है।

भगोड़े शिक्षकों में ये है शामिलः भगोड़े शिक्षकों में फरदा प्लस टू स्कूल के प्रधानाचार्य संतोष कुमार सहनी और शिक्षक सुजीत कुमार, अविनाश कुमार और सोनी कुमारी शामिल है। जबकि फरदा मध्य विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक कुमार सिन्हा और शिक्षक कौशल किशोर रमण, मोहम्मद राशिद वसीम, विनिता मिश्रा, अभय कुमार, नीलू कुमारी, संजू कुमारी, सोनी कुमारी, अभिषेक कुमार, काजल कुमारी, खुशबू कुमारी और संतोष कुमार शामिल है।

पूर्व DEO का करीबी था अशोक सिन्हाः शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार फरदा मध्य विद्यालय का प्रधानाचार्य अशोक कुमार सिन्हा पूर्व डीईओ अश्विनी कुमार के काफी करीबी माने जाते थे। पूर्व डीईओ के कार्यकाल में इनकी एक अलग ही पहचान और हनक शिक्षा अधिकारियों और शिक्षकों के बीच हुआ करती थी। जिसे शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के निर्देश और जिला शिक्षा अधिकारी की कार्रवाई में एक दिन वेतन कटौती का आदेश जारी कर यह स्पष्ट कर दिया। विद्यालय हर हाल में समय पर पहुंचना है। इसमें लेट लतीफी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। चाहे वो किसी के भी करीबी क्यों न हो। वहीं, इस मामले को लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी मोहम्मद असगर अली ने बताया कि स्कूल में पठन-पाठन के अलावा शिक्षा को लेकर अगर जहां भी लापरवाही बढ़ती जाएगी वहां लगातार कार्रवाई किया जाएगा।

शिक्षा विभाग के आदेश के नौ माह बाद भी सफाई कर्मियों की नहीं हुई नियुक्ति

निज संवाददाता। भागलपुर

दैनिक मजदूरी पर सफाई कर्मी रख सफाई करवा रहे प्रधानाध्यापक

शिक्षा विभाग के आदेश के नौ माह बाद भी सरकारी स्कूलों में सफाई कर्मचारी की नियुक्ति नहीं हुई। विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक ने 22 अगस्त 2023 को प्राथमिक, मध्य, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों के रख-रखाव की नई व्यवस्था लागू की थी। विद्यालयों की संपूर्ण सफाई के लिए विभाग द्वारा आउटसोर्सिंग वेंडर का जिला एवं प्रखंडवार चयन किया गया। एजेंसी को सभी विद्यालय में आवश्कता अनुसार सफाई कर्मी का चयन करना था। लेकिन आदेश के बाद एजेंसी द्वारा सफाई कर्मी संविदा पर नियुक्त किए गए, जिसमें डीईओ ने कहा कि शुरुआत में कई एजेंसी विद्यालयों की सफाई करने की जिम्मेवारी उठाई। विद्यालय में भ्रमण कर सफाई कर्मी चयन करने की बातें की गई। धरातल पर कार्य करने की शिकायत मिल रही है। जिले के कई विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने बताया कि विद्यालय की सफाई कराने के लिए एजेंसी वाले आए थे। वे शौचालय से लेकर विद्यालय के सभी कमरे बरामदे, छत, सीढ़ी टेबल कुर्सी आदि की सफाई प्रतिदिन करने के लिए एक सफाई कर्मी खोजने की बात कहें। सफाई कर्मी को प्रतिमाह एक हजार देने की बात कही। लेकिन इतनी कम राशि में स्कूल को प्रतिदिन सफाई करने वाला एक भी सफाई कर्मी नहीं मिला। फिलहाल प्रधानाध्यापक द्वारा दैनिक मजदूरी पर कर्मी को रख करवाया जा रहा है। ▶ विद्यालयों की संपूर्ण सफाई करने के लिए कई एजेंसी चयनित हुए थे। उन्हें एक सफाई कर्मी नियुक्त कर शौचालय से लेकर विद्यालय के चारों ओर सफाई करना था।

अनियंत्रित मिनी ट्रक ने फाइनेंस कर्मी को रौंदा, मधेपुरा के मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मौत

❒ भागलपुर का रहने वाला था लड़का

निज संवाददाता। मधेपुरा

मधेपुरा के मुरलीगंज थाना क्षेत्र के झील चौक स्थित बस स्टैंड के पास मंगलवार को एक बेकाबू मिनी ट्रक ने बाइक सवार युवक को रौंद दिया। गंभीर रूप से घायल युवक की इलाज के दौरान JNKT मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। मृतक की पहचान भागलपुर के सोनबरसा निवासी अजीत कुमार के बेटे अभिषेक कुमार(23) के रूप में हुई है। बताया गया कि अभिषेक आशीर्वाद माइक्रो फाइनेंस कंपनी में फील्ड वर्कर के रूप में काम करता था। मंगलवार की सुबह ऑफिस से वह फील्ड में कलेक्शन के लिए निकला था। ऑफिस से लगभग 200 मीटर आगे बस स्टैंड पर सड़क किनारे अपनी बाइक खड़ी कर अभिषेक फोन पर बात करने लगा। इसी दौरान एक तेज रफ्तार चार पहिया मिनी ट्रक ने उसे जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे युवक बुरी तरह जख्मी हो गए और बाइक क्षतिग्रस्त हो गया।

घटना के बाद ट्रक चालक फरारः ट्रक चालक घटना के बाद मौके से फरार हो गया। आसपास के लोगों ने उनके ऑफिस को इसकी जानकारी दी। गंभीर रूप से घायल अभिषेक को ट्रक के नीचे से बाहर निकाला। ऑफिस कर्मी और स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में उसे मुरलीगंज सीएससी पहुंचाया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसके नाजुक स्थिति को देखते हुए उसे जेएनकेटी मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। मुरलीगंज थाने की पुलिस ट्रक और बाइक को जब्त कर लिया है।

सीएमआर आपूर्ति का राज्य का औसत 77% लक्ष्य, केवल बेगूसराय 84 रहाः कमिश्नर

निज संवाददाता। मुंगेर

धान अधिप्राप्ति और सीएमआर आपूर्ति के संबंध में प्रमंडलीय आयुक्त संजय कुमार सिंह ने मुंगेर प्रमंडल अन्तर्गत सभी जिला सहकारिता पदाधिकारी व जिला प्रबंधक राज्य खाद्य निगम के साथ सोमवार को समीक्षा बैठक की। बैठक में आयुक्त के सचिव, विशेष कार्य पदाधिकारी आयुक्त कार्यालय और संयुक्त निबंधक मुंगेर व भागलपुर प्रमंडल भी मौजूद थे। प्रमंडलीय आयुक्त ने राइस मिलरों के द्वारा एसएफसी के चिन्हित गोदामों में सीएमआर आपूर्ति की समीक्षा के क्रम में कहा कि सीएमआर आपूर्ति का राज्य स्तर का औसत 77 प्रतिशत है। केवल बेगूसराय जिला का 84 प्रतिशत, बाकी राज्य स्तर के औसत से सभी जिलों की उपलब्धि असंतोषजनक है, जो खेद का विषय है। उन्होंने कहा कि धान अधिप्राप्ति के उपरांत मिल से सीएमआर के रूप में गोदाम में आया है या नहीं, इसकी पूरी जबावदेही संबंधित जिला सहकारिता पदाधिकारी व जिला प्रबंधक एसएफसी की है। उन्होंने जिला सहकारिता पदाधिकारी व डीएम एसएफसी को शत-प्रतिशत सीएमआर की आपूर्ति सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। इस कार्य में किसी प्रकार की कोताही नहीं करेंगे। उल्लेखनीय है कि मुंगेर जिला में 70 प्रतिशत सीएमआर आपूर्ति हुई है। बरियारपुर सड़क निर्माण के कारण समस्या बताई गई। लखीसराय में 71 प्रतिशत की सीएमआर आपूर्ति हुई है। खगड़िया में 72 प्रतिशत, जमुई में 73 प्रतिशत, शेखपुरा में 74 प्रतिशत सीएमआर आपूर्ति हुआ है। 30 जून तक शत-प्रतिशत सीएमआर की आपूर्ति सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया। आयुक्त ने कहा कि सीएमआर के संदर्भ में प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी की भूमिका व जवाबदेही तय करते हुए कहा कि कम उपलब्धि वाले बीसीओ को चिन्हित करते हुए उनके विरूद्ध कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। शत-प्रतिशत सीएमआर आपूर्ति नहीं होने पर वेतन भुगतान पर रोक बड़हिया, लक्ष्मीपुर, शेखोपुर सराय, बेलदौर, परबत्ता, बछवाड़ा व अन्य के विरूद्ध 60 प्रतिशत के लक्ष्य के काफी पीछे रहने और कम उपलब्धि के कारण शत-प्रतिशत सीएमआर प्राप्ति होने तक उनके वेतन भुगतान पर रोक लगाने का निर्देश दिया गया। वहीं बछवाड़ा के बीसीओ शैलेंद्र कुमार के द्वारा शून्य धान अधिप्राप्ति के कारण उनसे स्पष्टीकरण पूछते हुए उनके विरूद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

भागलपुर में पत्नी की हत्या करने करने वाले पति गिरफ्तार

भागलपुर। भागलपुर के हबीबपुर थाना क्षेत्र के सदरूद्दीनचक मोहल्ले में पति द्वारा रुपए के विवाद में पत्नी की हत्या कर दी गई थी। मामले में पुलिस ने 24 घंटे के अंदर आरोपी पति को थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। घटना के बाद पुलिस ने मृतका के पिता के लिखित बयान पर पुलिस ने हबीबपुर थाना में प्राथमिक की दर्ज की थी। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी पति मोहम्मद परवेज को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त समान भी बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपी ने पुलिस के समक्ष हत्या की बात को स्वीकारते हुए अपनी पत्नी रेशमा को चरित्रहीन बताया और फुफेरे भाई से अवैध संबंध की बात कही। मामले में डीएसपी- टू राकेश कुमार ने सोमवार को बताया कि आरोपी परवेज की सास ने अपनी बेटी को 60 हजार रुपए रखना को दिए थे। जिसे आरोपी ने खर्च कर दिया जिसके कारण पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ करता था। 24 मई की देर रात पति ने सोए अवस्था में लकड़ी के मुकद्दर से कूच कुच कर हत्या कर दी। पुलिस भी मानती है कि परवेज के बयान में विरोधाभास है। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। 24 मई की रात हबीबपुर थाना क्षेत्र में विवाहिता की कुच कुच कर हत्या कर दी थी।

तालाब में डूबने से किशोर की मौत, 5 दोस्तों के साथ खेत घूमने गया था

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में एक तालाब में डूबने से किशोर की मौत हो गई। मामला जिले के बाथ थाना क्षेत्र का है। जहां पर 5 दोस्तों के साथ खेत घूमने गए किशोर तालाब में नहाने लगे। इसी दौरान डूबने से उसकी मौत हो गई। घटना सोमवार की है। घटना की जानकारी साथ में गए दोस्तों ने लोगों को दिया। इसके बाद आनन-फानन में पहुंचे। मृतक किशोर के परिजनों ने शव को तैरते हुए देखा। जिसके बाद तलाब से बाहर निकाला। तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। बताया जा रहा है कि मृतक की मां और पिता दिल्ली में रहकर मजदूरी करता है। किशोर अपने दादी के साथ करहरिया पंचायत स्थित घर पर रहता था। घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दे दी गई है। मरने वाले की पहचान नीरज कुमार सिंह के बेटे सूरज कुमार(11) के रूप में की गई है। सरपंच महेंद्र शर्मा ने बताया कि बहरार गांव स्थित तालाब में एक बच्चा की डूबने से मौत हो गई। गांव के ही नीरज कुमार सिंह के बेटे सूरज कुमार है। ग्रामीणों के सहयोग से मृतक किशोर का शव पोखर से निकाला गया। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है। इधर, घटना की जानकारी मिलने के बाद माता-पिता दिल्ली से भागलपुर के लिए रवाना हो चुके हैं।

पूर्व रेलवे

सूचना सं. एसआईजी_डब्ल्यू_5_पॉलिसी, दिनांक 24.05.2024, वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर, पूर्व रेलवे, मालदा टाउन, ऑफिस बिल्डिंग, पी.ओ. झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **ई-निविदा सं.: एमएलडीटी_एसएनटी_23-24_25_ओटीआर1, दिनांक 24.05.2024, कार्य का नाम:** (क) अमृत भारत स्टेशन स्कीम के तहत जेआरएलई, डीजीएलई और एमजीआर स्टेशनों पर 12 मीटर चौड़े एफओबी के प्रावधान के सिलसिले में एस एंड टी कार्य। (ख) अमृत भारत स्टेशन स्कीम के तहत गोड्डा, बीएकेए, एसवीआरपी और एसबीओ स्टेशनों पर 12 मीटर चौड़े एफओबी के प्रावधान के सिलसिले में एस एंड टी कार्य। (ग) जेएमपी स्टेशन पर 30 शय्या वाले महिला आरपीएफ बैरक के निर्माण के सिलसिले में एस एंड टी कार्य। (घ) एएचए स्टेशन पर आच्छादित पाथवे के साथ द्वितीय एफओबी (6.1 मीटर) के प्रावधान कार्य के सिलसिले में एस एंड टी कार्य। (ङ) बराहहाट स्टेशन पर हाई लेवल पीएफ नं. 2 के प्रावधान के सिलसिले में एस एंड टी कार्य एवं अन्य अनुषंगी कार्य। (च) साहिबगंज में पूर्ण रूप से नवनिर्मित आरपीएफ 40 शय्या वाले बैरक के निर्माण हेतु प्रस्ताव के सिलसिले में एस एंड टी कार्य। (छ) बीजीपी-जेएमपी शाखा में खड़िया पीपरा स्टेशन पर हाई लेवल पीएफ के प्रावधान के सिलसिले में एस एंड टी कार्य एवं अन्य अनुषंगी कार्य। (ज) मालदा के पुराने एवं जीर्ण-शीर्ण आरपीएफ बैरक के प्रतिस्थापन कार्य के सिलसिले में एस एंड टी कार्य। (झ) आरपीएफ पोस्ट/कहलगांव के लिए भवन के निर्माण के सिलसिले में एस एंड टी कार्य। **निविदा मूल्य:** रु.1,72,45,926.75, **बयाना राशि:** रु.2,36,200/-, **ई-निविदा जमा देने की तिथि और समय :** दिनांक 31.05.2024 से 14.06.2024 को 11.00 बजे तक। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट: www.ireps.gov.in** और वरिष्ठ डीएसटीई कार्यालय, डीआरएम बिल्डिंग, मालदा।

MLD-34/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

मालदा मंडल के तहत ट्रैफिक एवं पावर ब्लॉक के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था

मालदा मंडल के तहत जमालपुर-किऊल शाखा में धरहरा और मसुदन स्टेशनों के बीच किमी. 372/3-4 पर लेवल क्रॉसिंग गेट नं. 20 को हटाने के लिए सबवे के प्रावधान हेतु आरसीसी बॉक्स और स्लैब को स्थापित करने के सिलसिले में, दिनांक **02.06.2024 (रविवार)** को **06 घंटे (08.00 बजे से 14.00 बजे) के लिए ट्रैफिक और पावर ब्लॉक** की आवश्यकता होगी। इसके फलस्वरूप, ट्रेनों के आवागमन में निम्नानुसार व्यवस्थाएँ की गई हैं: ● **रद्दगी:-** (1) 03487/03488 जमालपुर-किऊल-जमालपुर डीईएमयू स्पेशल, (2) 03477/03478 जमालपुर-किऊल-जमालपुर एक्सप्रेस स्पेशल, (3) 03433/03434 जमालपुर-किऊल-जमालपुर एमईएमयू स्पेशल। ● **ट्रेनों का पुनर्निर्धारण (यात्रा शुरू दिनांक 02.06.2024):** (1) 13334 पटना-दुमका एक्सप्रेस पटना से 05 घंटे के लिए। (2) 12367 भागलपुर-आनंद विहार टर्मिनल विक्रमशिला एक्सप्रेस भागलपुर से 01 घंटे के लिए। (3) 12335 गोड्डा-लोकमान्य तिलक टर्मिनल एक्सप्रेस गोड्डा से 04 घंटे के लिए। (4) 03413 मालदा टाउन-नई दिल्ली स्पेशल मालदा टाउन से 02 घंटे 20 मिनट के लिए। (5) 05404 गया-जमालपुर पैसेंजर स्पेशल गया से 03 घंटे के लिए। (6) 05509 सहरसा-जमालपुर पैसेंजर स्पेशल सहरसा से 03 घंटे के लिए। (7) 03615 जमालपुर-गया पैसेंजर स्पेशल जमालपुर से 05 घंटे के लिए। ● **संक्षिप्त यात्रा समाप्त/संक्षिप्त यात्रा शुरू (यात्रा शुरू दिनांक 02.06.2024):** (1) 13409/13410 **मालदा टाउन-किऊल-मालदा टाउन इंटरसिटी एक्सप्रेस** जमालपुर पर संक्षिप्त यात्रा समाप्त/से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी। (2) 13333/13334 **पटना-दुमका-पटना एक्सप्रेस** भागलपुर पर संक्षिप्त यात्रा समाप्त/से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी एवं भागलपुर और दुमका के बीच रद्द रहेगी। ● **नियंत्रण:** (1) 15658 कामाख्या-दिल्ली ब्रह्मपुत्र मेल (यात्रा शुरू दिनांक 01.06.2024) पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे प्रणाली के तहत 02 घंटे के लिए और मालदा टाउन मंडल के तहत 03 घंटे के लिए सुविधानुसार मार्ग में नियंत्रित की जाएगी। (2) 13241 बांका-राजेंद्र नगर टर्मिनल इंटरसिटी एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 02.06.2024) बांका से 01 घंटे विलंब से चलेगी और मार्ग में 30 मिनट के लिए नियंत्रित की जाएगी। (3) 13424 अजमेर-भागलपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 01.06.2024) पूर्व मध्य रेलवे प्रणाली के तहत दानापुर मंडल में 01 घंटे 30 मिनट के लिए नियंत्रित की जाएगी। (4) कोई भी मेल/एक्सप्रेस ट्रेन या स्पेशल ट्रेन, यदि विलंब से चल रही है तो उसे ब्लॉक अवधि के दौरान नियंत्रित किया जा सकता है। **टिप्पणी:** (1) ब्लॉक से पहले आखिरी ट्रेन-13401 भागलपुर-दानापुर इंटरसिटी एक्सप्रेस अप लाइन पर और 12368 आनंद विहार टर्मिनल-भागलपुर विक्रमशिला एक्सप्रेस डाउन लाइन पर। (2) ब्लॉक के बाद पहली ट्रेन-12367 भागलपुर-आनंद विहार टर्मिनल विक्रमशिला एक्सप्रेस अप लाइन पर और 13424 अजमेर-भागलपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस डाउन लाइन पर। यात्रियों से अनुरोध है कि वे स्टेशनों की जनसंबोधन प्रणाली का पालन करें। असुविधा के लिए खेद है।

मंडल रेल प्रबंधक/मालदा

पूर्व रेलवे

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

लॉ कॉलेज परिसर में परीक्षा देकर निकले छात्र की पीटकर हत्या, पटना विवि बंद

निज संवाददाता

पटना। सुलतानगंज थाना क्षेत्र स्थित लॉ कालेज के परिसर में सोमवार की दोपहर लगभग एक बजे स्नातक की परीक्षा देकर निकले छात्र हर्ष राज (22) की बदमाशों ने पीटकर हत्या कर दी। इसके बाद नकाबपोश हमलावर फरार हो गए। हर्ष बीएन कालेज के स्नातक अंतिम वर्ष के छात्र थे। वे मेधावी छात्र होने के साथ राजनीति में भी काफी सक्रिय थे। साथ में लोकनायक युवा परिषद संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे। लोकसभा चुनाव में भी उनकी सक्रियता नजर आई थे। वे समस्तीपुर लोकसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी शांभवी चौधरी के चुनाव प्रचार में जुटे थे। इस हत्या के खिलाफ शहर के कारगिल चौक पर छात्रों ने विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन करने वाले छात्रों ने हत्यारे की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। गांधी मैदान मच स्टेशन रोड अशोक राजपथ शाहिद आसपास के इलाके में ट्रैफिक जाम है। पुलिस बल पूर्वक विरोध प्रदर्शन करने वाले छात्रों को हिरासत में लेने के लिए कार्रवाई कर रही है। इसमें गिरफ्तारी भी हो गई है। बिहटा के अमहरा निवासी चंदन यादव की। चंदन पटना कॉलेज के जैक्शन हॉस्टल में रहता था। वह 25 मई को छठे चरण का मतदान होने के बाद पटना लौटे थे। वे पटना विश्वविद्यालय छात्रसंघ के आगामी चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी ठोकने वाले थे। इसके लिए अभी से ही संघर्ष कर रहे थे। उनकी हत्या के विरोध में मंगलवार को पटना विश्वविद्यालय बंद रहेगा। मूलरूप से वैशाली जिले के बेलसर थानांतर्गत मझौली गांव निवासी हर्ष राज पटना के बोरिंग रोड में रहकर पढ़ाई करते थे। ला कालेज में बीएन कालेज के स्नातक की परीक्षा चल रही है। परीक्षा समाप्त होने के बाद हर्ष क्लासरूम से बाहर निकले और परिसर में आकर बुलेट बाइक पर बैठे ही थे कि आधा दर्जन की संख्या में रहे हमलावर

उनपर टूट पड़े। उन्होंने लाठी-डंडे से हर्ष की बुरी तरह पिटाई कर दी। ईंट-पत्थर से भी पीठ और पेट पर वार किया। बेहोश होने तक पीटते रहे, फिर बाइक से फरार हो गए। मारपीट की सूचना पर उनके मित्र लॉ कालेज पहुंचे और लहूलुहान हालत में हर्ष को पीएमसीएच में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। एक छात्रा ने हर्ष के मोबाइल से काल कर उनके माता-पिता को वारदात की सूचना दी। इधर, सूचना मिलते ही पटना सिटी एएसपी शरथ आरएस आसपास के थानों की पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे। प्रत्यक्षदर्शियों से घटना की जानकारी ली। एफएसएल की टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए। डाग स्क्वायड को भी बुलाया गया, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। सिटी एसपी (पूर्वी) भारत सोनी ने बताया कि हत्या का कारण अब तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता और आपसी विवाद समेत सभी बिंदुओं पर पड़ताल की जा रही है। आरोपितों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पटना विश्वविद्यालय के पटना कॉलेज में पुलिस पिकेट होने के बावजूद मारपीट, बमबाजी और फायरिंग की खबरें आम हैं। लूट का मामला भी हाल में सामने आया था। ला कालेज सुरक्षाविहीन था, जिसका फायदा उठाकर सोमवार को अपराधियों ने परिसर में ही छात्र की पीटकर हत्या कर दी। हर्ष राज की निर्मम हत्या से छात्रों में आक्रोश है। बवाल की आशंका पर पुलिस ने पटना विश्वविद्यालय के आसपास के इलाकों को छावनी में तब्दील कर दिया है। हत्या से इलाके के लोग भी सहम गए हैं। पुलिस ने जब प्रत्यक्षदर्शियों से हत्यारों के बारे में जानने की कोशिश की तो सभी ने कहा कि उनके चेहरे ढके थे और सब कुछ इतनी जल्दी हुआ कि वे किसी को देख नहीं पाए। आरोपितों की बाइक का नंबर तो दूर कोई मॉडल या रंग तक नहीं बता पाया। हर्ष की बढ़ती लोकप्रियता को देखकर छात्र राजनीति से जुड़े विरोधियों में द्वेष की भावना तो थी ही, पर विवाद का एक और कारण सामने आया है। पिछले साल दुर्गा पूजा पर डांडिया नाइट्स का आयोजन किया गया था, जिसके मुख्य कर्ता-धर्ता हर्ष ही थे। इसको लेकर भी छात्रों के एक गुट से उनका विवाद चल रहा था। पुलिस आयोजन से संबंधित मामले के बारे में उनके साथियों से पूछताछ कर रही है। साथ ही विरोधियों का पता लगाया जा रहा है। मोबाइल का काल रिकार्ड खंगाला जा रहा है। देर शाम पुलिस के हाथ दो वीडियो लगे हैं। इनमें एक पांच और दूसरा दो सेकेंड का है। दोनों वीडियो इंटरनेट मीडिया पर भी तेजी से प्रसारित हो रहे हैं। वीडियो में दिख रहा है कि लाठी-डंडे लेकर पहुंचे नकाबपोश बदमाशों को देखते ही परिसर में भगदड़ मच गई। हर्ष को जमीन पर पटकने के बाद हमलावर ईंट से उन्हें कूच रहे थे। इस वीडियो के जरिये पुलिस आरोपितों की पहचान करने में जुटी है।

सम्राट चौधरी ने एक-एक एनडीए नेताओं को दे दिया बड़ा टास्क

निज संवाददाता

राजपुर (डुमरांव) (नि. सं.)। बिहार में सातवें चरण का चुनाव 1 जून को है। इससे पहले बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी (Samrat Chaudhary) ने एनडीए नेताओं को नया टास्क दे दिया है। एक सभा में उन्होंने कह कि देश को एक मजबूत सरकार चाहिए और मजबूत सरकार आपके आशीर्वाद से चाहिए। उन्होंने कहा कि आपने 1947 के बाद कांग्रेस की सरकार बनाई। अब तक कई सरकारें आईं और गईं। 70 बरस की आजादी में अकेले 55 वर्षों तक कांग्रेस ने देश को लूटने का काम किया। ये बातें उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राजपुर प्रखंड के बन्नी गांव में चुनावी जनसभा के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि भारत का स्वर्णिम इतिहास है। कभी मोहम्मद गजनी ने भारत की विरासत को लूटा। नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद बिहार में 55 लाख लोगों को पक्का मकान मिला। एनडीए के साथी वैसे लोगों की एक सूची बनाकर दें, जो अब तक झोपड़ी में रहते हैं। सम्राट चौधरी ने आगे कहा कि 2025 के विधानसभा के चुनाव के पहले एक सूची बनाकर दे दीजिए। उनका घर भी बन जाएगा। मोदी सरकार ने गैस कनेक्शन दिया। कोरोना काल में खाने के लिए अनाज मोदी सरकार ने दिया। उन्होंने कहा कि बालू, जमीन एवं शराब माफिया को जेल भेजेंगे। पूर्व उप मुख्यमंत्री तार किशोर प्रसाद ने कहा कि कुछ लोगों को सत्ता की आदत लग गई है। उनको रोजगार के कारोबार में सबसे ज्यादा फायदा दिखता है, क्योंकि इसके लिए वे गरीबों की जमीन लेते हैं। इस दौरान राजपुर के पूर्व मुखिया सत्येंद्र नारायण सिंह एवं कई कांग्रेसी नेताओं ने भाजपा का दामन थामा। इस मौके पर रानी चौबे, विंध्याचल कुशवाहा, दयाशंकर सिंह, मनोज कुशवाहा, गोल्डन सिंह, सत्येंद्र कुशवाहा, फुटूचंद कुशवाहा, हिमांशु चतुर्वेदी, पूनम रविदास आदि मौजूद रहे। आधुनिक युग में जब एलईडी का जमाना है, तब बुझी हुई लालटेन व फूटा हुआ शीशा लेकर घूम रहे हैं। एनडीए गठबंधन में एक चेहरा है नरेंद्र मोदी, पर विपक्ष की तरफ से एक भी चेहरा हो तो बताएं। दावथ खेल मैदान में सोमवार को चुनावी सभा को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने यह बातें कही।

सातवें चरण में राजद-कांग्रेस के साथ माले की भी होगी परीक्षा

निज संवाददाता

पटना। लोकसभा चुनाव की लंबी अवधि समय के साथ पटाक्षेप की ओर बढ़ रही है। पहली जून को सात बिहार के आठ लोकसभा क्षेत्र के मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। इसके बाद चार जून को मतगणना और परिणाम की प्रतीक्षा होगी। इसके पहले दोनों गठबंधन की ओर से लगातार यहां मतदाताओं को लुभाने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा रहे हैं। दोनों गठबंधनों के लिए आखिर दौर की यह लड़ाई बेहद अहम है। एनडीए के सामने अपना रिकॉर्ड बचाने की चुनौती है तो महागठबंधन उस रिकॉर्ड को ध्वस्त करने की जुगत में है। बिहार के जिन आठ लोकसभा क्षेत्रों में मतदान होना है वे सीटें हैं नालंदा, जहानाबाद, आरा, बक्सर, पाटलिपुत्र, पटना साहिब, सासाराम और काराकाट। ये वे सीटें हैं जहां 2019 के लोकसभा चुनाव के साथ ही 2014 में एनडीए एलायंस ने जिसमें जदयू नहीं था उस दौरान उसने लोकजन शक्ति पार्टी और राष्ट्रीय लोकसमता पार्टी के साथ मिलकर चुनाव लड़ा और विरोधियों को बुरी तरह से शिकस्त दी थी। इस बार एनडीए के साथ जदयू भी है। जबकि दूसरी ओर महागठबंधन की ओर से इन सीटों पर जीत की लड़ाई का बड़ा दारोमदार राजद, भाकपा माले और कांग्रेस के ऊपर होगा। सातवें चरण की आठ सीटों में तीन पर राजद, तीन पर भाकपा माले और दो पर राजद का मुकाबला एनडीए उम्मीदवारों से होगा। लोकसभा चुनाव के पुराने रिकार्ड बताते हैं कि इन सभी आठ सीटों पर बीते 10 वर्षों से एनडीए ने जो बिसात बिछा रखी है उसका मुकाबला महागठबंधन के लिए आसान नहीं होने जा रहा। नालंदा हो, पटना साहिब हो, पाटलिपुत्र हो या फिर दूसरी कोई सीट एनडीए का यहां 10 वर्षों से जादू रहा है। नालंदा संसदीय सीट की बात करें तो 2014 और 2019 में जदयू के कौशलेंद्र कुमार के आगे किसी की नहीं चली। भाजपा से अलग लड़ते हुए भी 2014 में कौशलेंद्र ने जदयू के टिकट पर यहां से भाजपा की सहयोगी लोजपा उम्मीदवार सत्यानंद शर्मा को पराजित किया। 2019 में कौशलेंद्र ने इस रिकॉर्ड को बनाकर कर रखा और महागठबंधन की सहयोगी हम उम्मीदवार अशोक आजाद चंद्रवंशी को पराजित किया। इस बार इस सीट पर जदयू बनाम भाकपा माले संदीप सौरभ के बीच लड़ाई है। पाटलिपुत्र सीट पर राजद दो बार से भाजपा के रामकृपाल को पराजित करने के लिए लड़ रहा है। रामकृपाल के मुकाबले दोनों चुनाव में लालू प्रसाद ने अपनी बेटी मीसा भारती को उम्मीदवार बनाया, लेकिन जीत प्राप्त नहीं हो पाई। इस बार भी इस सीट पर रामकृपाल के सामने राजद ने मीसा भारती को टिकट देकर खड़ा किया है। पटना साहिब सीट की बात की जाए तो यहां से लगातार भाजपा विजयी होती रही है। आरा में 2014 और 2019 में आरके सिंह भाजपा की विजय दीवार की तरह खड़े रहे और उन्होंने 2014 में राजद उम्मीदवार भगवान सिंह कुशवाहा और 2019 में राजद समर्थित सीपीआइ एमएल उम्मीदवार राजू यादव को पराजित किया।

थानाध्यक्ष की जमकर पिटाई, हमलावरों ने पुलिस गाड़ी को भी किया क्षतिग्रस्त

पटना (नि.सं.)। खुसरूपुर के कुर्था के कल्लू मल्लिक मामले में फिर से हंगामा हुआ है। इसको लेकर सड़क जाम किया गया। आक्रोशितों ने पुलिस को खदेड़ा और हमला कर दिया। इस घटना में कई पुलिस कर्मी घायल हो गए हैं। सभी को पीएचसी में भर्ती कराया गया है। हमलावारों ने पुलिस गाड़ी को भी क्षतिग्रस्त किया है। इस हमले में खुसरूपुर के थानाध्यक्ष अरविंद कुमार गंभीर रूप से जख्मी हो गए हैं। उन्हें इलाज के लिए पटना रेफर किया गया है। इस घटना के बाद भारी संख्या में पुलिस बल को घटनास्थल पर तैनात किया गया है। आरोपियों के घरों की तलाशी ली जा रही है, सभी आरोपी घर छोड़कर फरार हो गए हैं। पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में लिया है। नाम अभी नहीं बताया गया है। पुलिस पर हमले के बाद कुर्था पहुंचे ग्रामीण एसपी रौशन कुमार, एसडीपीओ पंकज कुमार, इंस्पेक्टर मायायादव सहित भारी संख्या में पुलिस कर्मी। अंचल पदाधिकारी खुसरूपुर भी मौजूद। वहीं, कल्लू मल्लिक मामले में नया मोड़ आया है। बताया जा रहा है कि पत्नी ने ही पति की हत्या कराई थी। मृतक की पत्नी अनीता देवी और हत्या में शामिल इसके प्रेमी खिरोधरपुर निवासी सोनू यादव उर्फ आफत को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अब दोनों के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जा रही है।

गर्मी से गया और सारण के तीन स्कूलों की 20 छात्राएं बीमार

गया/छपरा (नि.सं.)। गर्मी का कुप्रभाव लगातार विद्यार्थियों पर देखने को मिल रहा है। सोमवार की सुबह बेलागंज के नागालाल अग्रवाल मध्य विद्यालय में आधा दर्जन छात्राएं पढ़ाई के दौरान मूर्छित हो गईं। शिक्षकों ने सभी छात्राओं को तत्काल सीएचसी बेलागंज में भर्ती कराया गया। उधर, आमस प्रखंड क्षेत्र के प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय आमस में गर्मी के कारण दो छात्रा और एक शिक्षिका बेहोश हो गईं। नागालाल अग्रवाल मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक धनंजय कुमार ने बताया कि घटना के बाद विद्यालय प्रबंधन की ओर से जिलाधिकारी को सूचित कर वर्ग एक से लेकर छह के सभी बच्चों की छुट्टी कर दी गई।

बिहार के बड़े अस्पताल में 'सिलेंडर बम' का खतरा, शॉर्ट सर्किट से आग लगी तो मरीजों को बचाना होगा मुश्किल

निज संवाददाता

पटना। सिटी। नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ऑक्सीजन सिलेंडर बम का खतरा मंडरा रहा है। यहां के दो मैनीफोल्ड में ऑक्सीजन और नाइट्रस ऑक्साइड के भरे हुए सिलेंडर रखे हैं। बिजली के जर्जर तारों के बीच रखें दर्जनों सिलेंडरों में शॉट सर्किट से आग लगने की संभावना बनी हुई है। खतरा उत्पन्न होने की स्थिति में आग पर नियंत्रण पाने के लिए अस्पताल में न तो फायर हाइड्रेंट की व्यवस्था है और न ही किसी मैनीफोल्ड कक्ष में अग्निशमन यंत्र लगा है। एनएमसीएच में तीन लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन प्लांट होने के बावजूद इन दोनों मैनीफोल्ड से ऑक्सीजन और नाइट्रस ऑक्साइड का वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में इस्तेमाल होता है। मैनीफोल्ड कक्ष में

ही सक्शन मशीन लगी है, जिसका इस्तेमाल लगातार होता रहता है। एनएमसीएच में शिशु रोग विभाग की इमरजेंसी और वार्ड के पीछे स्थित इस मैनीफोल्ड में दर्जनों सिलेंडर असुरक्षित रखे हैं। बचाव के नाम पर यहां एक पानी का साधारण सा नल लगा है। इस मैनीफोल्ड से सटे प्रधानमंत्री जन औषधि की दुकान, सामने में अस्पताल की सेंट्रल इमरजेंसी और कुछ कदम की दूरी पर केंद्रीय रजिस्ट्रेशन काउंटर है। इन सभी जगहों पर हर समय मरीजों और स्वजनों की भीड़ लगी रहती है। शिशु रोग विभाग की इमरजेंसी में जर्जर विद्युत वायरिंग के कारण भी शॉट सर्किट से आग लगने के खतरे की संभावना हर समय बनी रहती है। इसी तरह स्त्री एवं प्रसूति विभाग के भूतल में स्थित मैनीफोल्ड में दर्जनों ऑक्सीजन और नाइट्रस ऑक्साइड के सिलेंडर लगे हैं। पुरानी वायरिंग के बीच यहां भी सक्शन मशीन लगी है। इस मैनीफोल्ड से ऑक्सीजन नाइट्रस ऑक्साइड और सक्शन मशीन का निरंतर इस्तेमाल इसी भवन में स्थित कई ओटी में किया जाता है। यहां की लापरवाह व्यवस्था से संभावित खतरों के बीच चिंता इस बात की है कि आग से बचाव के लिए यहां कोई व्यवस्था नहीं है। एक भी अग्निशमन यंत्र नहीं लगा है। कर्मियों ने बताया कि बिजली की वायरिंग पुरानी होने के कारण शॉर्ट लगने की संभावना हर समय बनी रहती है। कई बार अस्पताल की वायरिंग में शॉट लगने से आग लग भी चुकी है।

बिहार में मुसलमानों पर सियासत तेज, सीएम नीतीश कुमार ने तेजस्वी पर दे दिया बयान

निज संवाददाता

हिलसा (नालंदा)। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि जिसने मुसलमानों के लिए एक काम भी नहीं किया है और बोलते रहता है कि मुस्लिम उनके साथ है। मुस्लिम कमेटी के लोगों को कहेंगे कि उन लोगों को कोई काम देता था, सब झगड़ा करते रहते थे। हम लोगों ने उनके आपस का झगड़ा बंद कराया। हिंदू-मुस्लिम झगड़े को भी खत्म कर दिया। नीतीश कुमार ने यह भी कहा कि मदरसों को सरकारी सहायता दी। आठ हजार से ज्यादा कब्रिस्तान की घेराबंदी कराई और एक हजार की घेराबंदी करने जा रहे हैं, इसलिए विरोधियों के झांसे में नहीं आना है, एक बार फिर केंद्र में एनडीए सरकार बनाना है। उन्होंने

कहा कि राजग सरकार ने स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, बिजली, पानी, नौकरी व रोजगार समेत हर क्षेत्र में विकास किया है। वह सोमवार को हिलसा के कचहरी रोड में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा, हम लोग और भाजपा 2005 से मिलकर काम करना शुरू किए और हर क्षेत्र में विकास किया है। 2005 से 2020 के बीच आठ लाख युवाओं को सरकारी नौकरियां दी। नीतीश वे कहा, हमने और भाजपा ने तय किया है कि 10 लाख लोगों को सरकारी नौकरी एवं 10 लाख लोगों को रोजगार देंगे। विधानसभा चुनाव के पहले 10 लाख लोगों को नौकरी और पांच लाख लोगों को रोजगार मिलेगा। 2005 के पहले प्रदेश में डर व भय का माहौल था। शाम के बाद कोई घर से निकल नहीं पाता था। पढ़ाई का हाल बहुत खराब था, बहुत कम बच्चे पढ़ते थे। लोगों को ये सब याद दिलाते हुए कहा, भूलिएगा नहीं। जनसभा के बाद मुख्यमंत्री ने हिलसा से राजगीर तक पार्टी के बसनुमा रथ से रोड शो किया और नालंदा से राजग के जद यू प्रत्याशी कौशलेंद्र कुमार के पक्ष में मतदान की अपील की। जनसभा को राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह, मंत्री श्रवण कुमार, पूर्व विधायक राजीव रंजन, पूर्व विधायक ई. सुनील कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष ई. रविशंकर, एमएलसी रीना यादव एवं अन्य ने भी संबोधित किया।

नीतीश कुमार फिर मारेंगे पलटी

पटना (नि.सं.)। बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने खुला ऑफर दे दिया है। उन्होंने स्पष्ट रूप से यह कह दिया है कि नीतीश कुमार चार जून के बाद पिछड़ों की राजनीति और पार्टी बचाने के लिए कोई भी फैसला ले सकते हैं। तेजस्वी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि हमारे चाचा जो हैं, पिछड़ों की राजनीति और अपनी पार्टी को बचाने के लिए चार जून के बाद कोई भी बड़ा फैसला ले सकते हैं। इन दिनों नीतीश कुमार लगातार यह कह रहे हैं कि अब वह इधर-उधर कहीं नहीं जाएंगे, इस बीच तेजस्वी का ऐसा बयान कई तरह के संकेत देता है। नीतीश कुमार ने कुछ ही महीने पहले गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए राजद का साथ छोड़ दिया था। इसके बाद भाजपा के साथ बिहार में सरकार बना ली। इससे पहले बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने मोदी सरकार पर एक बार फिर लोगों को बहलाने के आरोप लगाया था। उन्होंने अपने एक्स पर लिखा कि पहले मोदी जी लोगों को बहलाते (एम्यूज) करते हैं।

बीबीए, बीसीए, बीएमसी स्कॉलरशीप कॉलेजों की मेधावी छात्राओं को मिलेगी स्कॉलरशिप

निज संवाददाता

पटना। इंजीनियरिंग के बाद अब मैनेजमेंट और कंप्यूटर एप्लीकेशन के क्षेत्र में भी बेटियों की भागीदारी बढ़ाने के लिए योजना शुरू हो गई है। तकनीकी कॉलेजों में छात्राओं की संख्या बढ़ाने के लिए शैक्षणिक सत्र 2024 से विशेष स्कॉलरशिप योजना शुरू की जा रही है। अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआइसीटीई) की ओर से बीबीए, बीसीए और बीएमएस प्रोग्राम की मेधावी आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की छात्राओं को स्कॉलरशिप के माध्यम से आगे बढ़ाया जाएगा। इस योजना पर करीब 7.5 करोड़ रुपये सालाना खर्च होंगे। यह योजना का लाभ सत्र 2024-25 से बीबीए, बीसीए और बीएमएस की छात्राओं को मिलेगा। इसमें आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की 3000 से अधिक मेधावी छात्राओं को लाभ दिया जाएगा। उन्हें 25 हजार रुपये हर वर्ष मिलेगा। एआइसीटीई के अधिकारियों के अनुसार, इंजीनियरिंग में अतिरिक्त

सीट और स्कॉलरशिप के कारण छात्राओं की संख्या में काफी इजाफा हुआ है। इसी कारण अब प्रबंधन और कंप्यूटर एप्लीकेशन के क्षेत्र में बेटियों की भागीदारी बढ़ाने पर जोर होगा। अभी तक इंजीनियरिंग क्षेत्र में बेटियों की संख्या बढ़ाने के लिए प्रगति योजना में स्कॉलरशिप दी जाती है। इसमें 50 हजार रुपये सालाना स्कॉलरशिप दी जाती है। एआइसीटीई पहली बार आगामी सत्र से बीबीए, बीसीए और बीएमएस प्रोग्राम को पढ़ाने की मंजूरी दे रहा है। अभी तक यह तीनों प्रोग्राम को पढ़ाने की मंजूरी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) से मिलती थी। इसीलिए एआइसीटीई से मान्यता प्राप्त कॉलेजों की छात्राओं को इस स्कॉलरशिप का लाभ मिलेगा। इंजीनियरिंग के क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं के कारण छात्राओं की संख्या में लगातार सुधार हो रहा है। वर्ष 2019 में बेटियों की संख्या 29 फीसदी थी। 2020 में 30 फीसदी और 2021 में यह आंकड़ा 36 फीसदी तक पहुंच गया।

बालू का अवैध धंधा करने वालों को सबक सिखाएगा खनन विभाग

निज संवाददाता

पटना। बालू घाटों से जारी होने वाले ई-चालान में ठेकेदारों के स्तर पर गड़बड़ी का मामला नया नहीं है। मामले की जानकारी होने के बाद से इसे लेकर सख्ती हो रही है लेकिन, कई जिलों से अब भी गड़बड़ी की शिकायतें आ रही हैं। जिसके बाद खान एवं भू-तत्व विभाग ने नए सिरे से फर्जी ई-चालान को लेकर दिशा निर्देश जारी किए हैं। विभाग के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पिछले दिनों ई-चालान में गड़बड़ और फर्जी चालान जारी होने के बाद मुख्य सचिव ब्रजेश मेहरोत्रा के स्तर पर एक बैठक कर निर्णय लिया गया था कि जो घाट चालू हैं उनसे जारी होने वाले ई-चालान विभाग के स्तर पर जारी होंगे। साथ ही यह वाटर मार्क युक्त चालान होंगे। इस पूरी कवायद का मकसद

फर्जी चालान के कारोबार पर रोक लगाना था। मुख्य सचिव के निर्देश के बाद जिलों में यह कार्य शुरू भी हुआ। लेकिन, कुछ जिलों में अब भी घाटों से चालान जारी हो रहे हैं। इसके अलावा खनिज पदाधिकारियों को निर्देश दिए गए थे कि उनके स्तर पर प्रत्येक सप्ताह कम से कम पांच बालू घाट का निरीक्षण कर फर्जी ई-चालान रोक के निर्देश दिए गए थे। जिलों में यह कवायद चल रही है। अधिकांश जिलों में वाटर मार्क युक्त ई-चालान भी जारी हो रहे हैं। बावजूद सभी जिलों को नए सिरे से यह निर्देश दिए गए हैं कि जहां अब तक यह व्यवस्था प्रभावी नहीं हुई है उन जिलों में फर्जी चालान पर रोक के लिए जरूरी कदम उठाए जाएं। ताकि करोड़ों रुपये की राजस्व चोरी पर अंकुश लगाया जा सके। जिलों को इस आदेश का अनुपालन गंभीरता से करने के निर्देश दिए गए हैं।

कांग्रेस प्रमुख ने इस पॉपुलर नेता को दे दिया 'विकास' का क्रेडिट

पटना (नि.सं.)। कांग्रेस लगातार बिहार में लोगों को अपने मुद्दों से भुनाने में लगी है। सातवें चरण का मतदान 1 जून को है। ऐसे में राहुल गांधी समेत देश के तमाम बड़े नेताओं ने बिहार में मोर्चा संभाल लिया है। इस बीच, बिहार कांग्रेस प्रमुख ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि पंडित नेहरू बहुअयामी व्यक्तित्व वाले दूरदर्शी राजनेता थे। वे ऐसे देशभक्त थे, जिन्होंने संघर्ष कर देश को दासता से मुक्ति दिलाई और फिर भारत के नवनिर्माण की नींव भी डाली। आज जो भारत की तस्वीर है, उसकी लकीर पंडित नेहरू ने खींची थी। ये बातें बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की 60वीं पुण्यतिथि पर सोमवार को कही। सदाकत आश्रम (कांग्रेस के प्रदेश मुख्यालय) में समारोह का आयोजन हुआ था। बिहार कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी मोहन प्रकाश विशेष तौर पर उपस्थित रहे।

जेईई में अलग-अलग प्रश्न पर अलग-अलग मर्किंग स्कीम

निज संवाददाता

पटना। जेईई एडवांस की परीक्षा में इस वर्ष अलग-अलग प्रश्न पर अलग-अलग मार्किंग की व्यवस्था की गई है। कुल प्रश्नों की संख्या 51 रही। तीनों विषय फिजिक्स, केमिस्ट्री व मैथेमेटिक्स में 17-17 प्रश्न विभाजित किए गए थे। सही जवाब देने पर तीन अंक एवं गलत जवाब देने पर माइनस एक अंक का प्रविधान है। तीन मल्टीपल प्रश्न पूछे गए, जिसमें सही जवाब देने पर चार अंक एवं गलत जवाब देने पर माइनस दो अंक का प्रावधान है। न्यूमेरिकल एवं इंटीजर टाइप के कुल छह प्रश्न आये थे। इसमें सही जवाब देने पर चार अंक मिलेंगे,

जबकि गलत जवाब देने पर माइनस मार्किंग नहीं थी। मैच द कॉलम के चार प्रश्न पूछे गए जो कि एक तरह से सिंगल करेक्ट प्रश्नों की तरह होता है। इसमें सही जवाब देने पर विद्यार्थी को तीन अंक मिलेंगे, जबकि गलत जवाब देने पर माइनस एक अंक का प्रविधान है। पेपर-2 भी कुल 180 अंकों का रहा। इसमें भी कुल 51 प्रश्न पूछे गए। जिन्हें 17-17 प्रश्नों के आधार पर तीनों विषयों से प्रश्न पूछे गए। इसमें चार सिंगल करेक्ट प्रश्न थे। सही जवाब पर तीन अंक एवं गलत पर माइनस एक अंक का प्रविधान है। तीन मल्टी करेक्ट प्रश्न पूछे गए थे, जिसमें सही आंसर पर चार अंक एवं गलत आंसर पर माइनस दो अंक का प्रविधान है। दो पैराग्राफ भी आए थे एवं प्रत्येक पैराग्राफ से दो-दो प्रश्न पूछे गए। सही आंसर पर तीन अंक मिलेंगे जबकि गलत आंसर पर माइनस मार्किंग का कोई प्रविधान नहीं है। इसी प्रकार छह नॉन नेगेटिव इंटीजर टाइप प्रश्न पूछे गये। सही आंसर पर चार अंक मिलेंगे जबकि गलत आंसर पर माइनस मार्किंग का कोई प्रविधान है।

विचार-मंथन

संपादकीय

चुनाव आयोग के आदेश में क्यों हो रही देरी

चुनाव आयोग की ओर से बुधवार को देश की दो सबसे बड़ी पार्टियों के अध्यक्षों को दिए गए आदेश पर और चाहे जो भी कहा जाए, उसके औचित्य पर सवाल नहीं किया जा सकता। चिंता की बात यह है कि सत्तारूढ़ दल और सबसे बड़े विपक्षी दल के नेतृत्व को यह समझाने की जरूरत पड़ रही है कि सांप्रदायिक भाषणों और संविधान की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाले बयान नहीं दिए जाने चाहिए। गौर करने की बात है कि यह कोई नया मामला नहीं है। चुनाव आयोग ने एक महीने पहले ही शिकायत मिलने पर भाजपा और कांग्रेस के अध्यक्षों को नोटिस देकर आगाह किया था कि वे अपने स्टार प्रचारकों से भाषण के दौरान सावधानी बरतने को कहें। हालांकि तब आयोग के रेस्पॉन्स को कमजोर इस मायने में कहा गया था कि शिकायत तो पीएम नरेंद्र मोदी और राहुल गांधी के खिलाफ थी, लेकिन नोटिस सीधे इन दोनों नेताओं के बजाय पार्टी अध्यक्षों को भेजा गया। चुनाव आयोग के अब तक के चलन को देखते हुए यह तरीका नया था। हालांकि इसके पक्ष में भी तर्क दिए जा सकते हैं और कम से कम पक्षपात का आरोप इस मामले में नहीं लगाया जा सकता क्योंकि दोनों दलों की शिकायतों पर आयोग का रुख एक जैसा रहा। लेकिन अंतिम परिणाम यही रहा कि दोनों में से किसी भी पार्टी पर आयोग के नोटिस का पॉजिटिव असर नहीं रहा। दोनों ने नोटिस के जवाब में अपने स्टार कैंपेनर्स के भाषणों का बचाव किया। सवाल-जवाब के क्रम में समय बीतता रहा और अब जब चुनाव आयोग का आदेश आया है तो पांच चरणों की वोटिंग हो चुकी है और छठे चरण का प्रचार भी समाप्त हो चुका है। कुल मिलाकर सातवें और आखिरी चरण का प्रचार ही बचा है। देखना होगा कि आने वाले दिनों में राजनीतिक दलों के चुनाव प्रचार की शैली पर इस आदेश का कैसा और कितना असर होता है। बहरहाल, चुनाव आयोग ने शिकायतों पर जो स्टैंड लिया, उसमें गड़बड़ी नहीं थी। जिस तरह के तीखे सांप्रदायिक मुद्दे इस बार चुनाव प्रचार में छाए रहे, वे उचित नहीं कहे जा सकते। संविधान बदले जाने का जो आरोप विपक्ष ने जोर-शोर से उठाया उसके औचित्य पर भी सवाल उठने लाजिमी हैं। खासकर इसलिए कि संविधान में संशोधन शुरू से होते रहे हैं, लेकिन संविधान के बुनियादी ढांचे में कोई बदलाव नहीं हो सकता है।

वन्यजीवों के मामले में किसी भी तरह की लापरवाही चिंता का विषय

मुंबई के एक पक्षी विहार इलाके में कथित रूप से हवाई जहाज की चपेट में आकर चालीस राजहंस यानी फ्लेमिंगो की मौत हो गई। इसे लेकर पक्षी और पर्यावरण प्रेमियों में रोष स्वाभाविक है। मगर यह समझना थोड़ा मुश्किल है कि इतने राजहंस किसी विमान की चपेट में आए कैसे। कुछ विशेषज्ञों का कहना है कि राजहंसों का झुंड मुंबई से गुजरात लौट रहा था और विमान की चपेट में आ गया। अगर इसमें सच्चाई है, तो यह न केवल उस पक्षी विहार में विचरने वाले राजहंसों के लिए खतरे की बात है, बल्कि उस तरफ से गुजरने वाले विमानों के लिए भी गंभीर खतरा है। आमतौर पर हवाई अड्डों के आसपास के इलाकों में पंछियों की गतिविधियों पर विशेष ध्यान दिया जाता है। हवाई पट्टियों के आसपास पंछियों को भगाने के लिए लगातार पटाखे चलाए जाते हैं। हवाई जहाजों के लिए पंछी सबसे खतरनाक माने जाते हैं। अगर कोई पंछी किसी विमान के डैनों से टकरा जाए या उसके प्रोपेलर के भीतर चला जाए तो विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने का खतरा रहता है। इसलिए हवाई अड्डों के आसपास पंछियों के आवागमन पर हर समय नजर रखी जाती है। यों हवाई पट्टी से उठने के बाद विमान कुछ सेकेंड के भीतर ही इतनी ऊंचाई ले लेते हैं, जहां तक पंछियों की उड़ान क्षमता नहीं होती। यही नियम विमान उतरते समय भी लागू होता है। राजहंसों की उड़ान कुछ ऊंची जरूर होती है, मगर इतनी ऊंची नहीं कि वे हवाई उड़ान की परिधि को छू लें। फिर हैरानी की बात है कि मुंबई हवाई यातायात प्रबंधन से जुड़े लोगों को इस बात की आशंका क्यों नहीं थी कि उस इलाके में उड़ते हुए राजहंसों का झुंड पहुंच सकता है।

मुसलमानों को लेकर मोदी फोबिया झूठा या सच्चा परत दर परत पूरी पड़ताल

(कृष्णमुरारी त्रिपाठी अटल)

2022 में हैदराबाद में बीजेपी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में मोदी ने पसमांदा मुस्लिमों का जिक्र कर एक बार फिर से समूचे देश का ध्यान अपनी ओर खींच लिया था। पसमांदा मुस्लिम, आबादी के मुताबिक मुस्लिम जनसंख्या का 85त्न हैं। मोदी ने पसमांदा को लेकर कई बार अपनी चिंताएं जताईं और इस व्यापक वर्ग के कल्याण लिए अपनी प्रतिबध्दता जताते रहे हैं। मुस्लिम समाज के बीच सामाजिक सुधारों की कवायद करते रहे हैं।

नरेंद्र मोदी ने कहा था कि- सरकार ने मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक से मुक्ति दिलाई जिससे उनके अधिकारों की रक्षा संभव हुई। जब मोदी सरकार ने तीन तलाक को लेकर कानून बनाया, उस वक्त भी विपक्ष ने उन्हें घेरा था। और तीन तलाक कानून के खिलाफ मुहिम तेज की थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार लोकसभा चुनाव के मैदान में हैं। सबका साथ-सबका विकास और सबका विश्वास की टर्म के साथ मोदी अपने चुनावी अभियान में नज़र आते हैं। वर्तमान राजनीति में मोदी जब भी अल्पसंख्यकों का जिक्र करते हैं तो अक्सर विपक्ष इसे मोदी को मुस्लिम विरोधी साबित करने में जुट जाता है। बीजेपी और मोदी इस पर अपनी कितनी भी बातें कहें, लेकिन यहाँ भी मामला सिफर ही ठहरता है। हाल ही में मोदी ने अपने एक इंटरव्यू में कहा- मोदी मुसलमानों से अपने प्रेम का प्रचार नहीं करता है, विकास की बात करता है। इसके पहले भी पीएम मोदी के द्वारा- पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के देश के संसाधनों पर पहला अधिकार, मुसलमानों का है ; इस बयान के बाद सियासी पारे में बढ़ोत्तरी हुई थी। इस वक्त मोदी अपने चुनावी अभियान में- धार्मिक आधार पर कांग्रेस शासित राज्य सरकारों के द्वारा दिए जाने वाले आरक्षण के खिलाफ लगातार हमला बोल रहे हैं। पीएम मोदी लगातार कह रहे हैं कि- वे एसटी,एससी, ओबीसी का आरक्षण किसी हाल में खत्म नहीं होने देंगे। विपक्ष मोदी के इस बयान को भी मुस्लिम विरोध से जोड़ रहा है। अब फ्लैश बैक सहारे तथ्यों की पड़ताल करते हैं....और देखते हैं कि मोदी को लेकर चलने वाले मोदीफोबिया की हकीकत और फसाना क्या है 2014 में मोदी के प्रधानमंत्री बनने के एक साल बाद ही वर्ष 2015 में असहिष्णुता और कट्टरता बढ़ने का आरोप लगाया जाने लगा...। मोदी को घेरने के लिए अवार्ड वापसी अभियान चलाया गया....लेकिन इसके ठीक 2 वर्ष बाद 2017 में मोदी ने- मिशन यूपी को 312 सीटों के साथ प्रचंड बहुमत से जीत लिया। यूपी के 2017 के इलेक्शन में बीजेपी मुस्लिम बहुल मानी जाने वाली सीटें भी जीतने में सफल रही। इनमें प्रमुख रूप से- देवबंद, मुरादाबाद नगर, कांठ, रूदौली, थाना भवन जैसी विधानसभा सीटें रहीं। बीजेपी के द्वारा मुस्लिम बहुल इन सीटों के जीतने पर उस वक्त सियासी पंडितों ने माना कि- बीजेपी इन सीटों को मुस्लिमों के समर्थन के बिना नहीं जीत सकती थी। आगे चलकर मोदी 2019 के लोकसभा चुनाव में भी दोबारा जीत कर आए और अपनी इस टर्म में मोदी ने कुछ समय बाद ही ताबड़तोड़ फैसले लेने चालू कर दिए। 30 जुलाई 2019 को मोदी के नेतृत्व वाली बीजेपी सरकार ने तीन तलाक पर कानून पारित कर दिया, और इसे असंवैधानिक घोषित कर दिया। मोदी ने कहा था कि- सरकार ने मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक से मुक्ति दिलाई जिससे उनके अधिकारों की रक्षा संभव हुई। जब मोदी सरकार ने तीन तलाक को लेकर कानून बनाया, उस वक्त भी विपक्ष ने उन्हें घेरा था। और तीन तलाक कानून के खिलाफ मुहिम तेज की थी। यह एक ऐसा मामला था जो 1980 के दशक में भी खासा चर्चित रहा। उस वक्त शाहबानो प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट के फैसले को तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने पलट दिया था। राजीव गांधी सरकार में मंत्री रहे वर्तमान में केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने सरकार के फैसले के विरोध में इस्तीफा दे दिया था। 2019 में ही ठीक एक महीने बाद 5 अगस्त 2019 को मोदी सरकार ने अपना एक और ऐतिहासिक फैसला लिया और कश्मीर से धारा 370 और 35 ए को समाप्त कर दिया। जोकि 9 अगस्त 2019 को कानून बन गया। भारत की राजनीति में यह एक ऐसा लाइलाज मर्ज था जिसका उपचार असंभव माना जाता था। उस समय भी विपक्ष ने इसे मुस्लिम विरोधी बताने का प्रयास किया था। जबकि कश्मीर से धारा 370 की समाप्ति का.... मुस्लिम विरोध से दूर-दूर तक लेना-देना नहीं था। धारा 370 को समाप्त करना एक ऐसा ऐतिहासिक कदम था जो काश्मीर से आतंकवाद, अलगाववाद खत्म करने और विकास की मुख्यधारा में जोड़ने का काम किया। मोदी के दूसरे टर्म में ही फिर आती है एक और तारीख 9 नवम्बर 2019 की। इस दिन वर्षों से चल रहे श्रीरामजन्मभूमि विवाद पर सुप्रीम कोर्ट ने अपना सुप्रीम फैसला सुनाया। इसी के साथ ही राममंदिर निर्माण के द्वार खुल गए। जब रामजन्मभूमि का फैसला आया, उस वक्त भी जमकर सियासी बवाल मचा था। लेकिन यह एक ऐसा मामला था जिस पर विपक्ष चाहकर भी ज्यादा दिन विरोध न कर सका.... और मोदी को वॉक ओवर मिलता हुआ दिखा। पीएम मोदी अपने दूसरे कार्यकाल के शुरुआती समय से ही कई बड़े फैसले लेने लगे। उन्हीं फैसलों में से एक था... 2019 में लाया गया नागरिकता संशोधन कानून। इस कानून के द्वारा- पाकिस्तान, बंग्लादेश और अफगानिस्तान से धार्मिक आधार पर उत्पीड़न का शिकार हुए शरणार्थियों को नागरिकता देने का प्रावधान किया। इसमें हिंदू, मुस्लिम, बौद्ध, सिख, पारसी और ईसाई शामिल हैं। सीएए के आते ही भ्रामक रूप से यह प्रचार किया जाने लगा कि यह मुस्लिम विरोधी कानून है। इससे मुसलमानों की नागरिकता छीन ली जाएगी। इस आधार पर मोदी को घेरने की कवायद की जाती रही। दिल्ली के शाहीन बाग में पूरा अखाड़ा जमा लिया गया था। वहाँ से लगातार मोदी को गालियाँ दी जाती रहीं...और फिर मोदी विरोध का यह अभियान 2020 में... दिल्ली दंगों के तौर पर जाना गया। ये वो वक्त था जब अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति ट्रंप भारत दौरे पर थे। उस वक्त शाहीन बाग में हुए दंगे से सैकड़ों लोगों को अपनी जान से हाथ गवाँना पड़ा था। तमाम राजनीतिक विश्लेषकों ने माना कि- तत्कालीन समय में ट्रंप के दौरे के समय, शाहीन बाग के दंगों का होना। विश्व में भारत की छवि धूमिल करने का प्रकरण ही समझ आया। उस दौरान आईबी के अंकित शर्मा, हेड कांस्टेबल रतनलाल जैसे कुछ बहुचर्चित मामलों ने सबको झकझोर कर रख दिया था.... वहीं हेड कांस्टेबल दीपक दहिया के ऊपर दंगों के दौरान शाहरूख पठान नामक युवक ने बंदूक तान दी थी..जिस पर आगे चलकर अदालत ने उस पर आरोप भी तय किए थे। अब प्रश्न यही उठता है कि- क्या सीएए कानून को लेकर शाहीन बाग आंदोलन सही था क्या भारत के मुस्लिमों के हित सीएए के द्वारा किसी प्रकार से प्रभावित होते हैं स्पष्ट रूप से सीएए कानून जब भारतीय नागरिकों के हितों को, नागरिकता को- किसी प्रकार से प्रभावित नहीं करता है। तब ऐसे में दिल्ली के शाहीन बाग में वर्षों पहले जो कुछ हुआ था।

सड़क पर सबके काम आए अच्छा कानून

(कमलेश जैन, अधिवक्ता, सुप्रीम कोर्ट)

पुणे में एक नाबालिग के शराब पीकर दो नौजवानों को रौंदने की घटना कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाती है। इस पूरी घटना में पुलिस-प्रशासन के साथ-साथ किशोर न्याय बोर्ड के रवैये पर भी सवाल उठ रहे हैं, जो बिल्कुल स्वाभाविक हैं। दरअसल, शनिवार-रविवार की रात 17 वर्ष का एक किशोर शराब के नशे में अपने पिता की पोर्श कार करीब 200 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ा रहा था और उसने एक बाइक को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे बाइक पर सवार दो युवा इंजीनियरों की मौत हो गई। लोगों ने आरोपी को पुलिस के हवाले किया और पुलिस उसे लेकर किशोर न्याय बोर्ड पहुंची, लेकिन वहां उसे न सिर्फ बड़ी आसानी से जमानत मिल गई, बल्कि 300 शब्दों में 'सड़क दुर्घटना' पर एक निबंध लिखने को भी उसे कहा गया। इसकी विशेषकर सोशल मीडिया में तेज प्रतिक्रिया हुई और किशोर न्याय बोर्ड की लानत-मलामत शुरू हो गई। नतीजतन, बोर्ड ने न सिर्फ अपना फैसला बदला, बल्कि 5 जून तक किशोर को बाल सुधार गृह में भेज दिया। हालांकि, यह अब तक स्पष्ट नहीं किया गया है कि उस किशोर को बालिग की तरह सजा दी जाएगी या नाबालिग की तरह रियायत यह जानकारी देश के संभवतः बहुत कम लोगों को है कि किशोर न्याय अधिनियम, 2015 में साल 2021 में महत्वपूर्ण संशोधन किए गए थे, जिसे 1 सितंबर, 2022 को लागू कर दिया गया है। यहां इसकी धारा 18 का जिक्र आवश्यक है, जिसमें पहले यह प्रावधान था कि जिनकी उम्र 18 साल से कम है, उनके द्वारा यदि कोई 'छोटा' या 'गंभीर' अपराध किया जाता है, तो उसका निस्तारण किशोर न्याय बोर्ड करेगा। मगर 2021 के संशोधन में न सिर्फ इसमें 'जघन्य अपराध' को शामिल किया गया, बल्कि उम्र सीमा घटाकर 16 साल की गई। यानी, अपराध की गंभीरता को देखते हुए आरोपी को बालिग माना जा सकता है और आपराधिक प्रक्रिया संहिता, 1973 के तहत उस पर मुकदमा भी चलाया जा सकता है। जाहिर है, कानूनी संशोधनों के मुताबिक इस किशोर को भी उम्र और अपराध की प्रकृति के मुताबिक बालिग समझा जाना चाहिए था, पर ऐसा नहीं किया गया। वैसे कानून यह भी है कि वह 16 वर्ष से कम भी होता, तब भी इतना गंभीर अपराध करके वह बाल सुधार गृह नहीं, जेल जाता या सजा पाता। अफसोस की बात यही है कि यह कानून 1 सितंबर, 2022 से भारत में लागू है, फिर भी इसकी जानकारी कम लोगों को है। साधारण व्यक्ति की बात छोड़िए, इस मामले में तो यही जान पड़ता है कि संबंधित अधिकारीगण और किशोर न्याय बोर्ड भी आंखें मूंदे हुए है। यहां आरोपी को अपने परिवार के रसूख का फायदा मिलता भी दिखता है। इतना गंभीर अपराध करने के बाद भी यदि आरोपी को तुरंत जमानत मिल गई, तो यह बात कहीं न कहीं हमारी व्यवस्था पर सवाल उठाती है। यह भी संकेत है कि आरोपी के परिजनों के दबाव में उसे राहत दी गई थी। उल्लेखनीय यह है कि किशोर न्याय अधिनियम में 'छोटे', 'गंभीर' और 'जघन्य' अपराधों की श्रेणियां सर्वोच्च न्यायालय द्वारा शिल्पा मित्तल बनाम दिल्ली के मामले में साल 2020 में दी गई टिप्पणी के बाद बांटी गई थीं, जिसमें कहा गया था कि किशोर न्याय अधिनियम में अपराध की चौथी श्रेणी 'जघन्य अपराध' के लिए प्रावधान नहीं किए गए हैं, जिसमें अपराध के लिए अधिकतम सजा सात वर्ष है, किंतु न्यूनतम सजा नहीं है। स्पष्ट है, किशोर न्याय बोर्ड को इस कानून की जानकारी होनी चाहिए थी और इस मामले को नियमित अदालत में कार्रवाई के लिए भेजना चाहिए था। उसका कर्तव्य आरोपी को सही मार्ग दिखाना है, इसलिए उसकी यह अनभिज्ञता दुखद है। पीड़ित परिवार चाहे, तो उच्च न्यायालय जाकर इंसाफ की गुहार लगा सकता है। इस मामले में पुलिस चाहती, तो काफी कुछ कर सकती थी।

सुडोकू पहेली — क्रमांक- 5384

	4					5	6	
	3	9			8		7	
7			2	5				
3	1				6	7		
		5		7		1		
		6	4				8	9
				9	7			2
	2		8			6	5	
	8	1					9	

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

सुडोकू पहेली क्र. 5383

3	9	2	8	5	1	6	7	4
6	8	7	4	2	3	1	9	5
4	5	1	9	7	6	2	8	3
5	6	9	2	3	4	8	1	7
2	3	8	7	1	5	4	6	9
1	7	4	6	9	8	5	3	2
9	1	6	3	4	2	7	5	8
8	2	3	5	6	7	9	4	1
7	4	5	1	8	9	3	2	6

वर्ग पहेली 5384

1	2		3	4		5	■
6		■	7		■	8	9
10		11		■	12		
	■		■	■	13		
■	14	■	15	16		■	■
17		18	■	19		20	21
	■		■		■	22	
23					■	24	

संकेतः बाएं से दाएं

1. भारत की क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान जिनका जन्म दिवस 7 जुलाई 1981 है, जिन्हें माही के नाम से जाना जाता है (7)
6. स्थिति, दशा, अवस्था (2)
7. विस्तार, काल, संबंध आदि के विचार से बहुत अंतर पर (2)
8. लालच, लोलुपता, लिप्सा (2)
10. नाना का घर, ननिहाल (4)
12. एक स्थान से दूसरे स्थान तक जाने की दूरवर्ती क्रिया, प्रयाण, यात्रा (3)
13. भवसागर से पर होना, सद्गति प्राप्त करवाना (3)
15. शंका करने वाला, आशंकाशील, संदेहशील (3)
17. पुराणानुसार पाताल सात है, जिनमें यह दूसरा है, अगाध्य (3)
19. विवश, लाचार, बेबस (4)
22. तुरंत, जल्दी से, शीघ्रता, फुर्ती से (2)
23. निर्देशक मनमोहन देसाई की धर्मेंद्र, जीनत अमान और जीतेंद्र आदि की 1977 की एक फिल्म (5)
24. विविध, अनेक प्रकार के, मातामह (2)

ऊपर से नीचे(2)

1. उत्तमतमता, गौरव, सदाशयता (4)
2. लगभग 500 फिल्मों में नृत्य पेश कर चुकी ये नृत्यांगना अभिनेत्री (3)
3. ईंगुर, शिंगफ, श्रृंगारक (3)
4. विभाजक संख्या, अधिकारभागी (2)
5. कुमुद, नीलोत्पल, नीलकमल (4)
9. रिक्त स्थान की पूर्ति करना, क्षतिपूर्ति करना (3)
11. पार्श्वचर, पुरूष मित्र (2)
12. पंजाब की पांच नदियों में से एक जिसका पौराणिक नाम शतदु है (4)
14. पुत्र, बेटा (2)
16. काम से जी चुराने वाला, कमकस (4)
17. अथाह, बहुत गहरा, असमी (3)
18. रास, बागडोर, मुखरी, कुशा (3)
20. बुझौवल करना, बोध कराना (3)
21.याद करने के लिए बारंबार दोहराना (3)

वर्ग पहेली 5383 का हल

लं	द	न	■	■	दु	ब	ई
ब	ल	वा	न	■	■	ला	ख
त	■	ब	वा	सी	र	■	■
डं	■	■	ग	र	म	ह	वा
ग	या	■	त	■	क	ल	म
■	या	म	■	म	ना	■	न
बा	व	न	ग	जा	■	दा	■
द	र	■	ति	क	ड़	मी	■

आज का राशिफल

मेष

आज अधिक काम करना पड़ सकता है। आज आपको दिन भर भागदौड़ करनी पड़ेगी। किसी काम में आपका मन नहीं लगेगा और आपको एक से अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। लोगों के बीच आपकी छवि भी एक काम के आदमी की तरह है। आज भी आप ऐसे प्रस्ताव के लिए तैयार रहे हैं। आपको मेहनत का फल मिलेगा।

वृष

आज का दिन परेशानी और चिंता से भरा होगा। आपकी आमदनी अच्छी होगी और दिन प्रसन्नता में बीतेगा। आय के स्रोत मजबूत करने में जुटे हुए थे। आप आत्मनिर्भर हो जाने के बाद सबसे जरूरी है कि शादी ब्याह या नौकरी अडमिशन के उन मामलों को देखें जिसे घर के छोटे सदस्यों की जरूरत है। आपका दिन अच्छा बीतेगा।

मिथुन

आज का दिन काफी खर्चीला रहेगा। किसी मामले में आपकी ऑफिस के लोगों से बहस हो सकती है। आपको कुछ हद तक लोगों की भी चिंता करनी पड़ेगी। सामाजिक प्रतिष्ठा बनाने के लिए भी इस प्रकार खर्च करने जरूरी है। आज धन में वृद्धि के योग हैं और आपको करियर के मामले में लाभ होगा।

तुला

आज करियर से जुड़ी अच्छी खबर सुनने को मिल सकती है और आपका पूरा दिन प्रसन्नता में बीतेगा। अनाप शनाप खर्च करने से आपकी देनदारी बढ़ सकती है। आर्थिक मामलों में सावधानी बरतें और अपने को दाता साबित करने के लिए उधार न दें। किसी को उधार देने से आपका पैसा लौट सकता है।

वृश्चिक

आज का दिन सफलता से भरा होगा। आज आपको किसी मामले में परेशानी हो सकती है। आज भी किसी महत्वपूर्ण जगह पर आपका बीच में कूद पड़ना सफल हो जाए। अपने खर्च के लिए स्व अर्जित धन का ही इस्तेमाल करें। कार्यक्षेत्र में बदलाव के संकेत हैं और आपको इससे लाभ होगा। कोई भी काम सोचसमझकर करें।

धनु

आज का दिन परेशानी और चिंता में बीतेगा। आज यदि आप अपने काम को लेकर परेशान चल रहे हैं तो समस्या और बढ़ सकती है और आपका काम प्रभावित हो सकता है। कामकाज या कारोबार को लेकर चिन्तित हैं तो इस वक्त आपको जो मौका मिल रहा है उसे नहीं गवाएं। किसी न किसी व्यवसाय या अनुबंध से जुड़े रहेंगे तो भाग्य साथ देता रहेगा। सूझबूझ से काम लें।

कर्क

आज आपके धन में वृद्धि के योग हैं। आज आप सेहत को लेकर काफी दौड़भाग करनी पड़ सकती है और इसमें आपका खर्च भी काफी जबर्दस्त होगा। आपको आज किसी की आर्थिक मदद भी करनी पड़ सकती है और ऐसा करने से आपके मन को शांति और सुकून मिलेगा।

सिंह

आज का दिन आपके लिए प्रसन्नता से भरा होगा। कार्यक्षेत्र की स्थिति शांत रहेगी और आप अपने काम को ईमानदारी से मन लगाकर पूरा करते रहेंगे। अपने आपको प्रभावशाली बनाये रखने में कुछ विचार करना होगा या फिर वस्त्रों और अन्य जरूरी चीजों पर खर्च करना होगा।

कन्या

आज किस्मत आपका साथ देगी। आपकी योजनाएं पूर्ण होंगी और आपको कारोबार में नए आइडिया आएंगे। लोग आपकी आलोचना करेंगे, लेकिन इससे आपको कोई असर नहीं होगा। बेहतर होगा आप कम बोलें और कामकाज के सिस्टम को अपनी नज़र में रखें।

मकर

आज का दिन आपके लिए सफलता से भरा होगा। आज आपके लिए लाभ के योग बन रहे हैं। आज आपको वाद विवाद और बहस से दूर रहने की जरूरत है। इस प्रकार के नेतृत्व का श्रेय किसी और से आपको मिल सकता है। करियर के मामले में आपके लिए संभावनाएं बढ़ रही हैं और आपके सम्मान में वृद्धि होने के योग हैं।

कुंभ

आज का दिन सम्मान से भरा होगा और आज आपको ऑफिस में नई जिम्मेदारियां दी जा सकती हैं। दूसरी तरफ लाभ के नए योग आपके लिए बन रहे हैं। किसी प्रकार की एजेन्सी या वितरण केन्द्र का काम आपको मिल सकता है। आपके लिए अपनी सहमति देना फायदेमंद रहेगा। जल्दी ही इसका परिणाम आपको मिलेगा।

मीन

आज करियर के मामले में लाभ होगा और आज भाग्य आपका साथ देगा। आज किसी मुकमदे में भी आपकी जीत हो सकती है। अपने सभी जरूरी और महत्वपूर्ण कागज पत्रों को संभालकर रखें। दोपहर बाद कुछ ज्यादा ही मेहनत करनी पड़ सकती है। आपके धन में वृद्धि के योग हैं और लाभ जबर्दस्त होगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-०6186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/3009**

संक्षिप्त समाचार

आरटीसी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी को नैक की मान्यता मिली

रांची, एजेंसी। आरटीसी प्रौद्योगिकी संस्थान को सभी जेयूटी संबद्ध इंजीनियरिंग कॉलेजों के बीच उच्चतम सीजीपीए के साथ राष्ट्रीय प्रत्यायन और मूल्यांकन परिषद (नैक) से बी ग्रेड मिला है। प्राचार्य डॉ एन हरि बाबू ने कहा कि यह गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति आरटीसीआईटी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह उपलब्धि छात्रों के समग्र विकास के प्रति संस्थान के समर्पण को रेखांकित करती है। संस्थान के अध्यक्ष रामटहल चौधरी, निदेशक एपी सिंह और प्रबंध निदेशक सुमीत राज ने नैक मान्यता मिलने पर खुशी व्यक्त की है। इस उपलब्धि पर सभी संकाय सदस्यों और कर्मचारियों को बधाई दी।

चक्रधरपुर से चाईबासा मेमू ट्रेन चलाए रेलवे: कृष्ण मोहन

जमशेदपुर, एजेंसी। चक्रधरपुर मंडल मुख्यालय की स्टेशन से चाईबासा तक रेलवे को एक मेमू ट्रेन चलानी चाहिए ताकि रेल कर्मचारियों को आवागमन में सहूलिया हो। नए सीनियर डीसीएम आदित्य चौधरी का स्वागत करने के दौरान दक्षिण पूर्व जोन रेलवे ओबीसी कर्मचारी संघ के महासचिव कृष्ण मोहन प्रसाद ने यह मांग उठाया। उन्होंने सीनियर डीसीएम से कहा कि अभी चक्रधरपुर से चाईबासा कोई ट्रेन नहीं चलती है। इससे आम यात्रियों को भी दिक्कत हो रही है। चक्रधरपुर से चाईबासा ट्रेन चलने से रेलवे को भी लाभ होगा। नए सीनियर डीसीएम को ज्ञापन सौंपने के दौरान चक्रधरपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों से आशीष कुमार गुप्ता, जितेंद्र यादव, राहुल कुमार, विकास कुमार, आदर्श कुमार, बाणेश्वर महतो, नारायण महतो, राकेश कुमार, अशोक, मनोज कुमार, प्रदीप कुमार एवं अन्य रेल कर्मचारी शामिल थे।

दो सगे भाइयों व चालक का शव पहुंचते ही लोदना और डिगवाडीह में पसरा मातम

धनबाद/अलकडीहा, एजेंसी। बरवाअड्डा के कल्याणपुर सड़क दुर्घटना में हुई मौत के बाद सोमवार को दो भाइयों का पार्थिव शरीर लोदना के तिलाबनी में पहुंचते ही परिजन दहाड़ मारकर रोने विलाप करने लगे। इस दृश्य को देखकर लोगों की आंखें नम हो गई। शव का अंतिम संस्कार मोहलबनी घाट पर किया गया। महेश्वर के पुत्र लालू महतो व राजेन्द्र महतो के दिनेश महतो ने मुखाग्नि दी। बताते है कि रविवार की दोपहर लोदना तिलाबनी से मारुती वैन में सवार होकर राजगंज के डोमनपुर जा रहे थे। जिसमें महेश्वर महतो के पुत्र नंदकिशोर महतो की शादी की बात करनी थी। लेकिन बीच रास्ते में ही कंटेनर की चपेट में मारुती वैन चालक शमशाद अंसारी, महेश्वर महतो और उनके भाई राजेन्द्र महतो की मौत हो गई। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद दोनों भाइयों का शव पहुंचा था। उसके बाद राजेन्द्र महतो की पत्नी आरती महताईन, पुत्र दिनेश महतो व उषा कुमारी का रो-रोकर बुरा हाल है। दुखद घटना की खबर पाकर भाजपा नेता योगेंद्र यादव, भगवान दास पासवान, बिहारी लाल चौहान, संजय यादव, रूदल पासवान, सोहन महतो, आनंद महतो, अखिलेश सिंह आदि पहुंचे थे। जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के डिगवाडीह मांझी बस्ती के रहने वाले जमाल अंसारी का 35 वर्षीय पुत्र मारुति वैन चालक शमशाद अंसारी शव पहुंचते ही मातम छा गया। मृतक की पत्नी तमन्ना परवीन, दो वर्षीय पुत्री हबीबा, चार माह के पुत्र है। वर्ष 2018 में वासेपुर में हुई थी। शव के आने के बाद से घर मे मातम पसरा हुआ है। पूरे मुहल्ले में गमगीन माहौल है।

पीडीएस डीलर की मनमानी के खिलाफ मुखिया व ग्रामीण

देवघर/चितरा, एजेंसी। थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़बाद पंचायत के परबला डंगाल के ग्रामीणों ने मुखिया जगन्नाथ रवानी के नेतृत्व में डीलर द्वारा मनमानी किए जाने के खिलाफ जोरदार रूप से विरोध प्रकट किया है। इस संबंध में ग्रामीण बनमाली रवानी, मनोज रवानी, पागी रवानी, बलराम रवानी, अकली देवी, शूकर रवानी, चंद्रिका देवी, किरण देवी सहित अन्य ने कहा कि परबला डंगाल के डीलर पंचम कोल द्वारा हमेशा मनमानी की जाती है। आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने कहा कि मई माह समाप्त होने वाला है लेकिन अभी तक इस माह का चावल गरीबों को नहीं दिया गया है। कहा कि डीलर द्वारा घर जाकर ग्रामीणों का फिंगर ले लिया गया है, लेकिन चावल नहीं दिया जा रहा है। कहा कि पूछने पर डीलर कहते हैं कि अभी तक चावल नहीं मिला है। प्रखंड खाद्य आपूर्ति विभाग से समय चावल दिलाने की मांग करते हुए मनमाने ढंग से पीडीएस संचालन करने वाले डीलर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गयी। इस संबंध में बड़बाद पंचायत के मुखिया जगन्नाथ रवानी ने कहा कि डीलर द्वारा हमेशा मनमानी की जाती है। ग्रामीणों को समय पर चावल नहीं दिया जाता है। प्रत्येक माह डीलर द्वारा ग्रामीणों को परेशान किया जाता है।

चक्रवात रेमल से झारखंड में मौसम हुआ सुहाना

आने वाले दिनों में कैसा रहेगा हाल आईएमडी ने दी जानकारी

गिरिडीह, एजेंसी। तेज धूप और भीषण गर्मी से परेशान हो रहे लोगों को सोमवार को कुछ राहत मिली। इसका कारण रहा बंगाल की खाड़ी में उठा चक्रवात रेमल। इसका असर शहर सहित पूरे जिला में देखा गया। इससे न केवल तापमान में कमी हुई, बल्कि मौसम भी सुहाना रहा। लोगों को शरीर को झुलसाने वाली तेज धूप भी नहीं सहनी पड़ी।

बता दें कि रविवार देर शाम से ही चक्रवात रेमल का असर दिखने लगा था। तेज हवाएं चलने लगी थीं। आसमान में काले-काले बादल भी छा गए थे।इधर, सोमवार सुबह से ही मौसम बदला हुआ रहा। लोगों को दिनभर तेज धूप का सामना नहीं करना पड़ा। दिनभर हवा भी चलती रही और आसमान में बादल छाए रहे।

तापमान में गिरावट हुई। यहां का अधिकतम तापमान 32 और न्यूनतम 24 डिग्री सेल्सियस रहा। बहरहाल, बीते कई दिनों से तेज धूप और उमस भरी गर्मी से परेशान लोगों को इस तूफान ने राहत प्रदान की।

वहीं अगर बात करें जामताड़ा की, तो जामताड़ा समेत आसपास के इलाके में बादलों की आवाजाही आज बरकरार रहेगी। आने वाले दिनों में उमस भरी गर्मी पड़ेगी। अगले दो दिनों के दौरान एक एमएम तक बारिश के आसार हैं।

हवा 17 से 19 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलेगी। अगले दो दिनों के दौरान जामताड़ा में अधिकतम और न्यूनतम तापमान 29 मई को क्रमशः 43 डिग्री सेल्सियस और 25 डिग्री सेल्सियस पर बरकरार रहेगी और 30 मई को अधिकतम 41 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 25 डिग्री सेल्सियस रहेगी। चाईबासा, जमशेदपुर और सरायकेला क्षेत्र में मंगलवार को आसमान में आंशिक तौर पर बादल छाये रहेंगे। दोपहर बाद कहीं-कहीं गर्जन के साथ वर्षा की भी संभावना है।

वहीं पलामू ,गढ़वा व लातेहार जिले में मंगलवार को मौसम बादलों से भरा होगा। हल्की वर्षा व तेज हवा चलेगी। अधिकतम व न्यूनतम तापमान में गिरावट आएगी।

मतदान में तेजी लाने के लिए चेन सिस्टम के तहत पीठासीन पदाधिकारी कराएं मतदान : के रवि कुमार

रांची, एजेंसी। झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि राजमहल, दुमका और गोड्डा लोकसभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान एक जून 2024 को सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। पदाधिकारी मतदान प्रक्रिया में शिथिलता नहीं बरतें। चेन सिस्टम के माध्यम से पीठासीन पदाधिकारी मतदान प्रक्रिया में तेजी लाएं। मतदाताओं को क्रमबद्ध मतदान कक्ष में प्रवेश कराते हुए मतदान कराना सुनिश्चित करें। ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान केंद्र से दुरस्थ मतदाताओं के लिए वाहन की टैगिंग करें, ताकि मतदाताओं को मतदान केन्द्रों पर लाया जा सके। वहीं शहरी क्षेत्रों में दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिए वाहन की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सोमवार को निर्वाचन सदन से सोमवार को ऑनलाइन सातवें चरण के मतदान के लिए की गई तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदाताओं को मतदान केंद्रों तक बुलाने के लिए माइक्रो कॉल सेंटर भी स्थापित कराएं और मतदाताओं को कॉल कर भी बुलाएं। उन्होंने कहा कि 1200 से अधिक मतदाता वाले मतदान केन्द्रों पर रोशनी की सुविधा के लिए जेनरेटर की व्यवस्था सुनिश्चित करें, ताकि मतदान में देरी होने पर मतदाता एवं मतदान कर्मियों को कोई असुविधा नहीं हो। उन्होंने सभी को रियल टाइम डाटा अपडेट करने का भी निर्देश दिया। साथ ही मतदान प्रक्रिया में गति लाने के लिए संबंधित पदाधिकारी को प्रशिक्षण देने एवं साइलेंस पीरियड में भी मतदाता जागरूकता संबंधित माईकिंग कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि हर प्रयास करते हुए मतदान प्रतिशत में वृद्धि लाना सुनिश्चित करें। उन्होंने बेहतर मतदान के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, सेक्टर ऑफिसर आदि निर्वाचन कार्य से जुड़े पदाधिकारियों को फील्ड में रहते हुए मतदाताओं से संपर्क कर मतदान करने की अपील करने का निर्देश दिया।

बैठक में निर्वाचन सदन से सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता एवं ऑनलाइन के माध्यम से संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सहित निर्वाचन कार्य से जुड़े पदाधिकारी उपस्थित थे।

गार्ड की मौत से गुस्साए लोगों ने शॉपिंग काम्पलेक्स में हल्ला-हंगामा किया

रांची, एजेंसी। सदर थाना क्षेत्र के बरियातू रोड में बडगाई के समीप व्ही मार्ट शॉपिंग काम्पलेक्स परिसर में रविवार को गार्ड रामवृत महतो की मौत से गुस्साए परिजनों ने हंगामा किया। एम्बुलेंस पर रखे गार्ड के शव के साथ शॉपिंग काम्पलेक्स का घेराव कर विरोध प्रदर्शन कर रहे परिजन एवं ग्रामीण मुआवजा एवं मामले की जांच कराने की मांग कर रहे थे। मामले की जानकारी होने के बाद मौके पर सदर थाना पुलिस पहुंची। पुलिस ने गुस्साए लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया। इसके बाद प्रबंधन से परिजनों की बात कराई गई। बातचीत में प्रबंधन की ओर से मृत गार्ड के परिवार के एक सदस्य को काम पर रखने का भरोसा दिया गया। इसके अलावा पार्थिव शरीर की अंत्येष्टि के लिए भी प्रबंधन की ओर से आर्थिक सहयोग किया गया। इसके अलावा पुलिस ने सिक्यूरिटी गार्ड एजेंसी के संचालक को भी परिजनों को सहयोग के लिए कहा गया।

गिरने से हुए थे जख्मी, रिम्स में हो गई मौत : व्ही मार्ट शॉपिंग काम्पलेक्स में सिक्यूरिटी गार्ड की ड्यूटी करने वाले 61 साल के रामवृत्त महतो शनिवार को दिन में गिर गए थे। काम्पलेक्स परिसर में गिरने के बाद वे अचेत हो गए थे। आनन-फानन में उन्हें रिम्स में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। सदर के थाना प्रभारी सह पुलिस इंस्पेक्टर ने बताया कि संभवत उमस भरी गर्मी के बीच ड्यूटी के दौरान वे गिर गए थे।

किस बात को लेकर छिड़ा था रांची के बार में विवाद डीजे की मौत पर हुआ सनसनीखेज खुलासा, गया से पकड़ा गया आरोपित

रांची, एजेंसी। चुटिया थाना क्षेत्र स्थित एक्सट्रीम बार में रविवार की देर रात एक बजकर बीस मिनट में कारोबारी अभिषेक सिंह ने बार के डीजे संदीप प्रमाणिक की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपित अभिषेक को गया से गिरफ्तार कर लिया है। इसके अलावा प्रतीक, समरीउद्दीन और मुत्युंजय की भी गिरफ्तारी हुई है। चुटिया थाना में आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस का कहना है कि बार में अभिषेक अपने दोस्त समरीउद्दीन, आयाम अनवर, प्रतीक, मुत्युंजय यादव, प्रकाश और प्रकाश के एक दोस्त के साथ बैठकर शराब पी रहा था।

बार में दूसरी तरफ कुछ युवक और युवतियां भी मौजूद थे। बार में डीजे बज रहा था। जिधर युवतियां बैठी हुई थीं उन्होंने डीजे का साउंड कम करने के लिए कहा।

इसी बात पर अभिषेक और उसके साथी ने कहा कि डीजे बजेगा साउंड कम नहीं होगा। इस बात को लेकर अभिषक और उसके दोस्त युवतियों से भिड़ गए। ज्यादा विवाद होने लगा तो बार से सभी को बाहर कर दिया गया। जिन युवकों के साथ युवतियां थीं वे सभी लोग चले गए।

इसके बाद अभिषेक अपने साथियों के साथ बार में आ गया और शराब पीने लगा। अभिषेक और उसके साथ बार में मौजूद बाउंसर से विवाद करने लगे कि उन्हें पहले बार से क्यों निकाला गया था।

देखते ही देखते विवाद ज्यादा हो गया और बार में मारपीट होने लगी। सभी बाउंसर मिलकर अभिषेक और उसके साथियों को जमकर पीटा और बार से भगा दिया। अभिषेक और उसके दोस्तों का कपड़ा फाड़ दिया गया था।

अभिषेक गुस्से में घर पहुंचा और लाइसेंसी हथियार रायफल लेकर बार में पहुंचा। बार के नीचे गार्ड से अभिषेक ने कहा कि बार खुला है या बंद हो गया है। गार्ड ने कहा कि उसे नहीं पता।

इसके बाद अभिषेक लिफ्ट से ऊपर गया और बार के मेन गेट के पास खड़े संदीप प्रमाणिक को गोली मार दिया। संदीप की मौके पर ही मौत हो गई।

कारोबारी अभिषेक सिंह डीजे की हत्या करने के बाद बार के नीचे पहुंचा। वहां पांच राउंड फायरिंग करने के बाद काफी देर तक हंगामा किया। रास्ते से आने-जाने वाले लोगों को रोककर गोली मारने की धमकी देने लगा।

कब्र बना निर्माणाधीन कुआं, मलबे में दबकर एक मजदूर की मौत, अस्पताल में एडमिट हुए तीन घायल

कुंडहित (जामताड़ा), एजेंसी। कुंडहित प्रखंड क्षेत्र के नमूमनधरा गांव में एक निर्माणाधीन कुआं मजदूरों के लिए कब्रगाह बन गया। मंगलवार की सुबह कुएं की खोदाई के दौरान मिट्टी धंसने से नीचे काम कर रहे दो मजदूर दब गए। जबकि ऊपर मौजूद दो मजदूर भी मलबे के ढेर पर जा गिरे।

मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह तीन मजदूरों को जिंदा बचा लिया। जबकि मलबे के ढेर में अधिक देर तक दबे रहने की वजह से एक मजदूर साधन माल की मौत हो गई। माधन माल कालीपाथर गांव के रहने वाले थे।

मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि मनरेगा योजना के मद से इस कुएं का निर्माण कार्य चल रहा है। सुबह के समय दो मजदूर साधन माल व उत्तम घोष नीचे कुएं की खोदाई के लिए गैंता-कुदाल लेकर उतरे थे।

अभी उन्होंने खोदाई शुरू ही की थी कि अचानक जोरदार आवाज के साथ भरभराकर मिट्टी का ढेर दोनों मजदूरों पर गिर पड़ा।

जब तक कोई कुछ भी समझ पाता ऊपर काम कर रहे दो अन्य मजदूर नदिया घोष और मृणमय घोष भी मलबे के ढेर पर ऊपर से गिर पड़े। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई और लोगों ने तत्काल मजदूरों को बचाने में जुट गए।

काफी देर तक मशक्कत करने के बाद मजदूर नदिया घोष और मृणमय घोष को बाहर निकाला गया। जबकि मलबा हटाने पर ढेर में दबे उत्तम घोष को भी किसी तरह से जिंदा बचा लिया गया। जबकि साधन माल पर मलबे के अंदर ही दबे रह गए।

घटना की सूचना मिलती ही मौके पर पुलिस-प्रशासन के अधिकारी के साथ बचाव दल भी पहुंचा और जेसीबी की मदद से मलबा हटाने का काम शुरू किया गया।

तकरीबन तीन घंटे की मशक्कत के बाद साधन माल का शव मलबे के ढेर से निकाला जा सका है। जबकि हादसे में घायल हुए तीनों मजदूरों का कुंडहित अस्पताल में इलाज चल रहा है।

सीता सोरेन हैं अवसरवादी, मिथिलेश ठाकुर के बयान पर दुमका से बीजेपी उम्मीदवार का पलटवार

जामताड़ा, एजेंसी। सीता सोरेन अवसरवादी हैं। वह ना तो अपने घर परिवार की हुई और ना ही अपनी पार्टी की। बताएं भला उनके सास-ससुर बीमार हैं और पार्टी के मुखिया हेमंत सोरेन मुश्किल में थे। लेकिन उन्होंने इन तमाम बातों को दरकिनार कर लगातार प्रदेश की सरकार को अस्थिर करने वाली भाजपा का दामन थामने का काम किया। ऐसे में जनता भी समझ रही है कि जो अपने घर-परिवार व पार्टी की नहीं हुई वह कैसे भाजपा की हो जाएंगी।

ये बातें प्रदेश सरकार के मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने सोमवार को एक प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कहीं। उन्होंने भाजपा पर पार्टी और घर तोड़ने का आरोप लगाया। कहा भाजपा की मंशा लगातार प्रदेश सरकार को अस्थिर करने की रही है। लेकिन हमारी पार्टी जुमलेबाजी नहीं करती, अपने काम पर विश्वास करती है।

मिथिलेश ठाकुर के बयान पर सीता सोरेन ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि मैं झामुमो के अंदर चार वर्ष से दुमका लोकसभा से चुनाव लड़ने की बात कर रही थी। मेरी बातों को सुनकर भी अनसुना किया जा रहा था।

उन्होंने आगे कहा, मैं वहां घुटन महसूस कर रही थी। मैं उस पार्टी में रहकर जनता के लिए कोई काम खुलकर नहीं कर पा रही थी। मुझे लोकसभा का टिकट दिलाने वाले मिथिलेश ठाकुर कौन होते हैं। पार्टी तो मेरे परिवार का है। मेरे पति स्व दुर्गा सोरेन ने पार्टी को सींचा है।

उन्होंने पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथलेश ठाकुर के उस बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है, जिसमें उन्होंने कहा था कि सीता सोरेन पहले झामुमो में टिकट मांगती। उन्हें क्या मिलने वाला है। जो भाजपा हेमंत सोरेन की नहीं हुई वह सीता सोरेन की कैसे हो सकतीआखिर विरोधी का मोहरा बनकर है। झूठे केस में हमारे लोकप्रिय नेता को जेल भेजने वाले भाजपा के गोद में खेलने वालीं सीता सोरेन की हार निश्चित है।

मध्य प्रदेश की चुनावी रणनीति झारखंड में आजमा रहे वीडी शर्मा, आदिवासियों इलाकों से हैं वाकिफ

देवघर, एजेंसी। मध्य प्रदेश में हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनावों में भाजपा के रणनीतिकारों में वीडी शर्मा भी शामिल रहे हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की पृष्ठभूमि से भाजपा में आए शर्मा को बूथों की संरचना और वहां सक्रिय कार्यकर्ताओं को जीत के फॉर्मूले से जोड़ना खूब आता है।

यही वजह है कि भाजपा ने अपने इस रणनीतिकार को झारखंड की जटिल राजनीतिक परिस्थितियों वाले संताल परगना प्रक्षेत्र में भी उतारा है। यहां की तीन सीटों गोड्डा, दुमका और राजमहल में अंतिम चरण में मतदान होना है। शर्मा देवघर को केंद्र बनाकर काम कर रहे हैं और उसी तरीके से अपनी मुहिम को मंजिल तक पहुंचाने के प्रयास में लगे हैं, जैसा मध्य प्रदेश में किया था।

सुबह से देर रात तक वे चुनावी इलाकों के

जटिल मतदान केंद्रों की स्थिति को समझते हैं और उसी अनुरूप वहां सक्रिय भाजपा कार्यकर्ताओं के फीडबैक के आधार पर काम करने की सलाह देते हैं। लोकसभा चुनाव के छह माह बाद होने वाले विधानसभा चुनाव पर भी उनकी नजर है। उल्लेखनीय है कि पिछले विधानसभा चुनाव में संताल परगना में भाजपा को गठबंधन ने पीछे धकेल दिया था।

शर्मा बताते हैं कि मध्य प्रदेश में भी ऐसी ही चुनौतियां थी। शुरुआत में ऐसा माहौल बनाया गया कि भाजपा के पक्ष में चुनाव परिणाम नहीं होगा। इसे हमने गंभीरता से लेते हुए 64523 बूथों को डिजिटली जोड़ा। इससे 41 लाख कार्यकर्ता संबद्ध थे। इनको सीधे जोड़कर बूथ विजय का अभियान चलाया। कार्य निर्धारित किए गए। संभागों के सम्मेलन हुए। देखते ही देखते माहौल बदल गया। संगठन की ताकत को बढ़ाकर सरकार बनाने का सपना साकार हुआ। सारे मिथक मध्यप्रदेश में टूट गए।

वीडी शर्मा कहते हैं कि झारखंड में भी यही धारणा बनाई जा रही है कि एक आदिवासी नेता को भाजपा ने जेल भेज दिया। हम बता रहे हैं कि एक भ्रष्टाचारी को जेल भेजा गया है। यही हमारी ताकत भी है। दुमका, गोड्डा और राजमहल को ही देखना होगा। मोदी के विकास और गरीब कल्याण के कार्यक्रम हमारी मजबूती हैं।

उन्होंने कहा कि लोगों तक बताना है कि कांग्रेस और उसके घटक दल जब आमने-सामने की लड़ाई में खुद को सक्षम नहीं पा रहे हैं तो वे आरक्षण समाप्त करने और संविधान बदलने संबंधी भ्रामक बातें फैला रहे हैं। जबकि सच्चाई यह है कि कांग्रेस ने ही संविधान को सबसे ज्यादा बार बदला है। इन्होंने देश में आपातकाल लागू किया। देश में लोकतांत्रिक मूल्यों पर सबसे ज्यादा प्रहार कांग्रेस ने किया।

झारखंड में छह माह बाद होने वाले विधानसभा चुनाव को वीडी शर्मा बड़ा अवसर बताते हैं। वह कहते हैं कि संगठन को निचले स्तर तक सक्रिय कर लक्ष्य को पाया जा सकता है। लोकसभा चुनाव में इसका बड़ा पूर्वाभ्यास हो चुका हो रहा है। छह माह बाद हो रहे चुनावों में इससे मदद मिलेगी।

उन्होंने कहा कि झारखंड में भाजपा के शासनकाल में विकास के कार्य हुए। कांग्रेस, झारखंड मुक्ति मोर्चा जैसे दलों ने अपने राजपाट में सिर्फ भ्रष्टाचार किए। आज वे उनका खामियाजा भुगत रहे हैं। इस सच्चाई को लोगों तक पहुंचाने का काम भाजपा कर रही है।

संक्षिप्त समाचार

महाराष्ट्र के स्कूल सिलेबस पर बवाल, सरकार बोली- नहीं पढ़ाएंगे मनुस्मृति की पंक्तियां

मुंबई, एजेंसी। महाराष्ट्र में स्कूल सिलेबस को लेकर बवाल मचा हुआ है। इस बीच महाराष्ट्र सरकार की तरफ से सफाई आई है कि वह महाराष्ट्र राज्य पाठ्यक्रम ढांचे की तरफ से दी गई सारी सिफारिशों को नहीं मानेगी। राज्य के शिक्षा मंत्री दीपक केसरकर ने कहा कि ड्राफ्ट को सरकार की मंजूरी के बिना ही सार्वजनिक करके बड़ी गलती की गई है। इसी वजह से भ्रम की स्थित बनी हुई है। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक केसरकर ने कहा कि ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि उचित प्रक्रिया के बिना ही ड्राफ्ट को सार्वजनिक कर दिया गया। केसरकर ने मराठी को अनिवार्य भाषा से बाहर करने पर भी खेद जताया। उनके बयान के बाद एससीईआरटी ने बयान जारी किया और कहा कि कक्षा 1 से 10 तक मराठी और अंग्रेजी भाषा, दोनों ही अनिवार्य होंगी। कक्षा 6 से संस्कृत समेत भारतीय और विदेशी भाषाओं का विकल्प मौजूद रहेगा। इसके अलावा 11वीं और 12वीं में दो भाषाएं सीखना जरूरी होगा जिसमें से एक भारतीय और दूसरी विदेशी होनी चाहिए। मुंबई में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए केसरकर ने कहा कि 11 और 12 में अंग्रेजी को अनिवार्य भाषा से बाहर इसलिए रखा गया है क्योंकि आगे की तकनीकी शिक्षा को भी आंचलिक भाषा में लाने का प्रयास किया जा रहा है। बता दें कि पिछले सप्ताह ही स्टेट काउंसिल ऑफ एजुकेशन रिसर्च ऐंड ट्रेनिंग ने महाराष्ट्र स्टेट कैरिकुलमम फ्रेमवर्क पेश किया था इसमें स्कूली शिक्षा में भारतीय ज्ञान को लाने की वकालत की गई थी। स्कूली किताबों में भगवद्गीता को भी शामिल करने का ड्राफ्ट तैयार किया गया था। इसके अलावा नैतिक शिक्षा का भी अध्याय जोड़ने की शिफारिश की गई थी। हालांकि मनुस्मृति की पंक्तियों को शामिल करने को लेकर बवाल खड़ा हो गया। इस फैसले को दलित और ओबीसी विरोधी बताया गया। केसरकर ने सफाई देते हुए कहा, सरकार ने इसकी मंजूरी नहीं दी थी लेकिन ड्राफ्ट पहले ही सार्वजनिक हो गया। सरकार इस ड्राफ्ट के साथ आगे नहीं बढ़ने जा रही है।

राजकुमार राव ने बताया अपने पहले फोटोशूट का अनुभव - जब उन्हें ठग लिया गया था!

मुंबई, एजेंसी। अनिल कपूर और फ़राह ख़ान के साथ मनोरंजन की भरपूर डोज़ के बाद, नेटफ्लिक्स के द ग्रेट इंडियन कपिल शो के 10वें एपिसोड में इस हफ़्ते रात 8 बजे आ रहे हैं आगामी फ़िल्म मिस्टर एंड मिसेज माही के सितारे राजकुमार राव और जान्हवी कपूर। ये ज़बरदस्त जोड़ी अपने मज़ेदार किस्सों और हंसी-मज़ाक से दर्शकों को हँसा-हँसा कर लोट-पोट कर देगी। अपने शुरुआती दिनों के बारे में बात करते हुए राजकुमार राव अपने साथ हुई ठगी की एक घटना के बारे में बताते हैं,जब किसी ने ऐक्टिंग का काम दिलाने का झूठा वादा करके उन्हें ठग लिया था। एक भयानक अनुभव होने के बावजूद उन्होंने हास्य का रूप देकर इस किस्से को मज़ेदार बना दिया। कपिल शर्मा राजकुमार राव से उस घटना के बारे में पूछते हैं- राजकुमार, मैंने सुना है किसी ने तुम्हें ठग लिया था, उसने तुमसे 10,000 रुपये ठग लिये थे ये कह कर कि वो तुम्हें एक्टर बना देगा, क्या ये सच है? इस घटना के बारे में राजकुमार कहते हैं, असल में ये बिल्कुल फ़िल्मी था। मैंने एक अख़बार में ख़बर पढ़ी थी कि टीवी के लिए एक शो बनाया जा रहा था। मैं तब 11वीं क्लास में था। मुझे टीवी और फ़िल्म में क्या फ़र्क होता है, ये नहीं पता था। मुझे तो बस एक्टिंग करनी थी, इसलिए मैंने उन्हें कॉल किया और उस आदमी ने मुझसे मिलने को कहा। मैं साइकिल से दिल्ली के साउथ एक्सटेंशन तक गया। उनका एक ख़ास तरह का ऑफिस था। उस आदमी की गुलशन ग्रोवर से लेकर रज़ा मुराद तक सभी के साथ फोटो वहाँ लगी थीं। मैंने सोचा कि वो सभी को जानता है। उसने कहा कि फोटोशूट के लिए 10,000 रुपये लगेंगे।

दिल्ली में नियमों को ताक पर रखकर चल रहे 150 अस्पताल, आग से बचाव के इंतजाम नाकाफी

नईदिल्ली, एजेंसी।
राजधानी की संकरी गलियों में तमाम अस्पताल नियमों को ताक पर रखकर चल रहे हैं। करीब डेढ़ सौ नर्सिंग होम अनधिकृत और रिहायशी इलाकों में चल रहे हैं, जिनके पास फायर की एनओसी नहीं है। इनमें से कई अस्पतालों में आग से बचाव के सुरक्षा इंतजाम नाकाफी हैं। हिन्दुस्तान की टीम ने सोमवार को कई अस्पतालों का दौरा किया। इस दौरान पता चला कि यह संकरी गलियों में मौजूद हैं, जहां अस्पताल के ऊपर बिजली के तार के जाल लटके हुए हैं। कुछ अस्पताल तो ऐसी गलियों में हैं जहां दमकल या बचाव की गाड़ियों का पहुंचना भी आसान नहीं होगा।

दिल्ली के कई नर्सिंग होम में अग्निशामक यंत्र दीवार पर लटके हुए थे। फायर अलार्म और वाटर हाइड्रेंट के लिए इस्तेमाल में आने वाले पाइप भी बक्से में नजर आए, लेकिन उन पर धूल जमा होने की वजह से ऐसा लगा रहा था कि इनका काफी समय से प्रयोग नहीं हुआ है। कई अस्पताल में तो आग बुझाने के सिलेंडर भी नहीं दिखाई दिए। कुछ जगह सिलिंडर और स्प्रिंकलर जैसे उपकरण तो लगे

हैं पर उनकी ठीक से देखभाल नहीं की जा रही है। ऐसे में जरूरत पड़ने पर उपकरण ठीक से काम नहीं करते। रिहायशी इलाकों में चल रहे अस्पताल घरों से सटे हुए हैं। अगर यहां आग जैसी घटनाएं होती हैं तो बड़ा जानमाल का नुकसान हो सकता है। संकरी गलियों में दमकल विभाग की गाड़ियों को पहुंचने में भी दिक्कत होती है। इसलिए बचाव कार्य में देरी हो जाती है। ज्यादातर रिहायशी इलाकों में चल रहे अस्पताल नियमों को ताक पर रखते हैं। संकरे रास्ते होने के कारण अस्पताल से बाहर निकलने में दिक्कत आती है। कड़कड़डूमा कोर्ट ने सोमवार को विवेक विहार स्थित बेबी केयर न्यू बॉर्न चाइल्ड अस्पताल में आग के मामले में आरोपी दो डॉक्टरों को तीन दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। पुलिस ने अदालत से तीन दिन हिरासत में लेकर पूछताछ की मांग को लेकर आवेदन दाखिल किया था, जिसे मुख्य महानगर दंडाधिकारी विधि गुप्ता आनंद ने स्वीकार कर लिया।

दिल्ली-एनसीआर में मासूमों की मौत का कारण बन रही एनआईसीयू की सस्ती सुविधाएं पूर्वी दिल्ली के विवेक विहार स्थित न्यू बोर्न बेबी केयर अस्पताल में आग लगने की घटना से भले ही सरकारी तंत्र की नींद टूटी है, लेकिन सच्चाई यह है कि सस्ती सुविधाएं मासूमों की मौत का कारण बन रही हैं। महंगे नवजात गहन चिकित्सा इकाई (एनआईसीयू) का खर्च उठाने में असमर्थ परिजन ऐसे अस्पतालों का रुख करते हैं, जिससे यह धंधा परवान चढ़ रहा है।

अस्पताल ने अपनी वेबसाइट पर कहा है कि यह नवजात शिशुओं, खासतौर पर समय से पहले जन्मे और बेहद कम वजन वाले बच्चों के लिए समर्पित संस्थान है। यह भी दावा किया है कि यह अस्पताल दिल्ली-एनसीआर में सबसे किफायती है, जहां एनआईसीयू की सुविधा भी कम रुपये में मिलती है। देखभाल में कोई समझौता नहीं किया जाता है। हालांकि, जांच टीमों ने पाया कि दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय द्वारा जारी अस्पताल के संचालन का लाइसेंस 31 मार्च को समाप्त हो गया था। अब अमान्य हो चुके परमिट में भी केवल पांच बिस्तरों की अनुमति थी, लेकिन घटना के समय वहां 12 नवजात भर्ती थे।

दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य सेवा विभाग में कार्यरत रहे एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर कहा, ऐसी सस्ती सुविधाओं की मांग बहुत अधिक है, जिसकी पूर्ति नहीं हो पा रही है। यही कारण है कि यह धंधा फल-फूल रहा है। पुलिस के अनुसार, अस्पताल में ऐसे डॉक्टर काम कर रहे थे जिनके पास आयुर्वेदिक चिकित्सा और सर्जरी में स्नातक की डिग्री थी, न कि एमबीबीएस या एमडी की डिग्री। इस तरह वह नवजात शिशुओं की गहन देखभाल में इलाज करने के लिए योग्य नहीं थे। 2020 के लैंसेट के अध्ययन में कहा गया है, भारत को श्रेणी तीन के 20 से 30 हजार एनआईसीयू बिस्तर और जबकि श्रेणी दो के 75 हजार से एक लाख विशेष नवजात शिशु देखभाल बेड की आवश्यकता है, परंतु यहां पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि दिल्ली और उसके आसपास के शहरों में ऐसे कई क्लीनिक बिना किसी उचित अनुमति, बुनियादी ढांचे व कम स्टाफ के साथ संचालित हो रहे हैं।

दिल्ली में पशु अस्पतालों की दुर्दशा पर अधिकारियों को हाईकोर्ट की फटकार

नईदिल्ली, एजेंसी।
दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में पशु डेयरियों से जुड़े मुद्दों पर कार्रवाई करने में विफल रहने पर अधिकारियों को फटकार लगाई। अदालत ने कहा कि अधिकारियों में कुछ भी अच्छा करने की मंशा का अभाव है। आलम यह है कि विशेषज्ञ भी राजनीतिक हितों से निर्देशित हो रहे हैं। अदालत ने बवाना के गोगा डेयरी में एक पशु चिकित्सालय की खराब और भयावह स्थिति पर हैरानी जताई।

पिछले पांच वर्षों से कोई वहां नहीं गया

अदालत ने कहा कि ऐसा लगता है कि पिछले पांच वर्षों से कोई भी वहां नहीं गया। यह इतना सुनसान है कि हर जगह 12 फीट लंबी घास उग रही है। संकीर्ण राजनीतिक हितों के कारण यह दुर्दशा है। यहां तक की विशेषज्ञों की मदद ली जा सकती है, लेकिन ऐसा नहीं किया जा रहा। इसमें हैरानी नहीं कि कोई भी पुनर्वास डेयरियों में नहीं जाना चाहता है। पीठ ने कहा कि उन्हें नहीं लगता कि दिल्ली प्रशासन जमीनी स्तर पर मौजूद है। पीठ ने एमसीडी के वकील और पशुपालन विभाग के अधिकारियों से पूछा कि जहरीले कचरे के बगल में डेयरियों को कैसे संचालित करने की अनुमति दी जा रही है। पीठ ने कहा कि उन्हें लगता है कि अब पशुपालन विभाग को खत्म करने का समय आ गया है। यह गंदगी में योगदान देने के अलावा कुछ नहीं कर रहा है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पीएस अरोड़ा की पीठ ने कहा- आप कह रहे हैं कि अस्पताल पूरी तरह से काम कर रहा है, लेकिन तस्वीरें बताती हैं कि यह काम नहीं कर रहा है। अस्पताल की हालत बहुत खराब है। पिछले पांच वर्षों के दौरान कोई भी वहां नहीं गया, यहां तक ??कि पशु भी नहीं। जमीनी स्तर पर हालात दयनीय हैं। हमें नहीं लगता कि दिल्ली प्रशासन जमीनी स्तर पर मौजूद है।

दिल्ली हाईकोर्ट ने सत्येन्द्र जैन की याचिका पर ईडी को भेजा नोटिस, डिफॉल्ट बेल पर मांगा जवाब

नईदिल्ली, एजेंसी।
दिल्ली हाईकोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आम आदमी पार्टी (आप) नेता सत्येन्द्र जैन की डिफॉल्ट बेल मांगने वाली एक याचिका पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को नोटिस जारी किया है। सत्येन्द्र जैन ने दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट के 15 मई के आदेश को चुनौती दी है, जिसने उन्हें मामले में डिफॉल्ट बेल देने से इनकार कर दिया था।

दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येन्द्र जैन ने सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में डिफॉल्ट बेल देने की मांग करते हुए हाईकोर्ट का रुख किया था। जैन ने अपनी याचिका में दलील दी है कि ईडी वैधानिक अवधि के भीतर सभी मामलों में जांच पूरी करने में विफल रही, इसलिए उन्हें डिफॉल्ट बेल दी जाए।

जैन ने आगे कहा कि अभियोजन की शिकायत, जो सभी मामलों में पूरी नहीं है, सीआरपीसी की धारा 167 (2) के प्रावधानों के तहत आवेदक को डिफॉल्ट बेल के अधिकार से वंचित करने के प्रयास में दायर की गई थी। उन्होंने आगे कहा कि यह कानून की स्थापित स्थिति है कि जब जांच लंबित हो तो चार्जशीट दाखिल करने का इस्तेमाल डिफॉल्ट बेल के अधिकार को खत्म करने के लिए नहीं किया जा सकता है। जांच पूरी होने पर ही चार्जशीट दाखिल की जानी चाहिए। जब जांच लंबित हो तो पीएमएलए मामले में अधूरी चार्जशीट या शिकायत दर्ज करना भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत आरोपी के

मौलिक अधिकार का उल्लंघन है। यह सीआरपीसी की धारा 167 (2) के तहत डिफॉल्ट बेल के अपरिहार्य अधिकार को नकारता है। इसलिए, भले ही चार्जशीट दायर की गई हो, जब जांच पूरी नहीं हुई हो तो पीएमएलए मामले में एक आरोपी भी डिफॉल्ट जमानत का हकदार होगा। बता दें कि, हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येन्द्र जैन की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। पिछले साल 6 अप्रैल को दिल्ली हाईकोर्ट ने सत्येन्द्र जैन की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। हाईकोर्ट ने सत्येन्द्र जैन की जमानत याचिका खारिज करते हुए कहा था कि आवेदक (सत्येन्द्र जैन) एक प्रभावशाली व्यक्ति है और सबूतों के साथ छेड़छाड़ करने की क्षमता रखता है। इस स्तर पर आवेदक को पीएमएलए की दोहरी शर्तों को पूरा करने के लिए नहीं रोका जा सकता है। गौरतलब है कि सत्येंद्र जैन को 30 मई, 2022 को प्रवर्तन निदेशालय द्वारा पीएमएलए की धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया था और वर्तमान में वह मामले में न्यायिक हिरासत में हैं। 17 नवंबर 2022 को ट्रायल कोर्ट ने सत्येन्द्र जैन की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। ईडी का मामला सीबीआई की शिकायत पर आधारित है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि सत्येंद्र जैन ने 14 फरवरी, 2015 से 31 मई, 2017 तक विभिन्न व्यक्तियों के नाम पर चल संपत्तियां हासिल की थीं, जिसका वह संतोषजनक हिसाब नहीं दे सके।

भट्टी बने दिल्ली समेत देश के 17 शहर, 48 के पार पहुंचा पारा

नईदिल्ली, एजेंसी।
देश के अधिकांश हिस्सों में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। देश की राजधानी दिल्ली में आसमान से आग बरस रही है। हालात का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सोमवार को यहां तापमान 48 डिग्री को पार कर गया। सबसे ज्यादा जानलेवा गर्मी राजस्थान में पड़ी। यहां तापमान 49 से ऊपर रहा। इसके अलावा हरियाणा, पंजाब, यूपी और मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में भी तापमान 48 से ऊपर चला गया। आईएमडी का कहना है कि देश के करीब 17 शहरों में रिकॉर्ड गर्मी दर्ज की गई है। फिलहाल मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों के लिए लू से राहत मिलने की कोई संभावना नहीं जताई है।

मानसून के जल्द दस्तक देने की खबरों के बीच अधिकांश राज्यवासी इस समय जानलेवा गर्मी से जूझ रहे हैं। दिल्ली-एनसीआर समेत देश के 17 शहरों में पारा 48 के पार पहुंच गया। मौसम विभाग के मुताबिक, गर्मी से सबसे बुरा हाल उत्तर पश्चिम और मध्य भारतीय हिस्सों में है। लगातार गर्मी से लोगों का स्वास्थ्य और उनकी आजीविका भी प्रभावित हो रही है।

सोमवार को लोगों को जानलेवा गर्मी का सामना करना पड़ा। दिल्ली-एनसीआर समेत देश के 17 स्थानों पर तापमान 48 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया। राजस्थान का फलोदी 49.4 डिग्री सेल्सियस के साथ देश का सबसे गर्म स्थान रहा। राजस्थान में कम से कम आठ और स्थानों पर तापमान 48 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा। हरियाणा के सिरसा में पारा 48.4 डिग्री, दिल्ली के मुंगेशपुर में 48.8 डिग्री, पंजाब के बठिंडा में 48.4 डिग्री, उत्तर प्रदेश के झांसी में 48.1 डिग्री और मध्य प्रदेश के निवाड़ी में 48.7 डिग्री तक पहुंच गया। यहां तक कि हिमाचल प्रदेश की पहाड़ियों में भी गर्मी का सामना करना पड़ा है। ऊना में अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि मंडी में अधिकतम तापमान 39.4 डिग्री दर्ज किया गया। देश की राजधानी दिल्ली में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है और यहां के कई इलाकों में अधिकतम तापमान 48 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया। मौसम कार्यालय ने कहा कि दिल्ली के लिए सोमवार को 'रेड अलर्ट' जारी किया गया था और अगले तीन दिनों तक ऐसा ही रहेगा। सफदरजंग वेधशाला ने तापमान 45.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जो सामान्य से 4.7 डिग्री अधिक था। न्यूनतम तापमान 29.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पालम वेधशाला में अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से पांच डिग्री अधिक है। आईएमडी के प्रमुख मृत्युंजय महापात्र ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ और अरब सागर से नमी आने के कारण तीन दिनों के बाद चिलचिलाती गर्मी से कुछ राहत मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि पश्चिमी विक्षोभ और अरब सागर से नमी आने के कारण देश के उत्तर पश्चिम और मध्य भागों में गरज के साथ वर्षा होने और पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में बारिश होने की संभावना है, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिल सकती है।

कई लड़कियों से था आईआरएस अफसर का संबंध! डिप्टी मैनेजर मौत मामले में नया खुलासा

नईदिल्ली, एजेंसी। नोएडा के सेक्टर-100 के लोटस बुलेवर्ड सोसाइटी में आईआरएस (इंडियन रेवेन्यू सर्विस) अधिकारी के फ्लैट में शनिवार को बीएचईएल की डिप्टी मैनजर एचआर का शव फंदे से लटकता हुआ मिला था। महिला के पिता की शिकायत पर सेक्टर-39 पुलिस ने रविवार को आईआरएस अफसर को हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस की जांच में अब आईआरएस अफसर के बारे में कई चौंकाने वाली जानकारी निकलकर सामने आई है। बीएचईएल की डिप्टी मैनेजर की मौत की गुत्थी अभी भी हत्या और आत्महत्या के बीच उलझी हुई है। पुलिस ने मुताबिक मृतक महिला के पिता का आरोप है कि डेटिंग ऐप पर दोस्ती करने के बाद आईआरएस सौरभ मीना ने अलीगढ़ की शिल्पी के साथ नजदीकी बढ़ाई। उसका जबरन गर्भपात कराया गया। दोनों सहमति संबंध में बीते तीन साल से रह रहे थे। आरोप है कि सौरभ का शिल्पा के अलावा कई अन्य युवतियों से भी संपर्क था। वह अन्य लड़कियों के साथ भी छल कर रहा था। आत्महत्या की सूचना मिलने के बाद जब पुलिस आईआरएस अफसर के फ्लैट के पहुंची थी तो वहां महंगी शराब की बोतल भी मिली थी। बोतल की सील खुली थी और थोड़ी शराब पी गई थी। हो सकता है आईआरएस ने शराब के नशे में डिप्टी मैनेजर की हत्या की हो या फिर डिप्टी मैनेजर ने शराब पीने के बाद आत्महत्या की हो। अभी यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि आईआरएस ने ही बीएचईएल की डिप्टी मैनेजर की हत्या की। क्योंकि उसका शव बगल वाले कमरे में फांसी के फंदे से लटका था और दरवाजा भी अंदर से बंद था। काफी देर तक जब शिल्पा ने दरवाजा नहीं खोला तो सौरभ ने ही सिक्योरिटी को फोन करके फ्लैट पर बुलाया।

इंसानियत शर्मसार! सड़क हादसे में बुजर्ग महिला की मौत, मदद के बहाने कैश-जेवर चुराए

नईदिल्ली, एजेंसी।
गाजियाबाद के विजयनगर थानाक्षेत्र के राहुल विहार में जल निगम के सामने महिला को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। मौके पर ही महिला की मौत हो गई। मदद की आड़ में किसी ने महिला के पास से नगदी, मोबाइल और जेवर चोरी कर लिए। शिकायत पर केस दर्ज कर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। विजयनगर थानाक्षेत्र के राहुल विहार प्रताप विहार निवासी अशोक रावत का कहना है कि 23 मई की सुबह करीब नौ बजे उनकी 60 वर्षीय मां मंजू रावत सत्संग में शामिल होने के लिए घर से नांगलोई दिल्ली के लिए निकली थीं।

रास्ते में जल निगम के सामने अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी थी। हादसे में उनकी माता की मौके पर ही मौत हो गई थी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। अशोक रावत का कहना है कि जब वह पहुंचे तो उनकी माता का मोबाइल,

मंगलसूत्र, कानों के कुंडल और पर्स घटनास्थल पर नहीं मिले। हादसे के बाद किसी ने चोरी कर लिया। मंजू रावत के बेटे अशोक रावत का कहना है कि उनकी बहन के बच्चे भी उनकी मां के साथ रहते हैं। उनकी मां अकसर बहन के बच्चों को साथ लेकर ही आती-जाती थीं, लेकिन 23 मई को वह अकेले ही सत्संग के लिए निकलीं और रास्ते में सड़क हादसे का शिकार हो गईं। अशोक रावत की पत्नी ने बताया कि उनकी सास धार्मिक प्रवृत्ति की थीं। उनके पर्स में चार से पांच हजार रुपये थे, जिन्हें वह सत्संग में दान करने जा रही थीं। उनका कहना है कि जिस जगह घटना हुई, वहां दूर-दूर तक कोई सीसीटीवी कैमरा नहीं है।

अशोक रावत ने अपनी शिकायत में मां का सामान गायब होने का जिक्र भी किया है, लेकिन नगर कोतवाली पुलिस ने चोरी की धारा तक नहीं लगाई। एसीपी कोतवाली प्रियाश्री पाल का कहना है शिकायत पर विजयनगर थाने में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। मृतका के मोबाइल को सर्विलांस पर लगवा दिया गया है। अशोक रावत का कहना है कि वह घटनास्थल पर गए तो उनकी मां के मंगलसूत्र के काले मोती तो बिखरे पड़े मिले, लेकिन मंगलसूत्र का सोने का लॉकेट और अन्य जेवर नहीं मिले। जिसने भी घटना को अंजाम दिया, उसे पता था कि क्या सामान चोरी करना है और क्या छोड़ना है। आरोपी उनकी मां की डायरी और चश्मा भी छोड़ गया।

वैन सवार चार बदमाशों ने मेरा अपहरण कर लिया....छात्र ने पापा-बुआ से मांगी फिरौती

नईदिल्ली, एजेंसी।
गाजियाबाद के कविनगर थानाक्षेत्र में दादा से लिए एक लाख रुपये खो जाने पर छात्र ने खुद के अपहरण की कहानी रच डाली। छात्र दिल्ली के होटल में रुका और वहीं से बदमाश बनकर पिता और बुआ से साढ़े पांच लाख रुपये की फिरौती मांगी। रकम न मिलने पर हत्या की धमकी देने पर पीड़ित परिजन थाने पहुंचे। पुलिस ने मोबाइल की लोकेशन के आधार पर चंद घंटों में घटना का खुलासा कर छात्र को हिरासत में ले लिया। कविनगर थानाक्षेत्र के रजापुर गांव में रहने वाले अरुण कुमार भवन निर्माण के ठेके लेते हैं। उनका 20 वर्षीय बेटा अभिषेक बीकॉम की पढ़ाई के साथ-साथ चार्टर्ड अकाउंटेंट की तैयारी भी कर रहा है। अभिषेक रविवार दोपहर को घर से निकला और फिर वापस नहीं लौटा। शाम के वक्त उसी के मोबाइल से पिता अरुण कुमार के पास मैसेज आने शुरू हो गए। मैसेज करने वालों ने खुद को अपहरणकर्ता बताते हुए अरुण कुमार से कहा कि उनके बेटे को अगवा कर लिया गया है। अगर बेटे की जान प्यारी है तो फिरौती में साढ़े पांच लाख रुपये देने होंगे। यह सुनकर अरुण कुमार और अन्य परिजनों के होश उड़ गए। बताया जा रहा है कि इसी तरह के मैसेज अभिषेक की बुआ के पास भी पहुंचे। एसीपी कविनगर अभिषेक श्रीवास्तव का कहना है कि अभिषेक के पिता अरुण कुमार रविवार शाम करीब सवा सात बजे कविनगर थाने पहुंचे और बेटे के अपहरण की सूचना दी। पुलिस ने तत्काल फिरौती के लिए अपहरण का केस दर्ज कर युवक की तलाश शुरू कर दी। एसीपी का कहना है कि मोबाइल चालू होने के कारण अभिषेक की लोकेशन मिल गई।

आईपीएल में कम सैलरी पर रिंकू का गजब जवाब

5-10 रुपये के लिए तरसा हूं, अब तो लाखों मिल रहे...

नई दिल्ली, एजेंसी। रिंकू सिंह ने पिछले दो साल में अपनी अलग पहचान बना ली है। आईपीएल 2023 में लगातार 5 गेंदों पर 5 छक्के मारकर केकेआर को जीत दिलाने के बाद रिंकू ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। भारत के लिए टी20 क्रिकेट में उन्होंने कई कमाल की पारी खेली। हालांकि आईपीएल 2024 में उम्मीद के मुताबिक रिंकू का बल्ला नहीं बोला। फिर उन्हें टी20 वर्ल्ड कप टीम में भी जगह नहीं मिली। हालांकि रिंकू को रिजर्व में रखा गया है और उन्होंने पहली बार आईपीएल का खिताब भी जीत लिया।

आईपीएल में कम सैलरी पर क्या बोले रिंकू

आईपीएल 2024 का खिताब जीतने के बाद रिंकू सिंह से कम सैलरी के बारे में सवाल किया गया। दैनिक जागरण को दिए इंटरव्यू में रिंकू ने कम सैलरी पर कहा, 50-55 लाख भी बहुत होता है।

जब शुरू किया था तब इतना भी नहीं सोचा था कि इतना कमाएंगे। उस समय बच्चे थे, तब 5-10 रुपये भी लगता था कि कैसे भी मिल जाएं। अब 55 लाख रुपये मिल रहे हैं तो यह बहुत है, ऊपर वाला जितना दे उसमें खुश रहना चाहिए। यह मेरी सोच तो यही है। मुझे ऐसा बिल्कुल नहीं लगता कि मुझे इतने पैसे मिलने चाहिए थे और उतने मिलने चाहिए थे। मैं 55 लाख रुपये में भी बहुत खुश हूं। जब ये नहीं हुआ करते थे तब पता चलता था कि पैसों का मूल्य कितना होता है।

रिंकू को केकेआर देती है सिर्फ 55 लाख

रिंकू सिंह की आईपीएल सैलरी कई लोगों को हैरान कर देगी। उन्हें केकेआर से खेलने के लिए सिर्फ और सिर्फ 55 लाख रुपये मिलते हैं। रिंकू को 2022 की नीलामी में केकेआर ने खरीदा था। उस समय उनका नाम इतना बड़ा नहीं था। इसी वजह से नीलामी में बड़ी बोली नहीं लगी। अब रिंकू धमाका मचा रहे हैं लेकिन फिर भी उसी सैलरी में खेलना पड़ रहा है। वहीं कई अनकैप्ड खिलाड़ी आईपीएल में लाखों की सैलरी पा रहे हैं।

रोनाल्डो सऊदी प्रो लीग के एक सीजन में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी बने

नई दिल्ली, एजेंसी। रोनाल्डो के दो गोल की मदद से अल नासर ने अल इतिहाद को 4-2 से हराया। इस तरह रोनाल्डो की टीम ने 34 मैचों में 26 जीत के साथ 82 अंक लेकर तालिका में दूसरे स्थान रहकर सीजन का समापन किया। स्टार फुटबॉल खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने शानदार प्रदर्शन जारी रखा और वह सऊदी प्रो लीग के एक सीजन में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए हैं।

रोनाल्डो ने अल इतिहाद के खिलाफ अल नासर के अंतिम मुकाबले में यह उपलब्धि हासिल की। रोनाल्डो ने अल इतिहाद के खिलाफ मुकाबले में दो गोल किए जो उनका इस लीग के मौजूदा सीजन में 34वां और 35वां गोल था। इसी के साथ रोनाल्डो ने सीजन का समापन रिकॉर्ड बनाकर किया।

अल नासर की जीत में रोनाल्डो ने निभाई भूमिका

रोनाल्डो ने अपने दो गोल के दम पर अल नासर की जीत में अहम भूमिका निभाई। रोनाल्डो ने अल इतिहाद के खिलाफ पहले हॉफ के स्टॉपेज समय (45+3 मिनट) में इस मैच का अपना पहला गोल दागा।

इसके बाद रीयल मैड्रिड और मैनचेस्टर यूनाईटेड के इस पूर्व खिलाड़ी ने 69वें मिनट में हेडर के जरिये अपना दूसरा गोल किया। इसके साथ ही वह सऊदी प्रो लीग के एक सीजन में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए। रोनाल्डो के दो गोल की मदद से अल नासर ने अल इतिहाद को 4-2 से हराया। इस तरह रोनाल्डो की टीम ने 34 मैचों में 26 जीत के साथ 82 अंक लेकर तालिका में दूसरे स्थान रहकर सीजन का समापन किया। अल हिलाल 34 मैचों में 31 जीत के साथ 96 अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर रहा।

रिकॉर्ड तोड़ने के बाद रोनाल्डो ने इस तरह दी प्रतिक्रिया

सऊदी प्रो लीग के एक सीजन में सबसे ज्यादा गोल करने के बाद रोनाल्डो ने सोशल मीडिया पर पोस्ट के जरिये अपनी उपलब्धि पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने अपनी तस्वीरें शेयर करते हुए कैप्शन लिखा, मैं रिकॉर्ड के पीछे नहीं भागता, रिकॉर्ड मेरे पीछे भागते हैं।

अब्देराजाक हमदल्लाह को पीछे छोड़ा

रोनाल्डो ने सऊदी प्रो लीग में सर्वाधिक गोल करने के मामले में मोरक्को के अब्देराजाक हमदल्लाह को पीछे छोड़ा।

अब्देराजाक हमदल्लाह ने 2018-19 सीजन में कुल 34 गोल किए थे, लेकिन पुर्तगाल के स्टार खिलाड़ी रोनाल्डो ने इस हमदल्लाह को पीछे छोड़ते हुए यह रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। रोनाल्डो दिसंबर 2022 में इस लीग से जुड़े थे। रोनाल्डो पुरुष अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने 206 मैच खेले हैं और रोनाल्डो के नाम रिकॉर्ड 128 गोल हैं।

अमेरिका की मेजर लीग क्रिकेट को आईसीसी ने दिया 'लिस्ट-ए का दर्जा

सैन फ्रांसिस्को, एजेंसी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अमेरिका में टी20 प्रारुप में खेले जाने वाले मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) को आधिकारिक 'लिस्ट-ए का दर्जा प्रदान किया है। एमएलसी का दूसरा सत्र पांच जुलाई से शुरू होगा होगा। इसका उद्देश्य खेल के सबसे बड़े बाजारों में से एक में इसकी लोकप्रियता को बढ़ावा देना है। आईसीसी के इस कदम से एमएलसी को आधिकारिक टी20 लीग और अमेरिका के पहले विश्व स्तरीय घरेलू टूर्नामेंट का दर्जा मिल गया। अमेरिका एक जून से 29 जून तक खेले जाने वाले टी20 विश्व कप का सह-मेजबान है और एमएलसी का आयोजन विश्व कप के खत्म होने के एक सप्ताह के अंदर शुरू होगा। एमएलसी से जारी एक विज्ञप्ति के मुताबिक, 'अब हर शतक, अर्धशतक, रन-आउट, जीत, हार और चैंपियनशिप को खेल के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त प्रारूप में आधिकारिक करियर आंकड़ों के रूप में दर्ज किया जाएगा। एमएलसी को आधिकारिक दर्जा मिलने का मतलब है कि यह अमेरिका के स्थानीय खिलाड़ियों और खेल के उभरते सितारों को अंतरराष्ट्रीय पहचान का अवसर प्रदान करेगा। इससे देश में घरेलू प्रतिभा के विकास को बढ़ावा मिलेगा। इस बयान के मुताबिक, 'एमएलसी को शुरूआती सत्र की सफलता के बाद लिस्ट ए का दर्जा मिल रहा है। यह अमेरिका में शीर्ष स्तर के क्रिकेट के आयोजन को लेकर हमारे अटूट समर्पण को रेखांकित करता है। इस लीग के पहले सत्र में 19 मैच खेले गए थे लेकिन एमएलसी के सीईओ विजय श्रीनिवासन ने हाल ही में कहा कि 2025 से इसमें 34 मुकाबले खेले जायेंगे। श्रीनिवासन ने कहा, 'हमने पिछले साल मेजर लीग क्रिकेट के शुरुआती सत्र के बाद पूरे अमेरिका में क्रिकेट की लोकप्रियता को महसूस किया। अब बहुप्रतीक्षित आईसीसी टी20 विश्व कप और एमएलसी के दूसरे सत्र को लेकर रोमांच लगातार बढ़ रहा है। यूएसए क्रिकेट से मान्यता प्राप्त एमएलसी में न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया सहित पूरी दुनिया के क्रिकेटर भाग लेते हैं। इसके शुरुआती सत्र में छह टीमों लॉस एंजिल्स नाइट राइडर्स, एमआई न्यूयॉर्क, सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न, सिएटल ऑर्कास, टेक्सास सुपर किंग्स और वाशिंगटन फ्रीडम ने भाग लिया था।

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 से पहले भारत ए का सामना ऑस्ट्रेलिया ए से होगा

मेलबर्न , एजेंसी । क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाने वाले भारत ए के शेड्यूल और वेन्यू की घोषणा की। ऑस्ट्रेलिया ए और भारत ए के बीच दो चार दिवसीय मैच और एक तीन दिवसीय मैच खेला जाएगा, जिसमें भारतीय टेस्ट टीम और भारत ए के खिलाड़ी शामिल होंगे।

यह सभी मैच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला से पहले होंगे। लीड-अप गेम्स का मतलब है कि ऑस्ट्रेलिया मेजबानी करेगा, जिसमें भारतीय पुरुष और महिला टीमें ऑस्ट्रेलिया में 69 दिनों में आठ अलग-अलग स्थानों पर खेलेंगी। ऑस्ट्रेलिया ए बनाम भारत ए मैच क्रमशः मैकाय (31 अक्टूबर-3 नवंबर) और एमसीजी (7-10 नवंबर) में ग्रेट बैरियर रीफ एरिना में खेले जाएंगे, जबकि भारतीय आंतरिक मैच वाका ग्राउंड (15 -17 नवंबर) में होगा। इसके जरिए खिलाड़ी वेस्ट

टेस्ट से पहले चयन के लिए अपना दावा पेश करेंगे । ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम दिसंबर में तीन एकदिवसीय मैचों में भारत से भिड़ेगी क्योंकि विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलियाई और तेजी से सुधार कर रहे भारत के बीच प्रतिद्वंद्विता तेज हो गई है। सीए के क्रिकेट संचालन प्रमुख पीटर रोच ने कहा, 2024-25 की गर्मियों को पांच टेस्ट बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला द्वारा उजागर किया गया है, जो 30 से अधिक वर्षों में दो दिग्गजों के बीच पहली पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला है। महिला वनडे के साथ-साथ और उससे पहले दो महत्वपूर्ण ऑस्ट्रेलिया ए बनाम भारत ए मैचों का आयोजन हमारे प्रशंसकों के लिए बहुत अच्छा होगा।

भारत का ऑस्ट्रेलिया दौरा 2024

पुरुष ऑस्ट्रेलिया ए बनाम भारत ए सीरीज

31 अक्टूबर- 3 नवंबर, 2024-ग्रेट बैरियर रीफ एरिना, मैकाय
7 नवंबर-10 नवंबर, 2024- एमसीजी, मेलबर्न
भारत पुरुषों का आंतरिक मैच
15 नवंबर-17 नवंबर-वाका ग्राउंड, पर्थ
बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज

22-26 नवंबर, 2024-पर्थ स्टेडियम, पर्थ
6-10 दिसंबर, 2024-एडिलेड ओवल, एडिलेड (डे/नाइट)
14-18 दिसंबर, 2024-गाबा, ब्रिस्बेन
दिसंबर 26-30, 2024-एमसीजी, मेलबर्न
3-7 जनवरी, 2025-एससीजी, सिडनी

महिला वनडे सीरीज - ऑस्ट्रेलिया बनाम भारत
5 दिसंबर, 2024-एलन बॉर्डर फील्ड, ब्रिस्बेन (डे/नाइट)
8 दिसंबर, 2024=एलन बॉर्डर फील्ड, ब्रिस्बेन (डे)
11 दिसंबर, 2024= वाका ग्राउंड, पर्थ (डे/नाइट)

फ्रेंच ओपन

जन्मदिन से पहले राफेल नडाल को लगा झटका, पहले दौर में अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने दी करारी शिकस्त

नई दिल्ली, एजेंसी। राफेल नडाल को जन्मदिन से पहले तगड़ा झटका लगा है। सोमवार को खेले गए मुकाबले के पहले दौर में 14 बार के चैंपियन को अलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ निराशाजनक हार का सामना करना पड़ा। राफेल नडाल को जन्मदिन से पहले तगड़ा झटका लगा है। सोमवार को खेले गए मुकाबले के पहले दौर में 14 बार के चैंपियन को अलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ निराशाजनक हार का सामना करना पड़ा। तीन जून को नडाल 38 वर्ष के हो जाएंगे। दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी ज्वेरेव से 6-3, 7-6 (7/5), 6-3 से हार गए। 2005 में खिताब जीतने के बाद रोलांड गैरोस में 116 मैचों में उनकी यह चौथी हार है। ऐसा पहली बार हुआ कि वह पेरिस में शुरुआती दौर में हार गए थे। पहले दौर से बाहर हुए नडाल की वापसी पर सस्पेंस बरकरार

तीन घंटे तक चले खेल में अधिकांश समय अपने प्रतिद्वंद्वी के हावी रहने के बावजूद, नडाल ने अपने कुछ पुराने शॉट्स के माध्यम से मैच में वापसी के लिए संघर्ष जारी रखा। हार के बावजूद उनके समर्थकों ने उनका भरपूर समर्थन किया। इसके लिए नडाल ने उन्हें धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि यह उनकी टूर्नामेंट में आखिरी उपस्थिति है या नहीं कहना मुश्किल है। उन्होंने कहा, मेरे लिए बात करना कठिन है। मुझे नहीं पता कि यह आप सभी के सामने आखिरी बार होगा या नहीं। मुझे यकीन नहीं है। लेकिन अगर यह आखिरी बार है तो मैंने इसका आनंद लिया। आज मेरे मन में जो भावनाएं हैं उन्हें शब्दों में व्यक्त करना कठिन है। मेरे लिए उस जगह के लोगों का प्यार महसूस करना बहुत खास है, जिसे मैं सबसे ज्यादा प्यार करता हूं।

पेरिस ओलंपिक

उद्घाटन समारोह में पारंपरिक पोशाक में नजर आएंगे भारतीय एथलीट, बिखरेगी तिरंगे की छटा

नई दिल्ली, एजेंसी। 2012 के लंदन ओलंपिक तक भारतीय दल ओलंपिक के उद्घाटन समारोह में पगड़ी (पुरुष खिलाड़ी) और साड़ी (महिलाएं) की पारंपरिक पोशाक में उतरता था, लेकिन 2016 के रियो ओलंपिक में पुरुषों के सिर से पगड़ी को हटा दिया गया।

इस साल जुलाई-अगस्त में होने वाले पेरिस ओलंपिक की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं और भारतीय एथलीट अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए पूरा दम लगाने को तैयार हैं। चार साल में होने वाले खेल के इस महाकुंभ के उद्घाटन समारोह को लेकर एक दिलचस्प जानकारी सामने आई है। पेरिस ओलंपिक में पारंपरिक भारतीय पोशाक साड़ी की वापसी हो गई है।

सीन नदी के तट पर होने वाले ओलंपिक के उद्घाटन समारोह में बेटियां इस बार साड़ी में नजर आएंगी और पुरुष खिलाड़ी बंडी और कुर्ते में सजे-धजे होंगे। उद्घाटन समारोह में इस बार पुरुष और महिला खिलाड़ियों की पोशाक खास होगी। इस पोशाक को देखते ही दुनिया समझ जाएगी कि यह कोई और नहीं बल्कि भारतीय दल है। साड़ी के अलावा बंडी और कुर्ते में भारतीय झंडे के तीनों रंग होंगे। इस पोशाक से तिरंगे की छटा बिखरती नजर आएगी।

लंदन ओलंपिक तक होती थी पगड़ी, साड़ी की पोशाक

2012 के लंदन ओलंपिक तक भारतीय दल ओलंपिक के उद्घाटन समारोह में पगड़ी (पुरुष खिलाड़ी) और साड़ी (महिलाएं) की पारंपरिक पोशाक में उतरता था, लेकिन 2016 के रियो ओलंपिक में पुरुषों के सिर से पगड़ी को हटा दिया गया। 2018 के राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों से साड़ी को भी विदा कर दिया गया। टोक्यो ओलंपिक में महिला खिलाड़ी कोट और पैंट में नजर आईं। हालांकि बीते वर्ष हुए हांगझोऊ एशियाई खेलों में महिला खिलाड़ियों के परिधान में साड़ी को शामिल किया गया।

चेस: प्रगनानंद का सामना फ्रांस के अलीरजा से, कार्लसन लंबे समय बाद क्लासिकल टूर्नामेंट में करेंगे वापसी

नई दिल्ली, एजेंसी। सभी की नजरें मौजूदा विश्व चैंपियन चीन के डिंग लिरेन पर होंगी जो साल के आखिर में भारत के डी गुकेश की चुनौती का सामना करेंगे। रूस के इयान नेपोम्नियाश्चि को विश्व चैंपियनशिप मुकाबले में हराने के बाद उन्होंने काफी कम प्रतिस्पर्धी शतरंज खेली है। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रगनानंद नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के पहले दौर में फ्रांस के अलीरजा फिरोजा से खेलेंगे, जबकि आर वैशाली की टक्कर महिला विश्व चैंपियन चीन की वेंजुन जू से होगी। नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में पुरुष वर्ग में शीर्ष छह ग्रैंडमास्टर भाग लेंगे जबकि महिला वर्ग में शीर्ष छह खिलाड़ी खेलेंगी। वहीं, दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन लंबे समय बाद क्लासिकल

शतरंज टूर्नामेंट में भाग लेंगे। भारतीय शतरंज खिलाड़ियों ने हाल के दिनों में सराहनीय प्रदर्शन किया है जिससे सभी की उम्मीदें एक बार फिर इनसे बेहतर प्रदर्शन की होगी।

डिंग लिरेन पर रहेंगी नजरें

सभी की नजरें मौजूदा विश्व चैंपियन चीन के डिंग लिरेन पर होंगी जो साल के आखिर में भारत के डी गुकेश की चुनौती का सामना करेंगे। रूस के इयान नेपोम्नियाश्चि को विश्व चैंपियनशिप मुकाबले में हराने के बाद उन्होंने काफी कम प्रतिस्पर्धी शतरंज खेली है। पहले दौर में उनका सामना कार्लसन से होगा। इनके अलावा अमेरिका के फेबियानो कारूआना और हिकारू नकामूरा भी इसमें भाग लेंगे। दोनों पहले दौर में एक दूसरे के आमने सामने होंगे। महिला वर्ग में वैशाली के अलावा कोनेरू हम्पी, यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक ,स्वीडन की पिया क्रामलिंग और चीन की वेनजुन और तिंगजि लेइ भाग लेंगे।

अलग होता है प्रारूप

इस टूर्नामेंट का प्रारूप दूसरों से अलग है और इसमें किसी मुकाबले में अंक नहीं बंटते हैं। ड्रॉ होने पर खिलाड़ी टाइब्रेकर खेलेंगे। क्लासिकल टाइम कंट्रोल के तहत जीतने पर तीन अंक मिलेंगे, जबकि ड्रॉ रहने पर टाइब्रेकर जीतने वाले को डेढ़ और हारने वाले को एक अंक दिया जाएगा।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper

एक नजर

पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए किया छापेमारी

मदनपुर (औरंगाबाद) (का. सं.)। मदनपुर थाना के खिरियावां में शराब तस्कर द्वारा उत्पाद सिपाही गुड्डू पासवान पर चाकू से हमला मामले में इसी गांव के पासी टोला निवासी रामप्यारे चौधरी को आरोपी बनाया गया है। घायल सिपाही का इलाज मगध मेडिकल कॉलेज गया में जारी है। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि एसआई श्रीकांत पांडेय के बयान पर एफआईआर किया गया है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

गर्मी से मिडिल स्कूल में छात्र बेहोश

रफीगंज (औरंगाबाद) (का. सं.)। रफीगंज प्रखंड क्षेत्र के चित्रसारी स्थित राजकीय मध्य विद्यालय का छात्र चित्रसारी निवासी अमरजीत प्रताप का पुत्र 11 वर्षीय रोहित कुमार अचानक गर्मी के कारण बेहोश होकर गिर पड़ा। मौके पर मौजूद सहायक शिक्षक अभय कुमार सिंह ने बच्चें को होश में लाने के लिए ओआरएस का घोल, ग्लूकोज दिया। इसी दौरान जांच में बीईओ पहुंचे और उन्ही की गाड़ी से छात्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाकर इलाज कराया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि गर्मी के कारण छात्र बेहोश हुआ है। स्थिति में काफी सुधार है। इसकी सूचना परिजनों को दे दी गई है। वही बीईओ विनय शंकर दुबे ने कहा कि गर्मी व लू के वजह से छात्र बेहोश हो गया था। उसे मेरे द्वारा अस्पताल में लाकर भर्ती कराया गया और स्थिति ठीक है। प्रभारी राजेंद्र कुमार रवि ने कहा कि इस बच्चा को लगभग एक डेढ़ साल से फर्का आता है। इसी कारण वह बेहोश होकर गिर गया। वहीं बच्चें की मां आरती देवी ने कहा कि मेरे बच्चें को किसी प्रकार की कोई बीमारी नहीं है। वह गर्मी या किसी अन्य वजह से बेहोश हो कर गिर गया है।

पुलिस ने अपहृत बालक को किया सकुशल बरामद

नवीनगर (औरंगाबाद) (का. सं.)। 28 मई को अगवा हुए बालक को सकुशल बरामद कर मंगलवार को परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने बताया कि मामले में नबीनगर थाना कांड संख्या-152/24 दर्ज था।

अंजनवा मिडिल स्कूल की शिक्षिका वर्ग कक्ष में ही मूर्छित हुई

मदनपुर (औरंगाबाद) (का.सं.)। मदनपुर प्रखंड के उतरी उमगा पंचायत के अंजनवां मिडिल स्कूल की शिक्षिका सीता कुमारी मंगलवार को कक्षा में ही मूर्छित होकर गिर पड़ी। वह थाना क्षेत्र के टेंगरा गांव की रहने वाली है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उनका इलाज कराया गया। डॉक्टरों ने बताया कि वे लू की चपेट में आ गई है। जानकारी के अनुसार मंगलवार को वे समय पर स्कूल पहुंची। कक्षा में पढ़ाने के दौरान बेहोश होकर गिर पड़ी। इससे वर्ग कक्ष में अफरातफरी मच गई। छात्रों ने इसकी सूचना विद्यालय के अन्य शिक्षकों को दी और उन्हें तत्काल इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। डॉ आयुष्मान ने बताया कि शिक्षिका लू की चपेट में आ गई है। इलाज के बाद वे स्वस्थ हो गई है। विदित हो कि शिक्षकों और छात्रों को सुबह 6:00 बजे विद्यालय पहुंचना है। विद्यालय पहुंचने के लिए घर से पहले ही निकालना पड़ता है। दोपहर के 12:00 बजे उनकी छुट्टी होती है। धूप काफी तेज हो रही है। ऐसे में शिक्षक और छात्र लू के शिकार हो रहे हैं।

पिता को पॉक्सो एक्ट में कठोर कैद की सजा

पटना (नि.सं.)। बच्चों का लैंगिक अपराध से संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम बिहार में पटना व्यवहार न्यायालय स्थित एक विशेष अदालत ने एक नाबालिग के साथ लैंगिक हमले के प्रयास के अपराध में पीड़िता के ही पिता को एक वर्ष 10 महीने के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। विशेष न्यायाधीश कमलेश चंद्र मिश्रा ने मामले में सुनवाई के बाद आरोपित पिता को पॉक्सो अधिनियम की अलग-अलग धाराओं में दोषी करार देने के बाद यह सजा सुनाई है। साथ ही अदालत ने पीड़िता के पुनर्वास के लिए उसे पच्चीस हज़ार रुपए दिए जाने का निर्देश जिला विधिक सेवा प्राधिकार को दिया है ।

जिले में आसमान से बरस रही आग आदमी से लेकर जानवर तक परेशान

कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। जिले में लू का प्रकोप जारी है। आसमान से आग बरस रही है। जिले के लोग मौसम की इस कहर से परेशान है। आलम यह है कि 9 बजते बजते लोग अपने कामों को समेट कर घर लौट जा रहे है। सड़क पर पसरा सन्नाटा ही मौसम के बदलते मिजाज की हकीकत बयां कर रहा है। लू को लेकर अस्पताल में भी हिट वेब के मरीजों की संख्या बढ़ गई है और इसको नियंत्रित रखने के लिए अस्पताल प्रशासन भी पसीना बहा रहा है। हालांकि जिले के सभी अस्पतालों में हिट वेब को लेकर व्यवस्था की जा चुकी है। लेकिन सदर अस्पताल में काफी संख्या में इससे प्रभावित मरीज आ रहे है। जिला प्रशासन ने भी हिट वेब से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी कर दी है और धूप में निकलने एवं खाना बनाने समय बरती जानेवाली सावधानियों के संदेश भी लगातार दिए जा रहे। इस संबंध में सदर अस्पताल के प्रभारी उपाधीक्षक सुरेंद्र कुमार सिंह ने लू के लक्षणों को बताते हुए उससे बचने एवं संतुलित खान पान के साथ साथ भरपूर मात्रा में सलाद तथा शीतल पेय पदार्थ के सेवन करने की अपील की है।

गर्मी का कहर : भूख और गर्मी से मूर्छित हुई तीन छात्राएं, हुआ इलाज

निज संवाददाता

मदनपुर (औरंगाबाद)। मदनपुर प्रखंड मुख्यालय से 20 किमी. दूर दक्षिणी उमगा पंचायत के छालीदोहर मिडिल स्कूल की तीन छात्राएं भूख और गर्मी से मूर्छित हो गई। उनका इलाज स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया। ठीक होने के बाद उन्हें घर भेजा गया। इन छात्राओं में छालीदोहर के संतोष साव की आठ वर्षीय पुत्री अंशु कुमारी, नावाडीह के श्रीनिवास भुईयां की पुत्री रितु कुमारी व प्रियांशु कुमारी शामिल हैं। जानकारी के अनुसार मंगलवार को ये स्कूल स्कूल पढ़ने गई थी। सुबह में ये बिना कुछ खाए-पिए ही स्कूल चली आई। स्कूल में एमडीएम 10 बजे के बाद मिलता है। इधर वातावरण का तापमान भी चढ़ा हुआ था। भूख और गर्मी से तीनों छात्राएं मूर्छित हो गईं। विद्यालय प्रबंधन के द्वारा इसकी सूचना स्वास्थ्य विभाग को दी गई। विभाग की टीम यहां पहुंची और उनके इलाज में जुट गई। स्थिति को देखते हुए तीनों छात्राओं को फिर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया और इनका इलाज किया गया। डॉ संजय कुमार सिंह ने बताया कि छात्राएं खाली पेट रहने और गर्मी की वजह से मूर्छित हो गई हैं। हेडमास्टर सत्येंद्र सिंह ने बताया कि विद्यालय का संचालन सुबह छह बजे से होता है और 12 बजे छुट्टी दी जाती है। दक्ष कक्षा वाले बच्चों की छुट्टी 1.30 बजे होती है। घर में इतनी सुबह खाना नहीं बनने की स्थिति में बच्चे बिन खाए-पिए विद्यालय चले आते हैं। एमडीएम 10 बजे के बाद ही देने का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि इसका असर बच्चों के साथ शिक्षकों पर भी पड़ रहा है।

चुनाव के लिए दिया गया प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। काराकाट संसदीय क्षेत्र का चुनाव आगामी एक जून को प्रस्तावित है। स्थानीय अनुग्रह नारायण नगर भवन में जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में मतदान कर्मियों को वर्चुअल प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर प्रशिक्षक के द्वारा मॉक पॉल, ईवीएम कनेक्ट करने के तरीके, मतदान की पूर्ण प्रक्रिया आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। मतदान से संबंधित प्रतिनियुक्त पदाधिकारी, कर्मी, पीठासीन पदाधिकारी, मतदान पदाधिकारी प्रथम एवं द्वितीय आदि को प्रशिक्षित किया गया। डीपीआरओ श्वेता प्रियदर्शिनी ने बताया कि प्रतिनियुक्त विभिन्न मास्टर प्रशिक्षकों के द्वारा मतदान कर्मियों को दक्ष बनाया जा रहा है ताकि मतदान में किसी प्रकार की कोई तकनीकी समस्या नहीं हो।

शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने को ले एसपी ने की ब्रीफिंग

कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। काराकाट संसदीय क्षेत्र में लोकसभा चुनाव-2024 को शांति एवं भयमुक्त माहौल में संपन्न कराने को लेकर मंगलवार को औरंगाबाद की बैठक में डीटीओ शैलेंद्र कुमार दास, जिला भू अर्जन पदाधिकारी सच्चिदानंद सुमन, उप निर्वाचन पदाधिकारी आदि उपस्थित थे। पुलिस अधीक्षक स्वपना गौतम योजना भवन सभागार में अर्द्धसैनिक बल के साथ नक्सल प्रभावित बूथों तथा बल की तैनाती एवं अन्य संबंधित बिंदुओं पर ब्रीफिंग की। साथ ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

जेईई एडवांस का रिस्पॉन्स शीट 31 को होगा जारी

पटना (नि.सं.)। आईआईटी मद्रास ने जेईई एडवांस 2024 के पेपर-1 और पेपर-2 के प्रश्न पत्र जारी कर दिया है। प्रश्न पत्र को जेईई एडवांस की वेबसाइट पर जाकर डाउनलोड कर सकते हैं। वहीं, रिस्पॉन्स शीट वेबसाइट पर 31 मई शाम पांच बजे जारी की जाएगी। आंसर-की दो जून सुबह 10 बजे जारी की जाएगी। प्रोविजनल आंसर-की पर फीडबैक और कमेंट्स दो जून सुबह 10 बजे से तीन जून शाम पांच बजे तक कर सकते हैं। फाइनल आंसर-की और रिजल्ट नौ जून सुबह 10 बजे जारी कर दी जाएगी।

काराकाट में पवन से बेहतर कोई उम्मीदवार नहीं : खेसारी

कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। काराकाट लोकसभा क्षेत्र में पवन सिंह से बेहतर उम्मीदवार कोई नहीं है। वे मेरे भाई के समान है। हमेशा जात-पात से ऊपर उठकर काम करते हैं। ये बातें भोजपुरी अभिनेता खेसारीलाल यादव ने मंगलवार को गोह के चुनावी सभा में कही। उन्होंने कहा कि वे काफी नेक दिल इंसान हैं। लोगों से उन्हें वोट देकर भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। पवन सिंह ने कहा कि वे जनता का सेवक बनकर काम करेंगे। अब तक यहां से चुने गए प्रतिनिधि क्षेत्र के विकास के प्रति गंभीर नहीं रहे। ग्रामीण सड़कों की स्थिति जर्जर, सिंचाई का घोर अभाव, शिक्षा व चिकित्सा का समुचित्त व्यवस्था भी नहीं है। रोजगार नहीं रहने से युवा दर-दर की ठोकरे खा रहे हैं। विदित हो कि यहां एक जून को मतदान होना है। खेसारी लाल यादव ने जनसभा कर यहां का मुकाबला रोचक बना दिया है। इससे पहले भी यहां से पवन सिंह के निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में आने से सीट काफी हॉट माना जा रहा था। भीड़ अधिक होने के कारण पुलिस को परेशानी भी हुई।

गर्मी के मौसम का पारा चढ़ते ही दक्षिणी उमगा पंचायत के गांवों में पानी के लिए मचा हाहाकार

निज संवाददाता

मदनपुर (औरंगाबाद)। जैसे-जैसे गर्मी का मौसम अपना तेवर दिखा रहा है, वैसे-वैसे जल संकट बढ़ता ही जा रहा है। लोग बूंद-बूंद पानी को तरसने लगे है। लोग पीने के पानी के लिए जद्दोजहद करते नजर आ रहे है। ऐसा ही हाल मदनपुर प्रखंड के दर्जनों गांवों का है। मदनपुर के दक्षिणी उमगा पंचायत के अमावार, बादम, चिलमी, सहजपुर, कनौदी, वकीलगंज, पिछुलियां, सिजुआही, शिवनगर, रतनुआ सहित दर्जनों गांव के लोग दूसरे जगह से पीने के लिए पानी ढोने को मजबूर है। यह ईलाका मदनपुर प्रखंड का अत्यंत पिछड़ा इलाका माना जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से इलाके में लोग पेयजल की समस्या से जूझ रहे हैं लेकिन कोई सुध लेने को तैयार नहीं है। वही जलसंकट से इलाके के लोगों की दिनचर्या गड़बड़ा गई है। लोगों को सुबह उठते ही पानी की चिंता सताने लग रही है। इलाके में भूगर्भीय जलस्तर गिरने से चापाकल एवं कुंए भी सूख गए हैं। ग्रामीणों के मुताबिक गांव से एक से दो किलोमीटर दूर से पानी भरने लोग मजबूर हैं। इलाके की सिला देवी, फुलवा देवी, सबिता देवी, मानो देवी, क्रांति देवी, सरिता देवी का कहना है कि भीषण गर्मी में हमारी दोहरी परीक्षा हो रही है। पानी का इंतजाम करें या खाना बनाएं या बच्चों की देखरेख करें। उनका कहना है कि हैंडपंप दो किलोमीटर दूर है। इस बीच इलाके के पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि विजय कुमार उर्फ गोलू यादव ने ज़िला प्रशासन से पेयजल की समस्या दूर करने की मांग की हैं। कहा कि यदि इस पर प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा जल्द पहल नहीं की जाएंगी तो सैकड़ों ग्रामीणों के साथ आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस दौरान संजय सिंह भोक्ता, प्रदीप सिंह भोक्ता, अमित कुमार एवं नीरज शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

किसानों ने कनेक्शन लिया पर नहीं लगा ट्रांसफार्मर

निज संवाददाता

मदनपुर (औरंगाबाद)। मदनपुर प्रखंड के पलकिया गांव के किसानों ने सिंचाई के लिए विद्युत कनेक्शन लिया है पर अब तक ट्रांसफार्मर नहीं लग सका है। ट्रांसफार्मर नहीं लगने से सिंचाई का कार्य बाधित है। स्थानीय निवासी परमानन्द सिंह, लालदेव प्रजापति, दुखभंजन प्रसाद सिंह, संजीत कुमार सिंह, गुप्ता शर्मा, पिन्टु प्रसाद गुप्ता, पुकार दास, कपिल सिंह, रामस्वरूप दास आदि ने बताया कि उन्हें कनेक्शन लिए काफी दिन हो गए। अब तक यहां ट्रांसफार्मर नहीं लगाया जा सका है। इसके लिए कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों से गुहार भी लगा चुके हैं। कनेक्शन होने के बाद खेतों में बोरिंग भी करा लिए हैं। विभाग के अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए उन्होंने गांव में सिंचाई के लिए ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की है। कनीय अभियंता राकेश कुमार राम ने बताया कि कृषि कार्य के लिए ट्रांसफार्मर लगाने को सर्वे कराया गया है। जल्द ही यह काम कराया जाएगा।

पुलिस दबिश के कारण गोलीकांड के दो अभियुक्तों ने किया कोर्ट में सरेंडर

निज संवाददाता

रफीगंज(औरंगाबाद)। रफीगंज प्रखंड के गुलजारबाग व रतन खाप के बीच 17 मई की हुए गोलीकांड के मामले के नामजद अभियुक्त सुजित कुमार उर्फ बाबू एवं रॉकी कुमार यादव ने पुलिस दबिश के कारण मंगलवार को औरंगाबाद के अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी चतुर्थ के न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। थानाध्यक्ष गुफरान अली ने बताया कि 17 मई की रात्रि में गोलीकांड की घटना में राजा बिगहा निवासी राजू चौधरी का 19 वर्षीय पुत्र पंकज कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया था। घायल चरकुप्पा गांव से बर्थ डे पार्टी में शामिल होकर वापस पैदल लौट रहा था।इसी दौरान रास्ते मे गोलीबारी में तीन गोली लग गई थी। इस मामले में घायल पंकज कुमार के बयान पर सुजीत कुमार यादव, रॉकी कुमार यादव, अजित कुमार यादव, गुड्डू कुमार, गौतम चौधरी को नामजद एवं तीन चार अज्ञात लोगों पर आरोपी बनाते हुए प्राथमिकी दर्ज की गई थी। थानाध्यक्ष ने बताया कि पूर्व में अजित कुमार, गौतम चौधरी को गिरफ्तार किया गया था। सोमवार को सुजित कुमार उर्फ बाबू एवं मंगलवार को रॉकी कुमार यादव न्यायालय में आत्मसमर्पण किया।

उपेंद्र कुशवाहा के लिए वोट मांगने आज हसपुरा आएंगे सम्राट चौधरी

निज संवाददाता

हसपुरा (औरंगाबाद)। काराकाट संसदीय क्षेत्र से एनडीए गठबंधन के सांसद प्रत्याशी उपेंद्र कुशवाहा के पक्ष में जन समर्थन मांगने भाजपा के बिहार प्रदेश अध्यक्ष सह उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का आगमन कल 29 जून को हसपुरा उच्च विद्यालय के छोटी खेल मैदान में होने जा रहा है। हसपुरा भाजपा मंडल के महामंत्री सह कार्यक्रम के संयोजक अनिल कुमार आर्य ने बताया कि 29 मई को दोपहर 1:00 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा सम्राट चौधरी हसपुरा के छोटी फिल्ड पर पधार रहें हैं। उन्होंने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के सभी घटक दलों के पदाधिकारी, कार्यकर्तागण एवं आम मतदाता भाई, बहन, बंधु से आग्रह किया कि हजारों की संख्या में आकर उप मुख्यमंत्री के भाषण को सुनें। जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानें व लाभ उठाए। आगमन की तैयारी पूरी कर ली गई है। सुरक्षा चाक चौबंद रखने को लेकर प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है।

बिहार खादी समर कैम्प में प्रतिभागियों ने बनाया मंडला आर्ट

पटना (नि.सं.)। बिहार राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा आयोजित समर कैम्प का दूसरा सत्र मंगलवार से शुरू हो गया। इसमें छात्रों एवं अभिभावकों को मंडला पेंटिंग की प्रशिक्षण दी गई। यहां उन्हें मंडला पेंटिंग की जटिल कला सीखने का अवसर मिला। कलाकृति का यह पारंपरिक रूप, अपने विस्तृत ज्यामितीय पैटर्न व जीवंत रंगों के लिए जाना जाता है। इस रचनात्मक कला का प्रशिक्षण बिहार की युवा कलाकार व वास्तुकार समृद्धि कौशिक द्वारा दिया गया। दूसरे सत्र में प्रतिभागियों ने कई विचारात्मक और संवेदनाओं से परिपूर्ण चित्रकला बनाए।

पिछड़ा-अतिपिछड़ा समाज के शुभचिंतक हैं पीएम : निखिल

पटना(नि.सं.)। भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. निखिल आनंद ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत में पिछड़ा-अति पिछड़ा समाज के सबसे बड़े शुभचिंतक, हितैषी और पुरोधा हैं। मंगलवार को भाजपा मीडिया सेंटर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी ने कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देकर जहां देशभर के अतिपिछड़ों का सम्मान बढ़ाया वहीं राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा देकर बीपी मंडल की विरासत का सबसे बड़ा नेतृत्वकर्ता बनने का काम किया है। इस तरह सामाजिक न्याय के पुरोधा कर्पूरी ठाकुर और बीपी मंडल की विरासत का नेतृत्व आज की तारीख में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर रहे हैं।

भ्रष्टाचार और परिवारवाद कांग्रेस की विरासत : तारकिशोर प्रसाद

निज संवाददाता

पटना। पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने कहा है कि कांग्रेस की पांच पीढ़ियां इस देश पर शासन कर चुकी हैं परंतु कभी इन्हें रोजगार और गरीबों की चिंता नहीं हुई। केवल तुष्टीकरण के सहारे लोगों को जात-पात और धर्म के नाम पर गुमराह कर छद्म हितैषी बनने का स्वांग रचते रहे। अब जब उनकी राजनीतिक रूप से कलई खुल रही है, तो इनकी बेचैनी बढ़ रही है।

मंगलवार को जारी बयान में पूर्व उपमुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के शहजादे हवा-हवाई बातें कर रहे हैं। सेकेंडों में देश की गरीबी दूर करने की बात करते हैं। इनका वादा झूठ का पुलिंदा है। बिहार और देश की जनता अब कांग्रेस के झांसे में नहीं आने वाली है। उन्होंने कहा कि बिहार सहित कई राज्यों में भ्रष्टाचार और परिवारवाद में लिप्त क्षेत्रीय दलों के साथ कांग्रेस सबसे बड़ी सहयोगी पार्टी रही है। जातिवाद और मुस्लिम तुष्टीकरण की नीति इनके बड़े हथियार रहे हैं। बिहार और देश की जनता कांग्रेस और उनके सहयोगी पार्टियों के ढोंग को समझ चुकी है।

खेत (फसल) के लिए अग्नि सुरक्षा पर ध्यान देने योग्य बातें:-

1. फसल कटने तक बोरिंग पर पम्पिंग सेट तैयारी हालत में रखें।
2. अगर खेत में आग लग गई हो तो फैलने वाली दिशा में थोड़ी दूर पर फसल काट (फायर ब्रेक) दें।
3. फसल ढुलाई के लिए खेतों के बीचो–बीच से ट्रैक्टर, पिकअप, भॉन आदि वाहनों को लाने एवं ले जाने का प्रयोग न करें।
4. अगर खलिहान के पास तालाब या अन्य कोई जल स्रोत हो तो वहाँ से पाईप या पम्पिंग सेट तैयार रखें।
5. खेतों में बिजली के नंगे तार के नीचे हरा चारा उगायें एवं पकनी वाली फसलें न लगायें।
6. खेतों से गुजरने वाले बिजली के तार के किसी भी जोड़ को ढीला या खुला न छोड़े।
7. बाँस के खम्भे के द्वारा नंगे बिजली के तार खेतों में न रखें।
8. खेत के आस–पास बीड़ी–सिगरेट आदि न पीयें तथा न ही किसी को पीने दें।
9. खेत के आस–पास पूजा एवं हवन न करें और न ही करने दें।
10. कटनी के बाद खेत में छोड़े डंठलों में आग न लगायें, आग फैलता है, वातावरण दूषित करता है।
11. सूखे फसल के खेतों के इर्द–गिर्द अलाव, चूल्हे की राख न फेकें।
12. पकी फसल के खेतों के अगल–बगल पेड़ से गिरे पत्ते या झाड़ियों में आग न लगायें।
13. पकी फसलों के आस–पास खेतों में थ्रेशिंग का कार्य न करें।
14. किसी भी उत्सव के दौरान पकी फसल के आस–पास आतिशबाजी का प्रयोग न करें न ही करने दें।

आग लगने पर 101 डॉयल करें

PR No.- 000959 (Fire)D. 2024-25

बिहार सरकार
बिहार अग्निशमन सेवा
गृह (आरक्षी) विभाग
WE SERVE TO SAVE BIHAR FIRE SERVICE
बिहार सरकार
टेलीफैक्स – 0612–2222020. ईमेल – sfocumdirector.bihar01@gmail.com